वर्ष-07 - अंक 322
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
रविवार, 30 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं ........... 3
कानून सबके लिए बराबर है तो कार्रवाई में फर्क क्यों?........................... 4
सुभाष चंद्रा की व्यक्तिगत गारंटी मामले में एनसीएलटी के फैसले पर .................. 12

# ताशकंद पहुंचे पीएम मोदी

## राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने किया स्वागत





**ताशकंद(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद पहुंचे। एयरपोर्ट पर उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री की यात्रा को भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यात्रा के दौरान दोनों नेता प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ताशकंद पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ यांगी उज्बेकिस्तान पार्क पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मित्रता एवं सहयोग की भावना दिखाई दी। यांगी उज्बेकिस्तान पार्क उज्बेकिस्तान के प्रमुख सार्वजनिक पार्कों में शामिल है। इसका उद्घाटन 31 अगस्त 2021 को देश की स्वतंत्रता की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव की बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश, रक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, ऊर्जा, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क समेत कई क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की जाएगी। दोनों नेता अब तक हुई प्रगति पर चर्चा करने के साथ भविष्य में सहयोग को और व्यापक बनाने के लिए नई प्राथमिकताएं तय कर सकते हैं। भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की यात्रा को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। उज्बेकिस्तान रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने ताशकंद के कुछ युवा छात्रों का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। वीडियो में छात्र हिंदी में प्रधानमंत्री का स्वागत करते नजर आए। छात्रों ने भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पुराने सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री के ताशकंद पहुंचने को लेकर उत्साह जताया। एक छात्र ने हिंदी में प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि ताशकंद के विद्यार्थी उनके आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक अन्य छात्र ने कहा कि ताशकंद की धरती प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि उज्बेकिस्तान के युवा मित्रों ने जिस उत्साह के साथ उनका स्वागत किया, वह खास है। उन्होंने विशेष रूप से छात्रों द्वारा हिंदी में दिए गए संदेश की सराहना करते हुए इसे खुशी देने वाला बताया। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह उज्बेकिस्तान का चौथा दौरा है। इससे पहले प्रधानमंत्री वर्ष 2015 में उज्बेकिस्तान की यात्रा कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने 2016 और 2022 में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान का दौरा किया था।

## नेपाल बाढ़ में 669 मौतों की पुष्टि, 2426 लोग लापता



**काठमांडू(एजेंसी)।** नेपाल में आई भीषण बाढ़ और अचानक आई बाढ़ (फ्लैश फ्लड) से तबाही का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नेपाल सरकार के अनुसार, आपदा में अब तक 669 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 2426 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। प्रभावित इलाकों में सेना, पुलिस और राहत एजेंसियां लगातार खोज एवं बचाव अभियान चला रही हैं। मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका को देखते हुए अभियान को और तेज किया गया है। आपदा के बीच भारत ने नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए राहत और बचाव प्रयास बढ़ा दिए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को 120 भारतीय नागरिक चीन के रास्ते नेपाल पहुंच गए। वहीं, बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों का अब भी पता नहीं चल पाया है। भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए नेपाल और चीन के साथ समन्वय किया जा रहा है। नेपाल की भयावह स्थिति को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर नेपाल को हरसंभव मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की अपील की है। उन्होंने नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों के लिए राहत और बचाव अभियान तेज करने तथा उनकी जल्द सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने को प्राथमिकता देने की मांग की। खरगे ने कहा कि आपदा की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मानवीय प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। भारत को नेपाल की जनता के साथ मजबूती से खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के परिजन नेपाल में फंसे हैं, उनकी चिंता को भी समझना होगा और सरकार को बचाव अभियान में उपलब्ध सभी संसाधनों का इस्तेमाल करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों से अभी संपर्क नहीं हो पाया है। उन्होंने सरकार से प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाने के साथ-साथ भारतीय नागरिकों के लिए विशेष बचाव और निकासी अभियान चलाने का आग्रह किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर नेपाल में राहत एवं बचाव अभियान को और व्यापक बनाने की मांग की है। उन्होंने पूरी एनडीआरएफ टीम और भारी क्षमता वाले हेलिकॉप्टर भेजने का आग्रह किया।

## इंदौर में छात्रों से संवाद करेंगे राहुल गांधी

**इंदौर(एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जल्द ही मध्य प्रदेश के इंदौर पहुंचकर छात्र-युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से 'छात्रों की



गूंज' नाम से बड़े जनसंवाद कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों और युवाओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के लिए इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से नेहरू स्टेडियम उपलब्ध कराने की मांग की है। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने नगर निगम आयुक्त को पत्र भेजकर 8 से 12 सितंबर तक नेहरू स्टेडियम को आयोजन के लिए आरक्षित किए जाने की अनुमति मांगी है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत राहुल गांधी देश के अलग-अलग राज्यों में छात्रों और युवाओं से संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर में प्रस्तावित कार्यक्रम में भी युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## जस्टिस नागरत्ना की वकीलों को नसीहत, बार बदले सोच



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने देश की न्याय व्यवस्था में लंबित मुकदमों, सुनवाई में होने वाली देरी और बढ़ती कानूनी लागत को लेकर गंभीर चिंता जताई है। नई दिल्ली स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 13वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि अदालतों पर मुकदमों का भारी बोझ है और न्याय प्रक्रिया में देरी के साथ-साथ वकीलों की फीस भी आम लोगों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। ऐसे में कानूनी समुदाय यानी 'बार' को अपनी कार्यशैली और सोच पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि न्याय व्यवस्था को प्रभावी और आम जनता के लिए सुलभ बनाने में वकीलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने वकीलों से अपील की कि वे अपने पेशे को केवल आय का साधन न मानें, बल्कि इसे समाज और जनता की सेवा से जोड़कर देखें। जस्टिस नागरत्ना ने बार काउंसिल की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई बार काउंसिल अपने ही सदस्यों का सम्मान और विश्वास हासिल नहीं कर पा रही है तो यह पूरे कानूनी पेशे के लिए गंभीर संकेत है। बार काउंसिल को अपनी जिम्मेदारियों, गरिमा और नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वकील संविधान के मूल्यों के महत्वपूर्ण संरक्षक हैं। इसलिए उनके ऊपर केवल अपने मुवक्किल के हितों की पैरवी करने की ही नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की भी जिम्मेदारी है। यदि कानूनी पेशा अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटता है तो इसका व्यापक असर देश की लोकतांत्रिक और सामाजिक व्यवस्था पर पड़ सकता है। युवा वकीलों को संबोधित करते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि उन्हें अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि वकालत को सिर्फ पैसा कमाने का माध्यम बनाने के बजाय इसे समाज की सेवा का जरिया समझना चाहिए। उन्होंने चेताया कि यदि कानूनी पेशा आम जनता के हितों से दूर होता गया तो समाज में वकीलों के प्रति विश्वास और सम्मान प्रभावित हो सकता है। उन्होंने वकीलों को लोकतंत्र का 'सेफ्टी वाल्व' बताते हुए कहा कि उन्हें मिली पेशेवर स्वतंत्रता किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं है। यह स्वतंत्रता इसलिए है ताकि वकील सरकार, बाजार या किसी अन्य दबाव की परवाह किए बिना कानून और सत्य के पक्ष में मजबूती से खड़े हो सकें। तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल पर भी जस्टिस नागरत्ना ने युवा वकीलों को सावधान किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कानूनी क्षेत्र में उपयोगी साधन हो सकती है, लेकिन इसे मानवीय समझ और विवेक का विकल्प नहीं बनाया जा सकता।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर
पत्रांक - मेमो/ न. पा. परि. सि. नगर / 2026 -27

नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर द्वारा 15 अगस्त, 2026 स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर अपने नगर वासियों से निम्न अपील करती है-

अपील

1. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
3. नगर पालिका परिषद द्वारा लगवाये गये नीले डस्टविन में सूखा व हरे डस्टविन में गीला कूड़ा डालें।
4. घरों का एकत्र किया गया कूड़ा हरे व नीले डिस्टविन में एकत्र करके कर्मचारी के मांगने पर दें।
5. पॉलीथीन प्रतिबन्धित है इसका प्रयोग न करें।
6. सफाईकर्मी के सफाई कार्य करने के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न डाले जुर्माने से बचें।
7. घरों / दुकानों / व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर हरा व नीला डिस्टविन में एकत्र करें तथा सफाईकर्मी के आने पर कूड़ा उसे दें सड़क पर कूड़ा न डालें ।
8. अपने घरों के आस-पास अधिक से अधिक फलदार व छायादार वृक्ष लगायें।
9. मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु घरों के आस-पास पानी एकत्र न होने दें।
10. पालिका के करों की अदायगी समय से करें।

अजय कुमार सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सिद्धार्थनगर।

गोविन्द माधव
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सिद्धार्थनगर

शिवशरणप्पा जी.एन
जिलाधिकारी
सिद्धार्थनगर

कार्यालयः नगर पंचायत तरकुलवा, जनपद-देवरिया
पत्रांकः मेमो/न0पं0तरकुलवा/2026-27
दिनांकः 27 अगस्त 2026

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व
के अवसर पर नगरवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
एवं नगर पंचायत तरकुलवा
अपने नगरवासियों को निम्नलिखित संदेश देती है

आजादी का अमृत महोत्सव मनायें, अपने घर पर भी तिरगा लगायें
''न रहे गंदगी, न खुले में शौच, स्वच्छ होगा भारत, स्वस्थ होंगें सब लोग''




जापनिज इन्सेफ्लाईटिस/डेंगू, जल जनित एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नगर पंचायत तरकुलवा देवरिया के नागरिकों से अपील

कार्य करें
1- मच्छरों आदि से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें।
2- पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें।
3-कूड़ा करकट नियत स्थान पर रखें या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डालें।
4- ढके हुए/ताजे पानी का प्रयोग करें।
5- बुखार होने पर तत्काल डाक्टर से सम्पर्क करें जांच करायें।

क्या न करें
1- अपने घरों के अगल-बगल कूड़ा आदि न जमा होने दें।
2- नंगे शरीर न रहें न ही सोयें।
3- कूड़ा करकट इधर उधर न फेकें।
4- खुले बर्तन में रखे पानी का प्रयोग न करें।
5- बुखार को सामान्य न समझो, मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2026
''मेरा नगर साफ हो, इसमें हम सबका हाथ हो''
मिलकर स्वच्छ नगर स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग करें।
स्वच्छ स्वस्थ्य तरकुलवा

1- नगर के समस्त दुकानदार भाईयों, ठेला फेरी विक्रेता एवं सभी नगर पंचायत तरकुलवा में निवास कर रहे सम्मानित जनता से अनुरोध है कि नगर को स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत नगर कूड़े हेतु कूड़ादान एवं नगर पंचायत के कूड़ा गाड़ी का प्रयोग करें।
2- सभी प्रकार के प्लास्टिक, थर्माकोल के बैग, गिलास, प्लेट, थाली आदि प्रतिबन्धित कर दिये गये हैं इसका विक्रय व उपयोग वर्जित है।
3- किसी भी दशा में सड़क की पटरियों, नाला/नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें यह संज्ञेय अपराध है।
4- नगर पंचायत के डोर टू डोर कूड़ा संग्रह कार्यक्रम में पूरा सहयोग करें।
5- भारत सरकार के स्वच्छता अभियान अन्तर्गत स्वच्छ तरकुलवा, सुन्दर तरकुलवा बनाने में आप सभी का सहयोग प्रार्थनीय है।



श्री सूर्य प्रताप शाही
मा0 कृषि मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मधुसूदन हुल्गी
जिलाधिकारी, देवरिया

प्रेम नारायण सिंह
(प्र.) अपर जिलाधिकारी/प्रभारी
स्थानीय निकाय, देवरिया

हिमांशु प्रताप सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तरकुलवा

जर्नादन कुशवाहा
अध्यक्ष
नगर पंचायत तरकुलवा

सम्मानित सदस्यगणः
चनवा देवी वार्ड नं0-1, विजय बहादुर वार्ड नं0-02, लीलावती देवी वार्ड नं0-03, प्रदीप सिंह वार्ड नं0-04, विनोद गुप्ता वार्ड नं0-05, रफीक अंसारी वार्ड नं0-06, गायत्री देवी वार्ड नं0-07, वशिष्ठ दूबे वार्ड नं0-08, इबरार अहमद वार्ड नं0-9, राधेश्याम तिवारी वार्ड नं0-10, मनीषा देवी वार्ड नं0-11, शाहजहा खातून वार्ड नं0-12, सूरज कुमार गुप्ता वार्ड नं0-13, महेन्द्र यादव वार्ड नं0-14, विवेक कुशवाहा वार्ड नं0-15

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से 31 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम



**बस्ती।** बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बंतला गांव में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 31 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक घर के पास स्थित रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बंतला गांव निवासी शशांक शुक्ल उर्फ अमित कुमार शुक्ल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शशांक भीटिया चौराहे पर पैथोलॉजी का संचालन करते थे। शनिवार सुबह वह घर के निकट रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, इसी दौरान अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं। शशांक के पिता विनोद कुमार शुक्ल प्रतापगढ़ में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं, जबकि उनके बाबा देशराज नारंग इंटर कॉलेज, वाल्टरगंज से अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ओवरलोडिंग में सीज ट्रक थाने से चोरी, बरामदगी के 22 दिन बाद भी नहीं लिखा गया मुकदमा

**आगरा।** ओवरलोडिंग में आरटीओ की टीम द्वारा सीज किया गया ट्रक 22 दिन पहले एकता थाने से चोरी हो गया। लखनऊ एक्सप्रेस वे के टोल प्लाजा के फुटेज में ट्रक दिखने के बाद पुलिस ने पीछा करके उसको सिद्धार्थ नगर में बरामद कर लिया। पुलिस ने ट्रक मालिक और उसके बेटे को भी पकड़ा। मगर, एकता थाने लाकर उन्हें छोड़ दिया। अब तक इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। जबकि ट्रक मालिक ने आरटीओ कार्यालय में जुर्माना जमा करके उसे रिलीज भी करा लिया। राजस्थान में अलबर के रहने वाले कालूराम अपना ट्रक लेकर दो अगस्त का आगरा आए थे।

# एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस और हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं में टकराव

## कार्रवाई की मांग पर धरना, हिंदू संगठनों के कई कार्यकर्ता हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले की पुलिस निरंकुश हो चुकी है बिना रिश्वत लिए कोई मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है सरकार इस मामले पर नहीं ध्यान दे रही है जनता में मची हुई है फर्जी मुकदमे लिखा जा रहे हैं पुलिस कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को एसपी कार्यालय परिसर में धरना दे रहे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। हिरासत में लिए जाने के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक के साथ धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

बताया जा रहा है कि संगठन के कार्यकर्ता सीओ रुधौली समेत कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया और संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को समझाने और धरना समाप्त करने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते नोकझोंक व धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें कोतवाली ले जाया गया।

घटना के बाद एसपी कार्यालय परिसर में पुलिस बल की मौजूदगी बढ़ा दी गई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी मांगों को गंभीरता से सुना जाए और जिन पुलिसकर्मियों के खिलाफ उन्होंने शिकायत की है, उनके विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। पुलिस की ओर से हिरासत में लिए गए लोगों के संबंध में विधिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से सामने आने वाले तथ्यों और पुलिस जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**प्रशासन के लिए चुनौती:** घटना ने एक बार फिर पुलिस और संगठनों के बीच संवाद एवं समन्वय की आवश्यकता को सामने ला दिया है। ऐसे मामलों में कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए शिकायतों का निष्पक्ष समाधान और सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर देना महत्वपूर्ण है।

# शुकुल बाजार नहर की पटरी, व महावीरन से पोस्ट ऑफिस मार्ग गढ्ढों में तब्दील



» गढ्ढों में जल भराव व जर्जर मार्ग होने से हजारों राहगीरों श्रद्धालुओं एवं स्कूली बच्चों को होती है परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** शुकुल बाजार कस्बा से महावीरन होते हुए कुटी गांव सहित कई गांवों को जोड़ने वाली सड़क की पटरी पर बनी डामर रोड इस कदर गढ्ढों में तब्दील हो गई है कि लोगों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग लोगों एवं बच्चों को हो रही है यह मार्ग अमेठी के शुकुल बाजार कस्बा व बाराबंकी के कई गांवों को जोड़ती है राहगीरों ने शासन प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से लगभग 300 मीटर की इस जर्जर सड़क को सही कराए जाने की मांग की है। वही महावीरन मंदिर से कई विद्यालयों, पोस्ट ऑफिस, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, व अन्य कई सरकारी कार्यालयों को जोड़ने वाला मार्ग विगत कई वर्षों से जर्जर और गड्ढा में तब्दील है गढ्ढों में पानी भर जाता है जिससे बच्चों को आने-जाने में असुविधा होती है, भक्त जनों को आने-जाने में असुविधा होती है ,लोग गिरकर चोटिल होते हैं, इस सड़क के निर्माण के लिए भी क्षेत्रीय लोगों ने शासन प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से सही कराए जाने की मांग की है। दोनों ही मार्ग इतने जर्जर और गढ्ढों में तब्दील है की बरसात में पानी भर जाता है और लोग गिरकर चोटिल होते हैं, साइकिल, मोटरसाइकिल, कार कौन कहे पैदल चलना भी दुश्वार है।

# छावनी पुलिस ने पकड़ा 8 किलो गांजा, तीन गिरफ्तार; बरामद माल की कीमत 8.62 लाख रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में गाजा माफिया पर चला प्रशासन का डंडा अवैध गांजा सहित तीन अभियुक्तगिरफ्तार ताजा मामला छावनी थाना क्षेत्र मे अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छावनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतर-प्रांतीय गांजा तस्करी गिरोह के तीन कथित सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 8 लाख 62 हजार रुपये है पुलिस के अनुसार, 29 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर टीम ने कलानी खुर्द के पास कार्रवाई की। हर्रैया कस्बे से परशुरामपुर की ओर गांजा लेकर जा रहे तीन लोगों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सनी (20) निवासी महुघाट, थाना हरैया, सौरभ वर्मा (23) निवासी जगदीशपुर, थाना हरैया और सुरेश (30) निवासी अजगरा बांसगांव, थाना हरैया के रूप में हुई है। दो बाइक, तीन मोबाइल और नकदी भी बरामद पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 किलो गांजे के अलावा दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड और 240 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पैसों के लालच में गांजे को छिपाकर ले जा रहे थे। उनका दावा है कि गांजा उन्हें सुभाष और नीतेश साहू ने दिया था, जिसे बेचने के लिए वे जा रहे थे। पुलिस के अनुसार दोनों संदिग्ध उनके पीछे आ रहे थे, लेकिन पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए।

**सुरेश को पुलिस ने बताया गिरोह का सरगना** पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सुरेश अंतर-प्रांतीय गांजा तस्करी गिरोह का कथित सरगना है। पुलिस का दावा है कि उसे इससे पहले भी ओडिशा पुलिस गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मामले में छावनी थाने में मु0अ0सं0-179/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरार बताए जा रहे सुभाष और नीतेश साहू की तलाश भी पुलिस द्वारा की जा रही है।

**पुलिस टीम को मिली सफलता** कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक छावनी राणा देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में व0उ0नि0 सत्येंद्र सिंह, उपनिरीक्षक राधेश्याम त्रिपाठी, सभाजीत मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद चौहान समेत छावनी थाने की पुलिस टीम शामिल रही।

# पूर्व मंत्री राज किशोर सिंह के नेतृत्व में भव्य रक्षाबंधन कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महिलाओं के सम्मान में कभी भी नहीं होने देंगे कमी- पूर्व कैबिनेट मंत्री




**हरैया बस्ती।** विधानसभा हरैया में हर वर्ष की तरह इस बार भी पूर्व कैबिनेट मंत्री राज किशोर सिंह द्वारा भव्य रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं और पूर्व मंत्री को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत किया। रक्षाबंधन कार्यक्रम में महिलाओं का उत्साह देखते ही बना। बड़ी संख्या में पहुंची बहनों ने पूर्व मंत्री राज किशोर सिंह की कलाई पर राखी बांधी और उनके प्रति अपने स्नेह व विश्वास का इजहार किया। कार्यक्रम में शामिल कई महिलाओं ने बताया कि वे पिछले 25 वर्षों से लगातार राज किशोर सिंह को रक्षाबंधन पर राखी बांधती आ रही हैं। महिलाओं ने कहा कि 25 वर्षों से चला आ रहा यह रिश्ता उनके लिए केवल राजनीतिक जुड़ाव नहीं, बल्कि भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं का पूर्व मंत्री के प्रति प्रेम, विश्वास और श्रद्धा साफ तौर पर देखने को मिला। राखी बांधने पहुंचीं महिलाओं ने राज किशोर सिंह को अपना भाई बताते हुए लंबे समय से जुड़े अपने रिश्ते और अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राज किशोर सिंह ने कहा कि बहनें जिस भरोसे के साथ उन्हें अपना भाई मानती हैं, उस विश्वास पर खरा उतरना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा अपनी बहनों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहे हैं और आगे भी हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान भाई-बहन के स्नेह और आत्मीयता का माहौल देखने को मिला। महिलाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने कार्यक्रम को भव्य बना दिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री राज किशोर सिंह ने कहा कि हमने हमेशा महिलाओं का पूरा सम्मान किया है और महिलाओं के सम्मान में कभी कमी नही होने दूंगा और कहा कि हमने अपने कार्यकाल में महिला अस्पताल का निर्माण कराया था कि महिलाओं को इलाज सम्बंधी कोई भी समस्या न हो लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी हरैया में बने महिला अस्पताल में योग्य महिला डाक्टर की नियुक्ति नही हो पाई है और न ही सही तरीके से महिला अस्पताल का संचालन हो पा रहा है। जनता का आशीर्वाद मिला तो मैं महिला अस्पताल हरैया को लखनऊ जैसा अस्पताल बनाऊंगा।

# बारीघाट में दर्दनाक सड़क हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से महिला की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केलालगंज थाना क्षेत्र के बारीघाट में शनिवार को एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है।

**सड़क चौड़ीकरण न होने से बढ़ रहा हादसों का खतरा** स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बारीघाट की सड़क लंबे समय से संकरी है। सड़क चौड़ीकरण नहीं होने के कारण बड़े वाहनों के आवागमन के दौरान दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते हैं और कई बेकसूर लोगों को अपनी जान गंवनी पड़ रही है। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर बारीघाट के ग्राम प्रधान कई बार संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या से अवगत करा चुके हैं। ग्राम प्रधान ने अपने आधिकारिक लेटर पैड पर भी सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर शिकायत अधिकारियों को सौंपी थी।

**अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप** ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत और मांग उठाए जाने के बावजूद शासन और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ने सड़क की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क चौड़ीकरण की दिशा में कार्रवाई की गई होती तो शायद लगातार हो रहे हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और बारीघाट की सड़क का जल्द से जल्द चौड़ीकरण कराने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के चलते बारीघाट की यह सड़क अब हादसों के डेंजर जोन में बदलती जा रही है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि सड़क चौड़ीकरण और सुरक्षा के ठोस इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में भी गंभीर हादसों का सिलसिला जारी रह सकता है।फिलहाल पुलिस हादसे की जांच और आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

### इन्हौना पुलिस द्वारा 20 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा अभियुक्त इसरार पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम चौधराना मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्टेडियम में गूंजा खेलों का उत्साह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिला खेल कार्यालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित करने के साथ मेजर ध्यानचंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के खेलों में योगदान को याद करते हुए खिलाड़ियों से उनके अनुशासन, समर्पण और खेल भावना से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित अंडर-14 बालक वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में जिले की नौ टीमों और विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही जिला स्तरीय जूनियर बालक-बालिका वर्ग की ताइक्वांडो और जूडो प्रतियोगिताएं भी हुई। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर ने सिटी मॉन्टेसरी स्कूल बलरामपुर को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। जिलाधिकारी ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवाओं को पढ़ाई के साथ नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों को 'फिट इंडिया अभियान' की शपथ दिलाते हुए स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिलाधिकारी ने सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पावन पर्व

बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी, भाइयों ने उपहार देकर जीवनभर रक्षा का दिया वचन



**शुकुल बाजार, अमेठी।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पावन पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी कलाई पर प्रेम एवं विश्वास की डोर राखी बांधी। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर सदैव उनकी रक्षा और सुरक्षा करने का वचन दिया , सनातन धर्म में रक्षाबंधन का विशेष महत्व है कहते हैं सर्वप्रथम माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी तब से लेकर अब तक यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम त्याग और समर्पण का त्यौहार है जिसमें बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके लंबी उम्र की कामना करती हैं तथा भाई बहनों को यथासंभव उपहार देते हुए जीवन भर उनके रक्षा और सुरक्षा का वचन देते हैं। शुकुल बाजार क्षेत्र में राखी के पावन पर्व पर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

# बस्ते से छुट्टी, सीखने की नई राह: 'नो बैग डे' में खेल, कला और प्रकृति से जुड़ रहे नौनिहाल

## विद्यालयों में दिखा उत्साह, खेलकूद से टीम भावना तो पत्तियों से कलाकृतियां बनाकर बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शनिवार का दिन बच्चों के लिए कुछ अलग अंदाज में सीखने का अवसर लेकर आया। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार के निर्देशन में प्रत्येक शनिवार आयोजित किए जा रहे 'नो बैग डे' के तहत विद्यालयों में बच्चों को किताबी पढ़ाई से इतर खेलकूद, कला एवं क्राफ्ट, पर्यावरण संरक्षण तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। बस्ते से छुट्टी के इस दिन बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में प्रतिभाग किया और खेल-खेल में कई जीवनोपयोगी गुण सीखे। 'नो बैग डे' का उद्देश्य शिक्षा को केवल पाठ्य-पुस्तकों तक सीमित न रखकर बच्चों की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता, शारीरिक सक्रियता, टीम भावना, सहयोग की भावना और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना है। गतिविधि आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों को 'करके सीखने' का अवसर मिल रहा है।

**खेलकूद से सीखा अनुशासन और टीमवर्क** कंपोजिट विद्यालय आदर्श, नगर क्षेत्र बलरामपुर में नो बैग डे के अवसर पर विभिन्न खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक खेलों में हिस्सा लिया। खेल के दौरान बच्चों में अनुशासन, आपसी सहयोग, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। खेल गतिविधियों से विद्यालय का माहौल भी खुशनुमा नजर आया।

**इको क्लब ने बच्चों को सिखाई पौधों की देखभाल** प्राथमिक विद्यालय चवई बुजुर्ग में इको क्लब के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों की देखभाल और सिंचाई में सहभागिता की। शिक्षकों ने बच्चों को पौधों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की जरूरत के बारे में जानकारी दी। कम उम्र से ही प्रकृति की देखभाल से जोड़ने की इस पहल से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो रही है।

**पत्तियों से बनाई मोर और तितली की आकर्षक आकृतियां** नो बैग डे के तहत आयोजित कला एवं क्राफ्ट गतिविधि में बच्चों की रचनात्मकता भी देखने को मिली। छात्र-छात्राओं ने पेड़ों से गिरी पत्तियों का रचनात्मक इस्तेमाल करते हुए मोर और तितली की आकर्षक आकृतियां तैयार कीं। इस गतिविधि के जरिए बच्चों ने प्रकृति के करीब रहते हुए अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सामूहिक रूप से कलाकृतियां तैयार करने से उनमें सहयोग, धैर्य और मिलकर काम करने की भावना भी मजबूत हुई।

**किताबों से आगे अनुभव आधारित शिक्षा पर जोर** जनपद में नो बैग डे के माध्यम से विद्यालयों में ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, जहां बच्चे केवल पढ़ें ही नहीं, बल्कि खेलें, सृजन करें और अनुभव के माध्यम से सीखें। खेलकूद से शारीरिक एवं सामाजिक विकास, कला-कौशल से रचनात्मकता तथा इको क्लब की गतिविधियों से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित किया जा रहा है। नो बैग डे अब बच्चों के लिए महज बस्ते से छुट्टी का दिन नहीं रह गया है, बल्कि यह अपनी प्रतिभा पहचानने, प्रकृति से जुड़ने और आनंद के साथ सीखने का अवसर बनता जा रहा है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर अमेठी में हॉकी एवं भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, अमेठी में अंडर-14 बालक वर्ग हॉकी तथा जूनियर बालक-बालिका वर्ग भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अमेठी फूलचंद कश्यप, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अंतरराष्ट्रीय निर्णायक दीपक कुमार हलदर तथा उपक्रीड़ाधिकारी अरविंद सिंह कुशवाहा ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल प्रतिभा का परिचय दिया। हॉकी अंडर-14 बालक वर्ग में विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। फाइनल मैच में स्टेडियम ट्रेनिंग ने माइंड पब्लिक स्कूल को 3-2 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे पूर्व सेमीफाइनल मुकाबलों में माइंड पब्लिक स्कूल एवं स्टेडियम ट्रेनिंग ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में स्थान बनाया था। वहीं जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में 49 किलोग्राम भार वर्ग में ऋतु सिंह, 69 किलोग्राम में पूनम यादव तथा 69 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में तविष्का कलेनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग में 45 किलोग्राम भार वर्ग में अयान खान, 56 किलोग्राम में पवन कुमार तथा 56 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में शुभम भट्ट ने प्रथम स्थान हासिल किया। समापन समारोह में अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन खिलाड़ी कोमल खान एवं राष्ट्रीय पदक विजेता भारोत्तोलन खिलाड़ी प्रियंका ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उपक्रीड़ाधिकारी अरविंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को वेंटिलेटर पर पहुंचाया : अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाया है। शनिवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने 'समाजवादी ऑडिट वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य विभाग' नामक पुस्तिका जारी की। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग खुद इलाज का मोहताज हो गया है। अस्पतालों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है और इलाज में लापरवाही के कारण मरीजों की जान जा रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल करेगी। सपा की सरकार बनने पर गरीबों से अस्पतालों में किसी प्रकार का कार्ड नहीं मांगा जाएगा और उनका इलाज मुफ्त कराया जाएगा। अखिलेश यादव ने दावा किया कि



प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में करीब 41 प्रतिशत पद रिक्त हैं। डॉक्टरों के लगभग छह हजार और नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के करीब 24 हजार पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर एम्स में डॉक्टरों के 604 पद रिक्त हैं। रायबरेली एम्स में भी करीब 600 डॉक्टरों की कमी बताई गई है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और रायबरेली एम्स के लिए जमीन समाजवादी पार्टी की सरकार के समय उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन भाजपा सरकार इन संस्थानों को पर्याप्त संसाधनों के साथ संचालित नहीं कर पा रही है। अखिलेश ने दावा किया कि प्रदेश में करीब 16 हजार की आबादी पर एक डॉक्टर उपलब्ध है, जबकि मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान गंभीर लापरवाही की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कई जिलों में इलाज के दौरान मरीजों और जच्चा-बच्चा की मौत के मामले सामने आए हैं। उन्होंने लखनऊ, सहारनपुर और गोरखपुर समेत कई जिलों का उल्लेख करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी ओर से जारी पुस्तिका में वाराणसी, बस्ती, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा सहित विभिन्न मंडलों और जिलों के आंकड़े शामिल किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों और अन्य जरूरी सुविधाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में गरीबों के मुफ्त इलाज की व्यवस्था पर जोर दिया गया था। उन्होंने लखनऊ के लोहिया अस्पताल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां गरीब मरीजों के इलाज में किसी तरह की परेशानी नहीं होती थी। उन्होंने कैंसर के बढ़ते मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि कैंसर का इलाज बेहद महंगा है। सपा सरकार के कार्यकाल में लखनऊ में विश्वस्तरीय कैंसर संस्थान की स्थापना की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने संस्थान का नाम बदल दिया, लेकिन वहां मरीजों को अपेक्षित इलाज और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकारी अस्पतालों की संख्या घट रही है, जबकि निजी अस्पताल लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने सीतापुर, पीलीभीत, कौशाम्बी, बस्ती और अयोध्या समेत कई जिलों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को इलाज के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भटकना पड़ रहा है। सपा की सरकार बनने पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और गरीबों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जाएगी।

# एसआईईएफ को यूपी की आईटी नीति के तहत मान्यता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ की पहल SMS Incubation and Entrepreneurial Foundation (SIEF) को उत्तर प्रदेश सरकार की ढ्ढ्ञ Policy 2022 / Uttar Pradesh Startup Policy के अंतर्गत मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर के रूप में अनुमोदित कर StartinUP Portal पर सक्रिय किया गया है। SIEF को प्रदेश में हाल ही में अनुमोदित 12 अतिरिक्त इन्क्यूबेटरों में शामिल किया गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि Policy Implementation Unit (PIU) की 22 जून 2026 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय एवं अनुमोदन के पश्चात प्राप्त हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा SIEF की मान्यता के संबंध में जारी आधिकारिक सूचना में पुष्टि की गई है कि इन्क्यूबेटर को StartinUP Portal पर मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर के रूप में स्वीकृत एवं सक्रिय कर दिया गया है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित समारोह के दौरान प्रदेश में नवाचार एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में 24,000 से अधिक स्टार्टअप उत्तर प्रदेश की प्रगति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका




को रेखांकित किया गया। यह भी बताया कि प्रदेश में 12 नए इन्क्यूबेटरों स्वीकृत एवं मान्यता से उनका योगदान भी प्रदेश के विकास में सराहनीय होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि SIEF लखनऊ में स्ववित्तपोषित संस्थानों की श्रेणी में मान्यता प्राप्त करने वाला प्रथम चयनित इन्क्यूबेशन संस्थान है, जो स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मान्यता प्राप्त होने के साथ SIEF अब StartinUP Portal पर उपलब्ध संबंधित सुविधाओं का उपयोग करते हुए पात्र स्टार्टअप्स एवं उद्यमियों के लिए नीति के अंतर्गत उपलब्ध लाभ, प्रोत्साहन, सहायता एवं योजनाओं से संबंधित पात्र आवेदन एवं प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकेगा। यह मान्यता SIEF को उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप एवं नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा युवा उद्यमियों को संस्थागत सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर शरद सिंह, सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने कहा कि SIEF को मिली यह मान्यता SMS तथा SIEF की नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण प्रमाण है। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास विद्यार्थियों एवं युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने नवीन विचारों को व्यावहारिक रूप देने के लिए आवश्यक मंच और संसाधन उपलब्ध कराना है। प्रो. भरत राज सिंह, निदेशक, SIEF, ने कहा कि SIEF का उद्देश्य विद्यार्थियों, युवा उद्यमियों, शोधकर्ताओं और नवाचारकर्ताओं को एक ऐसा सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, जहाँ उनके नवीन विचारों को मेंटोरशिप, तकनीकी मार्गदर्शन, व्यवसायिक परामर्श, इन्क्यूबेशन, नेटवर्किंग और सरकारी योजनाओं से जोड़कर व्यवहारिक एवं सफल उद्यमों में परिवर्तित किया जा सके।

# भाजपा मंडल मंत्री के बंद मकान में लाखों की चोरी, जेवरात व नकदी पार

**.......रक्षाबंधन मनाने परिवार के साथ मौसी के घर गई थीं भाजपा नेत्री, डीसीपी व एसीपी ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के फुलवारिया मोड़ स्थित ज्योति नगर रोड पर भाजपा मोहनलालगंज मंडल की मंत्री विमलेश शर्मा के बंद मकान को बेखौफ चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और करीब 50 हजार रुपये नकद पार कर दिए। पीड़िता के अनुसार वह शुक्रवार को बेटे, बहू और मां के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने अपनी मौसी के घर गई थीं। इसी दौरान चोरों ने मुख्य गेट और कमरों के ताले तोड़कर घर में प्रवेश किया तथा अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर सोने का हार, झाले, चेन, तीन अंगूठियां, मांगटीका, मंगलसूत्र, लॉकेट समेत बेटे-बहू के अन्य सोने-चांदी के जेवरात और मां की पेंशन के रखे करीब 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। घर लौटने पर पड़ोसी के फोन



से चोरी की जानकारी मिली तो परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, वहीं डीसीपी दक्षिण मोहम्मद मुस्ताक और एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट की मदद से साक्ष्य जुटाए तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। एसीपी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द घटना के खुलासे व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# सात दिन बाद पंजाब में मिले आश्रयालय से लापता दो नाबालिग

**.......सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से पुलिस ने ट्रेस की लोकेशन, बुआ के घर से दोनों को सकुशल बरामद किया ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अतरौली स्थित डॉन बॉस्को आश्रयालय से बिना बताए निकले 14 और 13 वर्षीय दो नाबालिगों को पुलिस ने सात दिन के भीतर पंजाब से सकुशल बरामद कर लिया। दोनों किशोर 18 अगस्त की रात आश्रयालय से निकले थे और वापस नहीं लौटे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मैनुअल जांच के जरिए उनकी लोकेशन ट्रेस की और पंजाब पहुंचकर दोनों को उनकी बुआ के घर से सकुशल बरामद कर लिया। जानकारी के मुताबिक, अतरौली स्थित डॉन बॉस्को आश्रयालय के डायरेक्टर बिमल क्रेकेटा ने दोनों नाबालिगों के बिना बताए आश्रयालय से चले जाने और काफी समय तक वापस नहीं लौटने पर मोहनलालगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज




कर दोनों की तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह ने नाबालिगों की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित कीं। पुलिस टीमों ने आश्रयालय और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही दोनों के आने-जाने वाले संभावित रास्तों की जानकारी जुटाई। इसके अलावा तकनीकी साक्ष्यों और मैनुअल जांच के जरिए उनकी गतिविधियों का सुराग तलाशा गया। जांच के दौरान पुलिस को दोनों नाबालिगों के पंजाब के सासनगर क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। इसके बाद मोहनलालगंज पुलिस की टीम पंजाब के थाना सिटी खरार पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से दोनों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने सासनगर में बताए गए स्थान पर पहुंचकर छानबीन की तो दोनों नाबालिग अपनी बुआ के घर पर सकुशल मिल गए। पुलिस ने दोनों को अपनी अभिरक्षा में लेकर आवश्यक पूछताछ की। पूछताछ में दोनों नाबालिगों ने बताया कि उन्हें डॉन बॉस्को आश्रयालय में अच्छा नहीं लगता था। इसी कारण उन्होंने 18 अगस्त की रात मौका देखकर आश्रयालय से बाहर निकलने का फैसला किया और वहां से पंजाब में रहने वाली अपनी बुआ के घर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक, दोनों नाबालिगों को सकुशल बरामद कर लिया गया है और मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की तत्परता, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के चलते दोनों नाबालिगों को सात दिन के भीतर दूसरे राज्य से सकुशल बरामद किया जा सका।

# 11वें दिन भी डटे रहे किसान, एक सितंबर को वन विभाग कार्यालय घेरने का ऐलान

**........कुबहरा-कमलापुर बिचिलखा माइनर मार्ग के डामरीकरण के लिए एनओसी की मांग, विभिन्न संगठनों ने दिया समर्थन ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज विकास खंड के कुबहरा गांव स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र पर कच्चे मार्ग के डामरीकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना शनिवार को 11वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि वन विभाग ने जल्द अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी कर मार्ग निर्माण का रास्ता साफ नहीं किया तो एक सितंबर को मोहनलालगंज स्थित वन विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा। किसानों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से एनओसी जारी न किए जाने के कारण कुबहरा से कमलापुर-बिचिलखा माइनर तक कच्चे मार्ग के डामरीकरण का मामला लंबे समय से अटका हुआ है। धूप, बारिश और उमस भरी रातों में मच्छरों के आतंक के बावजूद किसान अपनी मांग को लेकर धरने पर डटे हुए हैं। धरने को समर्थन देने पहुंचे लोकजनशक्ति के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार




उर्फ रिंकू ने सैकड़ों समर्थकों के साथ किसानों के बीच मंच साझा किया। उन्होंने किसान एकता का परिचय देते हुए मार्ग निर्माण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया और धरने पर बैठे किसानों का उत्साह बढ़ाया। संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने धर्मेंद्र कुमार और उनके साथ आए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए आगामी एक सितंबर को वन विभाग कार्यालय के घेराव में सहयोग की अपील की। ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज है और संगठन आंदोलन में पूरी ताकत से सहयोग करेगा। प्रदेश महासचिव दिनेश यादव ने कहा कि प्रशासन यह भ्रम न पाले कि किसान संगठन अलग-अलग गुटों में बंटे हुए हैं। किसानों के हितों की बात आने पर सभी संगठन एक मंच पर खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि लोकजनशक्ति के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार द्वारा धरने को समर्थन दिया जाना इसका उदाहरण है। इस दौरान किसानों ने 'हम सब एक हैं' के नारे भी लगाए। धरने में प्रदेश महासचिव दिनेश यादव, जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, केशव राम लोधी, धरना प्रबंधक रामकुमार, प्रधान पति, जिला कोषाध्यक्ष राम प्रसाद फौजी, युवा ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र कुमार समेत सैकड़ों क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे। किसानों ने दोहराया कि जल्द एनओसी जारी नहीं होने पर एक सितंबर को वन विभाग कार्यालय मोहनलालगंज का घेराव किया जाएगा।

# फर्राटा पंखे में उतरे करंट से विवाहिता की मौत, पति समेत तीन पर दहेज हत्या का मुकदमा

**.......मायके पक्ष ने लगाया कम दहेज के लिए प्रताड़ित करने और करंट लगाकर हत्या करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के राजाखेड़ा मजरा मऊ गांव में फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से एक विवाहिता की मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर कम दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और करंट लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, ससुर और सास के खिलाफ दहेज हत्या समेत सुसंगत धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जनपद के असोहा थाना क्षेत्र के मदारीखेड़ा निवासी रामगुलाम की पुत्री गीता देवी की शादी राजाखेड़ा मजरा मऊ निवासी हरीलाल के पुत्र प्रमोद कुमार उर्फ लवकुश के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग गीता को कम दहेज




को लेकर प्रताड़ित करते थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 13 अगस्त की सुबह गीता घर में लगे फर्राटा पंखे के संपर्क में आ गई। पंखे में करंट उतरने से वह गंभीर रूप से झुलस गई और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, मायके पक्ष ने इसे हादसा मानने से इनकार करते हुए ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाए। मृतका के परिजनों ने मोहनलालगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गीता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और उसके साथ मारपीट की जाती थी। उन्होंने ससुराल पक्ष पर करंट लगाकर हत्या करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति प्रमोद कुमार उर्फ लवकुश, ससुर हरीलाल और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया विवाहिता की मौत फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से हुई, जबकि मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कच्ची दीवार गिरने से 5 वर्षीय बालक की मौत

बिसवां थाना रामपुर कला क्षेत्र के ग्राम लकवा बोझी में कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर पांच वर्षीय बालक आर्यन पुत्र सहज राम की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामपुर कला क्षेत्र के ग्राम खेतमनी निवासी सहज राम का पुत्र आर्यन रक्षाबंधन पर अपनी मां के साथ मामा के घर आया था। शनिवार को आर्यन घर के अंदर सो रहा था तभी अचानक कच्ची दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। परिजन उसे मलबे से निकालकर सीएचसी बिसवां ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर तहसीलदार अनिल कुमार राम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# आठ साल पुराने पॉक्सो मामले में आरोपी राजकुमार उर्फ राजा दोषमुक्त

**.......साक्ष्य के अभाव में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने दिया संदेह का लाभ, आरोपी करीब चार साल रह चुका है जेल में ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में वर्ष 2018 में दर्ज नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के आरोप से जुड़े मुकदमे में विशेष पॉक्सो न्यायालय, लखनऊ ने अभियुक्त राजकुमार उर्फ राजा को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। करीब आठ वर्ष पुराने इस मामले में आरोपी लगभग चार वर्ष जेल में भी रह चुका है। मामले के अनुसार, 20 जनवरी




2018 को निगोहां थाना क्षेत्र निवासी प्रेमचन्द्र ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि राजकुमार उर्फ राजा उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। मामले की विवेचना के दौरान निगोहां पुलिस ने किशोरी को बिहार से सकुशल बरामद किया था और आरोपी राजकुमार उर्फ राजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने विवेचना पूरी करने के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366 और 376 भादवि के साथ ही पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इसके बाद मामले का विचारण विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, लखनऊ की अदालत में चला। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लगाए गए आरोपों के समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य साबित नहीं हो सके। इस पर विशेष पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह यादव ने न्यायालय में पक्ष रखा। बताया गया कि बिहार निवासी राजकुमार उर्फ राजा मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। इस मुकदमे के सिलसिले में उसे करीब चार वर्ष जेल में बिताने पड़े। लंबे समय तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत से दोषमुक्त होने पर अब उसके सामने सामान्य जीवन की ओर लौटने का रास्ता खुल गया है।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा, हाथ में दांत से काटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भावाखेड़ा गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक महिला के साथ मारपीट करने और हाथ में दांत से काटकर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने दो नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, भावाखेड़ा गांव निवासी श्रीमती सीमा रावत पत्नी रामकुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते 25 अगस्त की शाम करीब पांच बजे वह अपने घर के दरवाजे पर मौजूद थीं। आरोप है कि इसी दौरान राजा पुत्र शिवकुमार, शिवा पुत्र




शिवकुमार और राजा की पत्नी वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। सीमा रावत के विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके दाहिने हाथ में दांत से काटकर घायल कर दिया गया। पीड़िता ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संपादकीय



## नेपाल त्रासदी: क्या केवल प्राकृतिक आपदा समझना उचित होगा?

नेपाल में हाल ही में घटी भयावह त्रासदी ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इसने एक बार फिर हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता और मानव विकास की दिशा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। बाढ़, भूस्खलन, हिमनदों (ग्लेशियर) के टूटने और अचानक आने वाले मलबे के सैलाब जैसी घटनाओं को 'प्राकृतिक आपदा' कहकर आगे बढ़ जाना आसान हो सकता है। लेकिन क्या इस त्रासदी से हुई जन-धन की अपार हानि को केवल प्राकृतिक आपदा मानना उचित है? शायद नहीं। यह घटना प्रकृति के बदलते स्वरूप को पहचानने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय असंतुलन और हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप के सम्मिलित प्रभावों की नए सिरे से विवेचना करने का अवसर देती है। हिमालय क्षेत्र भूगर्भीय रूप से अत्यधिक सक्रिय पर्वत प्रणालियों में से एक है। इसकी भौगोलिक संरचना स्वाभाविक रूप से इसे भूस्खलन, भूकंप, बाढ़ और हिमस्खलन जैसी घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाती है। इसके बावजूद सदियों से स्थानीय समुदाय प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर जीवन जीते आए हैं। समस्या तब अधिक गंभीर हो जाती है, जब प्राकृतिक संवेदनशीलता को दरकिनार कर अप्राकृतिक मानवीय गतिविधियों और अवसंरचनात्मक दबाव को प्राथमिकता दी जाने लगती है।?नेपाल की घटना को इसी व्यापक संदर्भ में देखने की आवश्यकता है। हिमनदों और हिमनदीय झीलों में हो रहे परिवर्तन, वैश्विक तापमान में वृद्धि, अत्यधिक मूसलाधार वर्षा और पहाड़ी ढलानों पर बिना योजना के बसती आबादी या अनियंत्रित पर्यटन जोखिम को कई गुना बढ़ा रहे हैं। किसी एक घटना को केवल जलवायु परिवर्तन का परिणाम घोषित करना वैज्ञानिक रूप से सही न हो, लेकिन बदलती जलवायु और हिमालयी पर्यावरण में आ रहे बदलावों को नजरअंदाज करना भी उतना ही अनुचित होगा। इस त्रासदी का सबसे चिंताजनक पहलू सूचना क्रांति के युग में भी ऐसी घटनाओं का बड़े पैमाने पर अप्रत्याशित रूप से जन- धन नुकसान पहुंचाना है। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि सामान्य बाढ़ की तुलना में ग्लेशियर फटने या हिमनदीय झील के टूटने से उत्पन्न मलबे का प्रवाह अत्यंत तीव्र और विनाशकारी होता है। पानी के साथ बर्फ, चट्टान, मिट्टी और मलबे का विशाल प्रवाह नीचे की ओर बढ़ता है तथा रास्ते में आने वाली बस्तियों, सड़कों और पुलों को ध्वस्त कर देता है। ऐसे में मात्र कुछ मिनटों या घंटों की अग्रिम पूर्व चेतावनी भी हजारों जान-माल की रक्षा कर सकती है। प्रश्न केवल यह नहीं है कि ऐसी विनाशकारी प्राकृतिक घटना कैसे घटी, बल्कि प्रश्न यह भी है कि हमने संवेदनशील स्थानों पर अनियोजित निर्माण की अनुमति क्यों और कैसे दी?,समय रहते सूचना क्यों नहीं प्राप्त की जा सकी?इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों, अस्पतालों, विद्यालयों, संचार व्यवस्था और बिजली का विकास आवश्यक है। लेकिन यदि यह विकास हिमालय की पारिस्थितिक वहन क्षमता को ध्यान में रखे बिना किया जाए, तो वही विकास आपदा का कारण बन जाता है। नदी के प्राकृतिक प्रवाह क्षेत्रों में अतिक्रमण, अस्थिर ढलानों पर अवैज्ञानिक सड़क निर्माण, बहुमंजिला होटलों एवं भवनों का निर्माण और बिना पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के बड़ी परियोजनाएं किसी भी प्राकृतिक घटना को मानवीय त्रासदी में बदल देती हैं।?इसलिए प्राकृतिक आपदा और मानवजनित आपदा के अंतर को समझना आवश्यक है। भूस्खलन एक प्राकृतिक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन यदि अनियोजित निर्माण के कारण लोग वहां जोखिम में आते हैं, तो उसके विनाशकारी प्रभाव में मानवीय निर्णयों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यह घटना भारत के लिए भी एक गंभीर चेतावनी है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्य भी इसी हिमालयी पारिस्थितिकी का हिस्सा हैं। केदारनाथ और चमोली जैसी त्रासदियों ने पहले ही यह साबित कर दिया है कि अत्यधिक वर्षा और मानवीय हस्तक्षेप का संयोजन कितना विनाशकारी हो सकता है। अतः नेपाल के प्रति केवल संवेदना व्यक्त करना या राहत सामग्री भेजना पर्याप्त नहीं होगा; हमें इस घटना से सीख लेकर अपने देश में भी बहुत कुछ करना होगा। आज आधुनिक विज्ञान, उपग्रह निगरानी, रिमोट सेंसिंग, ड्रोन, मौसम पूर्वानुमान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विश्लेषण के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी संभव है। इसके साथ ही, भारत और नेपाल के बीच सीमा-पार आपदा सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान समय की मांग है, क्योंकि नदियां और ग्लेशियर राजनीतिक सीमाओं को नहीं मानते। हमें यह समझना होगा कि पहाड़ों को मैदानों की तर्ज पर विकसित करने का जोखिम नहीं लिया जा सकता। पहाड़ों में विकास का अर्थ अनियंत्रित निर्माण नहीं, बल्कि न्यूनतम पर्यावरणीय क्षति के साथ अधिकतम मानवीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आपदा प्रबंधन केवल राहत सामग्री बांटने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह जोखिम की पूर्व पहचान, निर्माण पर नियंत्रण, स्थानीय समुदायों के प्रशिक्षण और वैज्ञानिक नियोजन से शुरू होता है। सरकारें प्रकृति को दोष देकर अपनी प्रशासनिक जवाबदेही से नहीं बच सकती। मनुष्य को प्रकृति पर विजय पाने का अहंकार छोड़कर उसके संकेतों को समझने और उसके अनुरूप विकास की नीति तय करने में ही बुद्धिमत्ता है।

**प्रो.(डा.) मनमोहन प्रकाश**

# कानून सबके लिए बराबर है तो कार्रवाई में फर्क क्यों?



राजीव शुक्ला -(संपादक)



लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यह विश्वास है कि देश में कानून सर्वोच्च है और कानून की नजर में हर नागरिक बराबर है। संविधान का मूल भाव भी यही है कि किसी व्यक्ति के साथ उसके पद, पैसे, प्रभाव, पहचान या राजनीतिक पहुंच के आधार पर अलग व्यवहार नहीं होना चाहिए। लेकिन जब आम आदमी अपने आसपास की व्यवस्था को देखता है तो उसके मन में एक असहज सवाल जरूर उठता है–अगर कानून सबके लिए बराबर है, तो कार्रवाई में फर्क क्यों दिखाई देता है? यह सवाल केवल किसी एक शहर, विभाग या सरकार का नहीं है। यह उस व्यवस्था से जुड़ा सवाल है, जिसमें कानून बनाने से लेकर उसे लागू करने तक की पूरी प्रक्रिया शामिल है। एक गरीब व्यक्ति सड़क किनारे कुछ सामान रख देता है तो अतिक्रमण हटाने का अभियान तुरंत पहुंच जाता है। उसका ठेला हट जाता है, सामान जब्त हो जाता है और कभी-कभी जुर्माना भी लग जाता है। दूसरी ओर, वर्षों से सार्वजनिक जमीन, फुटपाथ या नाले पर प्रभावशाली लोगों के कब्जे की शिकायतें होती रहती हैं, लेकिन कार्रवाई की गति अचानक धीमी पड़ जाती है। सवाल यह नहीं कि अतिक्रमण हटना चाहिए या नहीं। सवाल यह है कि क्या कानून की कसौटी सबके लिए समान है? यही स्थिति पुलिस और शिकायतों के स्तर पर भी दिखाई देती है। आम नागरिक थाने में शिकायत लेकर जाता है तो उससे कई बार सबूत, गवाह और दस्तावेजों की लंबी सूची मांगी जाती है। प्रभावशाली व्यक्ति की शिकायत पर व्यवस्था कितनी तेजी से सक्रिय होती है, यह अनुभव कई लोगों के मन में व्यवस्था के प्रति सवाल पैदा करता है। यदि शिकायत सही है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे शिकायतकर्ता गरीब हो या प्रभावशाली। और यदि शिकायत गलत है तो केवल दबाव या पहचान के आधार पर किसी निर्दोष को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। कानून का असली सम्मान तभी होगा जब उसका इस्तेमाल व्यक्ति देखकर नहीं, अपराध देखकर हो। हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती कानूनों की कमी नहीं, बल्कि उनके निष्पक्ष और समान अनुपालन की है। कानून की किताब में धाराएं सभी के लिए समान हो सकती हैं, लेकिन जमीन पर उनका इस्तेमाल समान है या नहीं–यही लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा है। अक्सर कार्रवाई की शुरुआत छोटे लोगों से होती है क्योंकि उन पर कार्रवाई करना आसान होता है। मजदूर, दुकानदार, ठेले वाला, गरीब परिवार या कमजोर व्यक्ति प्रशासन के सामने अपनी बात मजबूती से रखने की स्थिति में नहीं होता। लेकिन यही स्थिति व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा खतरा पैदा करती है। यदि कमजोर व्यक्ति को लगे कि कानून केवल उसी पर चलता है और ताकतवर व्यक्ति उससे बच सकता है, तो कानून के प्रति विश्वास कमजोर होने लगता है। न्याय व्यवस्था का आधार केवल सजा देना नहीं, बल्कि निष्पक्षता का भरोसा पैदा करना भी है। यह भी समझना होगा कि हर कार्रवाई को राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं है। प्रशासन को अतिक्रमण हटाना है तो हटाना चाहिए, अवैध निर्माण पर कार्रवाई करनी है तो करनी चाहिए, अपराध पर मुकदमा दर्ज करना है तो दर्ज करना चाहिए। लेकिन कार्रवाई की पारदर्शिता और समानता अनिवार्य होनी चाहिए। यदि एक ही प्रकार के मामलों में दो अलग-अलग मानदंड अपनाए जाएंगे तो सवाल उठेंगे ही। सरकारें बदलती रहती हैं, अधिकारी आते-जाते रहते हैं, लेकिन संस्थाएं स्थायी होती हैं। इसलिए किसी भी व्यवस्था की सफलता इस बात से तय नहीं होनी चाहिए कि उसने कितनी कार्रवाइयां कीं, बल्कि इससे तय होनी चाहिए कि उसकी कार्रवाई कितनी निष्पक्ष, पारदर्शी और कानूनसम्मत थी। आज जरूरत इस बात की है कि प्रशासन अपने हर बड़े अभियान के साथ यह भी स्पष्ट करे कि कार्रवाई का आधार क्या है। किस नियम के तहत कार्रवाई की गई? किन लोगों को नोटिस दिया गया? किन्हें समय दिया गया? कितनी शिकायतें मिलीं? कितनों पर कार्रवाई हुई? और क्या समान परिस्थितियों वाले अन्य मामलों में भी वही कार्रवाई की गई? ऐसी पारदर्शिता से केवल जनता के सवालों का जवाब नहीं मिलेगा, बल्कि ईमानदार अधिकारियों को भी राजनीतिक और बाहरी दबाव से बचाने में मदद मिलेगी। कानून का राज तब नहीं माना जाएगा जब केवल कानून की किताबें मौजूद हों। कानून का राज तब माना जाएगा जब एक साधारण नागरिक भी यह विश्वास कर सके कि उसके सामने खड़ा व्यक्ति कितना भी ताकतवर क्यों न हो, गलत करेगा तो कानून उसके दरवाजे तक पहुंचेगा। लोकतंत्र में सत्ता की असली ताकत विरोधियों को दबाने में नहीं, बल्कि अपने समर्थकों पर भी वही कानून लागू करने में होती है। प्रशासन की असली निष्पक्षता कमजोर पर कार्रवाई करने में नहीं, बल्कि ताकतवर के सामने भी नियमों को कायम रखने में दिखाई देती है। इसलिए आज सबसे जरूरी सवाल यही है–क्या हम ऐसा भारत बना रहे हैं जहां कानून व्यक्ति की पहचान नहीं, उसके कृत्य को देखता है? यदि जवाब हां है तो हर कार्रवाई में समानता दिखाई देनी चाहिए। और यदि कहीं कार्रवाई में फर्क दिखाई देता है तो व्यवस्था को रक्षात्मक होने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। क्योंकि जनता को केवल कार्रवाई नहीं चाहिए–उसे न्याय चाहिए। और न्याय वही है जिसमें कानून की नजर में न गरीब छोटा हो, न अमीर बड़ा; न आम नागरिक कमजोर हो, न प्रभावशाली व्यक्ति कानून से ऊपर। कानून का डर सबको हो और कानून पर भरोसा भी सबको हो–यही सुशासन की पहली पहचान है।

### कानून के राज की असली परीक्षा

**कानून की नजर में हर नागरिक समान होना चाहिए। कार्रवाई व्यति की पहचान, पद या प्रभाव देखकर नहीं, बल्कि उसके कृत्य और कानून के उल्लंघन के आधार पर होनी चाहिए। गरीब और कमजोर पर तुरंत कार्रवाई तथा प्रभावशाली लोगों के मामलों में देरी से जनता का कानून और व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होता है। अतिक्रमण, अवैध निर्माण या अपराध के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है, लेकिन समान परिस्थितियों में समान मानदंड अपनाना भी उतना ही जरूरी है। प्रशासन की निष्पक्षता तभी साबित होगी, जब कानून ताकतवर और कमजोर दोनों के लिए एक समान हो। जनता को केवल कार्रवाई नहीं, निष्पक्ष न्याय और व्यवस्था पर भरोसा चाहिए।**

# भविष्य की तबाही का नमूना भर है नेपाल की विनाशकारी आपदा

नेपाल में हाल ही में आई अचानक बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है, जिससे अब तक कई सौ लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग लापता हैं जान माल के नुकसान का यह आंकड़ा काफी अधिक हो सकता है । यह विनाशकारी आपदा नेपाल-चीन सीमा के पास रसुवा, नुवाकोट और धादिंग जैसे जिलों में मुख्य रूप से भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों के उफान पर आने के कारण हुई है। वैज्ञानिकों के अनुसार, उच्च हिमालयी क्षेत्र (लैंगटांग लिरुंग) में भारी मात्रा में बर्फ और चट्टानों के मलबे (एवलांच) के नदी में गिरने से एक अस्थायी बांध बन गया, जिसके अचानक फटने से यह प्रलयकारी बाढ़ आई है। नेपाल के रसुवा जिले जिले में आई विनाशकारी बाढ़ केवल एक स्थानीय प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र में बज रही खतरे की एक गंभीर घंटी है। साथ ही इस विनाशकारी बाढ़ ने एक बार फिर यह भी स्पष्ट कर दिया है कि हिमालयी क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं को केवल किसी एक देश की प्रशासनिक सीमा के भीतर समझना पर्याप्त नहीं है। नेपाल के बाड़ पूर्वानुमान अधिकारियों के प्रारंभिक संकेत बताते हैं कि रसुवा क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर हुई अत्यधिक वर्षा ही इस आपदा का एकमात्र कारण नहीं थी। तिब्बत की ओर हुई भारी वर्षा और वहां की पर्वतीय भू-आकृतिक गतिविधियों ने भी नदी के अचानक उफान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो सकती है। यदि विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन इस संभावना की पुष्टि करते करते हैं, हैं, तो तो यह घटना पूरे हिमालयी क्षेत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। हिमालय केवल पर्वतों की श्रृंखला नहीं, बल्कि एक साझा प्राकृतिक तंत्र है। यहां एक स्थान पर होनेमूना वाला भूस्खलन, हिमस्खलन, अत्यधिक वर्षा या किसी प्राकृतिक जलाशय का टूटना कुछ ही घंटों में दूसरे देश के लिए विनाशकारी बाड़ का कारण बन सकता है। इसलिए आपदा प्रबंधन की मौजूदा व्यवस्था को राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़ाकर क्षेत्रीय सहयोग की दिशा में विकसित करना समय की आवश्यकता है। हिमालय दुनिया के सबसे संवेदनशील पर्वतीय पारिस्थितिक तंत्रों में गिना जाता है। बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियर तेजी से पिमल रहे हैं, हिमपात का स्वरूप बदल रहा है, हिमनदीय झीलों का विस्तार हो रहा है और पर्वतीय ढलानों की स्थिरता प्रभावित हो रही है। इन परिवर्तनों के कारण ग्लेशियल लेक आउटवर्ट फ्लड यानी हिमनदीय झीलों के अचानक फटने, भूस्खलन और अचानक आने वाली बाढ़ का खतरा लगातार बढ़ रहा है। नेपाल की मौजूदा बाढ़ का अंतिम वैज्ञानिक कारण विस्तृत जांच के बाद ही सामने आएगा। इसलिए किसी एक कारण को जल्दबाजी में जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। लेकिन इस घटना को व्यापक जलवायु संकट से पूरी तरह अलग करके भी नहीं देखा जा सकता। हिमालयी क्षेत्र में हाल के वर्षों में अचानक बाढ़, भूस्खलन और हिमनदीय झीलों से जुड़ी कई घटनाएं सामने आई हैं। असली चुनौती आपदा से पहले खतरे को पहचानना और लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाना है। हिमालयी क्षेत्रों में सड़क, सुरंग, जलविद्युत परियोजनाएं, पर्यटन ढांचा और सीमा संपर्क आर्थिक विकास के लिए आवश्यक हैं। स्थानीय आबादी को रोजगार, बेहतर परिवहन और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इन परियोजनाओं का महत्व भी असंदिग्ध है। लेकिन हिमालय की भौगोलिक परिस्थितियां मैदानी क्षेत्रों से बिल्कुल अलग हैं। यहां विकास करते समय प्रकृति की सीमाओं और भूगर्भीय संवेदनशीलता को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। नदियों के प्राकृतिक मार्ग, बाढ़ के मैदान और अस्थिर ढलान निर्माण के लिए सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्र हैं। जब ऐसे इलाकों में अनियोजित तरीके से सड़कें, भवन या अन्य बड़ी संरचनाएं खड़ी होती हैं, तो सामान्य तो सामान्य प्राकृतिक घटना भी बड़ी आपदा का रूप ले सकती है। नेपाल की बाढ़ से जलविद्युत क्षेत्र को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है। प्रारंभिक रिपोटों के अनुसार करीब 430 मेगावाट बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। यह केवल ऊर्जा उत्पादन की समस्या नहीं है। यह बताता है कि जलविद्युत परियोजनाओं की योजना बनाते समय जलवायु परिवर्तन, भूकंपीय संवेदनशीलता, बाढ़ और भूस्खलन के संयुक्त जोखिम का आकलन कितना आवश्यक है। नेपाल और तिब्बत के बीच हिमालय कोई अभेद्य दीवार नहीं है। नदियां, बादल, हिमनद और भूस्खलन राजनीतिक सीमाओं को नहीं पहचानते। तिब्बत में होने वाली अत्यधिक वर्षा या किसी नदी का अस्थायी रूप से अवरुद्ध होना नेपाल में कुछ ही घंटों के भीतर गंभीर संकट पैदा कर सकता है। इसलिए नेपाल और चीन के बीच वास्तविक समय में वर्षा, नदी के जलस्तर और संभावित भूस्खलन से संबंधित जानकारी साझा करने की ठोस व्यवस्था होनी चाहिए। उपग्रह निगरानी, स्वचालित जलस्तर केंद्र, साझा वैज्ञानिक अध्ययन और तेज चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना आवश्यक है।

भारत के लिए भी यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है। हिमालय से निकलने वाली नदियों का प्रवाह अंततः बड़े क्षेत्र को प्रभावित करता है। ऊपरी इलाकों में अचानक बड़ा जलप्रवाह नीचे के क्षेत्रों तक असर डाल सकता है। इसलिए नेपाल, चीन और भारत के के बीच मौसम, नदी प्रवाह और आपदा संबंधी वैज्ञानिक सूचनाओं नाओं का आदान-प्रदान केवल कूटनीतिक सहयोग का विषय नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। अचानक बाढ़ आने पर पहली प्राथमिकता लोगों को जान बचाना होती है। सेना, पुलिस, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों की त्वरित भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहती है। लेकिन पानी उतर जाने के बाद राहत से भी बड़ी चुनौती सामने आती है बेघर परिवारों का पुनर्वास, टूटी सड़कों और पुलों का पुनर्निर्माण, बिजली-पानी की बहाली और स्थानीय अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करना। पुनर्निर्माण का अर्थ केवल टूटी संरचना को उसी स्थान पर उसी रूप में दोबारा खड़ा करना नहीं होना चाहिए। यदि कोई पुल या सड़क बार-बार याद बाढ़ की चपेट में आने वाले इलाके में उसी पुराने डिजाइन के साथ बनाई जाती है, तो अगली आपदा में नुकसान दोहराया जाना तय है। इसीलिए अब 'बिल्ड बैंक बेटर' की सोच अपनानी होगी अर्थात ऐसी अवसंरचना तैयार की जाए जो भविष्य के जलवायु और प्राकृतिक आपदा जोखिमों को ध्यान में रखकर अधिक सुरक्षित और टिकाऊ हो। नेपाल की यह बाड़ केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि हिमालय में तेजी से बदलती परिस्थितियों का संकेत है। एक ओर जलवायु परिवर्तन तापमान और वर्षा के पुराने स्वरूप को बदल रहा है, तो दूसरी ओर अनियोजित निर्माण, वनों पर दबाव और संवेदनशील ढलानों पर बढ़ता मानवीय हस्तक्षेप जोखिम को बढ़ा रहा है। है। समाधान प्रकृति से से संघर्ष में नहीं, बल्कि प्रकृति की सीमाओं को समझकर विकास की दिशा तय दिशा तय करने में है।

नदियों की उनका प्राकृतिक स्थान देना होगा, अस्थिर ढलानों पर निर्माण नियंत्रित करना होगा, हिमनदों और हिमनदीय झीलों की लगातार निगरानी करनी होगी और स्थानीय समुदायों को आपदा से पहले की तैयारी का प्रशिक्षण देना होगा। सबसे जरूरी बदलाव हमारी सोच में होना चाहिए। आपदा प्रबंधन का अर्थ मकेवल हादसे के बाद राहत, मुआवजा और पुनर्निर्माण नहीं है। आधुनिक आपदा प्रबंधन का वास्तविक उद्देश्य आपदा आने से पहले जोखिम पहचानना, समय पर चेतावनी देना और संभावित नुकसान को न्यूनतम करना है। हिमालय बार-बार चेतावनी दे रहा है। अब सवाल यह है कि क्या सरकारें, वैज्ञानिक संस्थान और समाज इस चेतावनी को समय रहते समझेंगे, या हर नई त्रासदी के के बाद वही राहत और पुनर्निर्माण का चक्र दोहराया जाता रहेगा।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# दैनिक राशिफल




**मेष:** कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं सामने आएंगी। निर्णय लेने में आत्मविश्वास बढ़ेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**वृषभ:** कामकाज में जल्दबाजी से बचें और सोच–समझकर निर्णय लें। बातचीत में संयम रखें। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण जरूरी है। स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

**मिथुन:** अपनी बुद्धिमत्ता से कठिन समस्याओं का समाधान निकालने में सफल रहेंगे। रिश्तों में मधुरता आएगी। रुका हुआ धन मिलने के योग हैं। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**कर्क:** कार्यस्थल पर विवादों और गुटबाजी से दूर रहें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। लेनदेन में सावधानी बरतें। पेट संबंधी परेशानी हो सकती है।

**सिंह:** नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता रहेगी। आय के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। संपत्ति से लाभ के योग हैं।

**कन्या:** योजनाओं को गोपनीय रखकर आगे बढ़ना लाभदायक रहेगा। प्रेम संबंधों में संवाद बनाए रखें। धन प्रबंधन पर ध्यान दें। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है।

**तुला:** रचनात्मक सोच से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। निवेश से जुड़े नए अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** प्राथमिकताएं तय कर योजनाबद्ध तरीके से काम करें। परिवार में शांति रहेगी। धन बचाने में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी जरूरी है।

**धनु:** नए विचार और संपर्क करियर में आगे बढ़ने में मदद करेंगे। प्रेम संबंध मधुर रहेंगे। धन लाभ के योग हैं। शारीरिक थकान से बचें।

**मकर:** दृढ़ निश्चय से लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। गले से संबंधित परेशानी हो सकती है।

**कुंभ:** कार्यक्षेत्र में आपकी अलग पहचान बनेगी। दांपत्य जीवन में समझ बढ़ेगी। धन लाभ के नए रास्ते खुल सकते हैं। तनाव से बचने के लिए पर्याप्त नींद लें।

**मीन:** काम का दबाव अधिक रह सकता है। अनुभवी लोगों की सलाह लाभदायक होगी। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं। पारिवारिक मामलों में धैर्य रखें और पर्याप्त आराम करें।

# कौशांबी में एग्री जंक्शन योजना: स्वरोजगार और कृषि, सशक्तिकरण की नई पहल

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षित युवाओं को स्थानीय स्तर पर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 'प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना' (एग्री जंक्शन - वन स्टॉप शॉप) का संचालन पूरे राज्य में प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। जनपद कौशांबी में इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक विकासखंड स्तर पर एग्री जंक्शन केंद्रों की स्थापना सुनिश्चित की जा रही है। यह पहल कृषि और संबद्ध विषयों के डिग्री व डिप्लोमाधारी युवाओं को उद्यमिता से जोड़ते हुए स्थानीय अन्नदाताओं को एक ही छत के नीचे खेती-किसानी से जुड़ी समस्त आधुनिक सुविधाएं, वैज्ञानिक परामर्श और गुणवत्तापूर्ण इनपुट्स उपलब्ध कराने की दिशा में एक युगांतरकारी कदम सिद्ध हो रही है। जनपद कौशांबी की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि और उद्यानिकी है, जहां गंगा और यमुना के दोआब क्षेत्र में धान, गेहूं, दलहन, तिलहन और अमरूद की बड़े पैमाने पर खेती की जाती है। इस समृद्ध भौगोलिक पृष्ठभूमि में किसानों को उत्तम बीज, संतुलित रासायनिक व जैविक खाद, कीटनाशक दवाएं और उन्नत कृषि यंत्र प्राप्त करने के लिए अक्सर दूर-दराज के बाजारों या निजी व्यापारियों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे न केवल उनके बहुमूल्य समय और धन का अपव्यय होता था, बल्कि गुणवत्ताहीन उत्पादों के कारण फसलों को नुकसान का जोखिम भी बना रहता था। जनपद के समस्त विकासखंडों-मंझनपुर, सिराथू, चायल, मूरतगंज, कड़ा, सरसवां, नेवादा और कौशांबी में एग्री जंक्शन केंद्रों की स्थापना से किसानों को उनके गांव के समीप ही सभी प्रामाणिक सामग्री सुलभ हो रही है। इस योजना के अंतर्गत कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को केंद्र संचालन के लिए पात्र माना गया है। इसके अतिरिक्त, उद्यानिकी, वानिकी, दुग्ध विज्ञान, पशुपालन, पशु चिकित्सा और मत्स्य पालन जैसे संबद्ध क्षेत्रों में डिग्री या अनुभव रखने वाले डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित है, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला अभ्यर्थियों को नियमानुसार 5 वर्ष की छूट अनुमन्य है। जिला प्रशासन की देखरेख में गठित चयन समिति द्वारा पारदर्शी रूप से अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है, जिसमें स्थानीय ब्लॉक के निवासी युवाओं को वरीयता दी जाती है। चयनित अभ्यर्थियों को कृषि व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन, ग्राहक सेवा, फसल सुरक्षा तथा आधुनिक कृषि तकनीकों पर आधारित 12 दिवसीय विशेष आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थियों को उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाओं के व्यावसायिक विक्रय हेतु अनिवार्य लाइसेंस बिना किसी विलंब के त्वरित प्रक्रिया से जारी किए जाते हैं। इससे युवाओं को सरकारी दफ्तरों के औपचारिक फेर से मुक्ति मिलती है और वे पारदर्शिता के साथ अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान का संचालन प्रारंभ कर पाते हैं। युवा उद्यमियों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा संस्थागत बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक की परियोजना लागत पर सुगम ऋण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस ऋण पर लगने वाले ब्याज को कम करने के लिए शासन द्वारा अधिकतम 60,000 रुपये तक का ब्याज उपादान (सब्सिडी) प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही, केंद्र स्थापना के प्रारंभिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से प्रतिष्ठान के किराए पर एक वर्ष की अवधि के लिए 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 1,000 रुपये प्रतिमाह का अनुदान भी दिया जा रहा है। इस बहुस्तरीय वित्तीय सहयोग से ग्रामीण युवाओं की प्रारंभिक पूंजी लागत काफी घट जाती है और वे सुदृढ़ आधार के साथ अपना उद्यम संचालित करते हैं। एग्री जंक्शन केंद्र केवल दुकानों तक सीमित न रहकर बहुआयामी सेवा केंद्रों के रूप में कार्य कर रहे हैं। इन केंद्रों पर अत्याधुनिक मृदा परीक्षण (सॉइल टेस्टिंग) प्रयोगशाला उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मिट्टी के नमूनों की वैज्ञानिक जांच के उपरांत संचालक किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संस्तुति देते हैं कि खेत में किस पोषक तत्व की कमी है। इससे किसान अंधाधुंध रासायनिक उर्वरक डालने के बजाय आवश्यक मात्रा में जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, जिंक, बोरॉन और वर्मी कंपोस्ट का संतुलित प्रयोग कर रहे हैं। इसके फलस्वरूप उत्पादन लागत में भारी गिरावट आ रही है और भूमि की उर्वरता भी लंबे समय के लिए सुरक्षित हो रही है। जनपद कौशांबी के अधिकांश किसान लघु एवं सीमांत श्रेणी में आते हैं, जिनके लिए आधुनिक, महंगे और स्वचालित कृषि यंत्रों को निजी तौर पर खरीदना आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं होता। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए एग्री जंक्शन केंद्रों पर 'कस्टम हायरिंग सेंटर' की सुविधा विकसित की गई है। इन केंद्रों से किसान नाममात्र के किराए पर ट्रैक्टर चालित रोटावेटर, रीपर, सीड-कम-फर्टिलाइजर ड्रिल, डिस्क हैरो, पावर टिलर और आधुनिक बैटरी स्प्रेयर प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही, इन केंद्रों पर कृषि उपकरणों की मरम्मत एवं तकनीकी अनुरक्षण की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे जुताई और कटाई के महत्वपूर्ण समय पर किसानों के कृषि कार्य बाधित नहीं होते। एग्री जंक्शन व्यवस्था कौशांबी के शिक्षित युवाओं को रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन करने के बजाय अपने ही क्षेत्र में 'जॉब सीकर' से 'जॉब क्रिएटर' बनने का मंच दे रही है। एक केंद्र के माध्यम से न केवल संचालक को रोजगार मिलता है, बल्कि उपकरण संचालन, ढुलाई, मरम्मत और फील्ड कार्य में अन्य स्थानीय युवाओं को भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होता है। कौशांबी जनपद में एग्री जंक्शन योजना का यह सुव्यवस्थित नेटवर्क कृषि क्षेत्र में एक व्यापक बदलाव ला रहा है। युवाओं की तकनीकी विशेषज्ञता और किसानों के पारंपरिक अनुभव के समन्वय से जनपद के गांवों में उत्पादकता, गुणवत्ता और लाभप्रदता का एक नया वातावरण निर्मित हुआ है। यह व्यवस्था जनपद कौशांबी को कृषि आत्मनिर्भरता और ग्रामीण समृद्धि के नए शिखर पर ले जाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है।

**सूचनाधिकारी जनपद कौशांबी/
डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0नि‍दे0)**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षाबंधन पर दिखा पुलिस का मानवीय व्यवहार



**रूद्रपुर, देवरिया।** यूं तो पुलिस अपने कड़क अंदाज के लिए मशहूर है। अपराधियों के खिलाफ उनका चाबुक और हंटर भी खूब चलता है किंतु कभी-कभी पुलिस का मानवीय चेहरा चर्चा का विषय बन जाता है। रक्षाबंधन के दिन रुद्रपुर कोतवाली प्रभारी कल्याण सिंह सागर ने अपने हमराहियों के साथ तारा सारा गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे पर जाकर कामगारों में मिठाइयां बांटी। वे दलबल के साथ ईंट भट्ठे पर पहुंचे। पहले तो पुलिस को देखते ही भट्ठे पर काम करने वाले कर्मचारी सकते में आ गए किंतु पुलिस ने जब उन्हें अपने पास बुलाया और मिठाइयां बांटने लगे तो उनके डर काफूर हो गया। पुलिस ने भट्ठे पर काम कर रहे ज्यादातर बिहारी मजदूर और उनके बच्चों को मिठाई खिलाकर समाज सेवा की मिसाल पेश की। जिसकी चर्चा हर और होती रही।

### पार्कों से स्कूलों तक पुलिस की निगरानी, बुजुर्गों से संवाद कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देश पर शनिवार को जिलेभर में 'गुड मॉर्निंग देवरिया' और एंटी रोमियो चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने सुबह पार्कों, स्टेडियम, प्रमुख मार्गों, विद्यालयों और धार्मिक स्थलों के आसपास गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिसकर्मियों ने मॉर्निंग वॉक करने वाले महिला-पुरुषों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। बुजुर्गों से भी आत्मीय बातचीत कर उन्हें हरसंभव सहायता और सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। सार्वजनिक व संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों को हिदायत दी गई।एंटी रोमियो टीमों ने विद्यालय और कोचिंग जाने वाली बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बालिकाओं को 1090 वूमेन पावर लाइन और 112 आपात सेवा समेत महत्वपूर्ण हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य चेकिंग के साथ पुलिस और आमजन के बीच संवाद मजबूत करना तथा महिलाओं, बालिकाओं और बुजुर्गों में सुरक्षा की भावना बढ़ाना है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### नगर पालिका बोर्ड बैठक की खबर में ये इंसेट है, साथ में सेंड नहीं कर पाया में




**कोंच (जालौन)**– शासन द्वारा सभासद नामित होने के बाद कोंच नगर पालिका की पहली बोर्ड बैठक में शामिल हुए नामित सभासद सुनील शर्मा, अरविंद निरंजन, महेंद्र सोनी, सुनील लोहिया और कृष्णा झा का विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ईओ मोनिका उमराव सहित पालिका स्टॉफ सदस्यों ने माल्यार्पण और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया।

# विकास की दौड़ में देवरिया नहीं रहेगा पीछे: आदित्यनाथ

## 305 करोड़ की 80 परियोजनाओं से बदलेगी देवरिया की तस्वीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के मझौलीराज में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सलेमपुर और भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्रों को करीब 305 करोड़ रुपये की 80 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र और सहायता राशि वितरित करने के साथ विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बाबा दीर्घेश्वर नाथ की धरती को नमन किया। उन्होंने कहा कि देवरिया अपनी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी विरासत के लिए विशिष्ट पहचान रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार विकास और जनकल्याण को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरिया में कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। सड़कों को डबल लेन, फोर लेन और सिक्स लेन में उच्चीकृत किया जा रहा है। उन्होंने देवरिया मेडिकल कॉलेज को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इसका नाम महर्षि देवराहा बाबा के नाम पर रखा गया है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कंपोजिट विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के उच्चीकरण और ऑपरेशन कायाकल्प का उल्लेख किया। युवाओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निशुल्क कोचिंग, रोजगार, सरकारी भर्ती तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, एमएसएमई और ओडीओपी के जरिए स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। धार्मिक स्थलों के विकास से पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सलेमपुर और भाटपाररानी की जनता को विकास परियोजनाओं के लिए बधाई देते हुए कहा कि विकास की प्रक्रिया में किसी क्षेत्र को पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, विधायक सभाकुंवर कुशवाहा, त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा सहित भाजपा पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे।

**मझौलीराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया लोकार्पण-शिलान्यास**

# जन्माष्टमी व डोल मेले की तैयारियों पर पालिका अध्यक्ष ने की बैठक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पडरौना।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं डोल मेले के आगामी आयोजन को लेकर नगर पालिका परिषद पडरौना कार्यालय में शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में विद्युत विभाग के एक्सईएन, एसडीओ और जेई सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। पालिका अध्यक्ष ने पर्व के दौरान नगर में होने वाले धार्मिक आयोजनों, जुलूसों और डोल मेले को देखते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रमुख मार्गों, मंदिरों, मेला स्थलों और जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर विद्युत पोल, तारों तथा स्ट्रीट लाइट की स्थिति दुरुस्त कराने को कहा। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आस्था और श्रद्धा का पर्व है। डोल मेले एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सुरक्षा, प्रकाश, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विनय जायसवाल ने विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा पर्व के दौरान 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत व्यवस्था में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में नगर पालिका परिषद एवं विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर्ष और उल्लास के साथ मना रक्षाबंधन का त्योहार- सड़कों पर रही भीड़



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** तहसील क्षेत्र में पारंपरिक रक्षाबंधन का त्योहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर सुरक्षा और सम्मान की गारंटी ली। दिन भर सड़क पर राहगीरों की भारी भीड़ लगी रही। चौराहे जाम रहे और पुलिस के जवान रास्ता खाली करते नजर आए। रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद के आवास पर रक्षाबंधन त्यौहार का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने उन्हें राखी बांधी और बदले में उपहार प्राप्त किया। शनिवार को सुबह से ही राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया। दिन के 10 बजे तक ही शुभ मुहूर्त होने के नाते लोगों ने जल्दी-जल्दी अपनी बहनों से राखी बंधवायी। बाजार में बिगत दो दिनों से काफी भीड़ देखी गई। मिठाई की दुकानों और राखी की सजी दुकानों पर ज्यादातर खरीदारी हुई। हालांकि चीनी का दाम बढ़ने के कारण मिठाइयां अपेक्षाकृत महंगी बिकीं बावजूद इसके लोगों ने जमकर खरीदारी की। त्यौहार होने के नाते सावन के अंतिम दिन बाबा दूधेश्वर नाथ मंदिर पर रोज के मुकाबले कम भीड़ देखी गई। हालांकि भीड़ की आशंका के मद्देनजर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। कई शिक्षण संस्थानों में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया और पुलिस के जवानों को राखियां बांधी गई।

### मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को बांटे पंपलेट, हेल्पलाइन की दी जानकारी

**देवरिया।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत शनिवार को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में टीमों ने सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं तथा छात्राओं से संवाद कर उन्हें महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण से जुड़ी जानकारी दी। थाना मदनपुर की टीम ने यूनियन बैंक कस्बा मदनपुर, रुद्रपुर की टीम ने नाथ बाबा मंदिर और कोतवाली की टीम ने अमर ज्योति चौराहा, जलकल रोड व न्यू कॉलोनी रोड के आसपास पंपलेट वितरित किए। महिलाओं और बालिकाओं को डायल-112, 181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एंबुलेंस-108 और साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी दी गई। पुलिस ने किसी भी समस्या अथवा असुरक्षा की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया।

# विदेश भेजने के नाम पर बेरोजगारों से 83 हजार की ठगी, सेंटर संचालक पर केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर:** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर देवरिया जिले के दो बेरोजगार युवकों से 83 हजार रुपये की जालसाजी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ स्थित एक ट्रेनिंग एवं टेस्ट सेंटर के संचालक ने केन्या भेजने के नाम पर दोनों युवकों से रुपये, रिज्यूम और पासपोर्ट ले लिए। काफी समय बीतने के बाद भी जब उन्हें विदेश नहीं भेजा गया तो पीड़ितों ने सेंटर संचालक से संपर्क किया, लेकिन वह लगातार टालमटोल करता रहा। बाद में सेंटर बंद मिला और संचालक का मोबाइल भी स्विच ऑफ बताने लगा। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी आनंद कुमार के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, देवरिया जिले के दुधौली निवासी अजीत कुमार पुत्र वीरेंद्र प्रसाद और बृजेश कुमार पासवान रोजगार की तलाश में थे। इसी दौरान उन्हें गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ स्थित आंख प्रशिक्षण सेवा संस्थान ट्रेनिंग एंड टेस्ट सेंटर की ओर से विदेश में रोजगार के लिए जारी विज्ञप्ति की जानकारी मिली। विज्ञप्ति में बेरोजगारों को विदेश भेजने की बात कही गई थी। दोनों युवक सेंटर पर पहुंचे, जहां संस्थान के संचालक ने उनका टेस्ट लिया। आरोप है कि टेस्ट में दोनों को पास बताया गया और उन्हें केन्या भेजने का भरोसा दिया गया। पीड़ितों के मुताबिक, सेंटर संचालक ने विदेश भेजने के लिए दोनों से रिज्यूम और पासपोर्ट भी जमा करा लिया। इसके बाद बताया गया कि पूरी प्रक्रिया में करीब 1.20 लाख रुपये खर्च होंगे। मेडिकल टेस्ट कराने के नाम पर 16 जून 2026 को तीन हजार रुपये तथा 24 जून को दोनों युवकों से 40-40 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से लिए गए। इस तरह दोनों से कुल 83 हजार रुपये ले लिए गए। रुपये लेने के बाद भी विदेश भेजने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। पीड़ितों ने जब संचालक से संपर्क कर जानकारी मांगी तो वह लगातार तारीख बढ़ाकर टालमटोल करता रहा। संदेह होने पर दोनों सेंटर पहुंचे तो कार्यालय बंद मिला। मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन नंबर स्विच ऑफ मिला। इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी आनंद कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच के साथ ही रुपये के लेनदेन और विदेश भेजने के नाम पर की गई पूरी प्रक्रिया की जानकारी जुटा रही है।

# खजनी में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, युवाओं की भीड़ ने भरी चुनावी हुंकार

## एआईसीसी पर्यवेक्षक श्याम कुमार दौलत बर्वे बोले- बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करना प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी/गोरखपुर।** खजनी क्षेत्र स्थित मां कोटही के प्रांगण में शनिवार को कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों को लेकर जोरदार हुंकार भरी। जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद एवं एआईसीसी पर्यवेक्षक श्याम कुमार दौलत बर्वे ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनता के बीच लगातार संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। मुख्य अतिथि श्याम कुमार दौलत बर्वे ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश और आम जनता के बीच रहकर संघर्ष करने का रहा है। आजादी के आंदोलन से लेकर देश के विकास तक पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संचार और मोबाइल क्रांति के विस्तार के साथ महिला उत्थान तथा सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी कांग्रेस ने काम किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं और कांग्रेस जनहित के सवालों को लेकर संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव और घर-घर पहुंचने का आह्वान किया। कहा कि मजबूत संगठन ही आगामी राजनीतिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकता है। प्रदेश सचिव सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जनता की समस्याओं को समझकर उनके बीच लगातार सक्रिय रहना होगा। जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस किसी पहचान की मोहताज नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जनता मौजूदा सरकार से ऊब चुकी है और बदलाव की उम्मीद कर रही है। खजनी में जुटी युवाओं की भीड़ को उन्होंने कांग्रेस के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत बताया। क्षेत्रीय समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान सच्चिदानंद पांडेय ने भी प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार के कई वादे धरातल पर पूरे नहीं हुए हैं। कार्यक्रम में रविंद्र मौर्य, रणविजय मौर्य, कोदई त्रिपाठी, हौसिला पांडेय, सुनीता मौर्य, बिगही मंडल अध्यक्ष पक्का दुबे, खजनी मंडल अध्यक्ष दिलीप शुक्ला समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला 17 वर्षीय किशोर का शव, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल सखनी मखानपुर गांव में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 17 वर्षीय किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला। शव मिलने की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई, मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मृतक की पहचान किशन निषाद पुत्र राम प्रसाद, उम्र करीब 17 वर्ष, निवासी जंगल सखनी मखानपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किशोर का शव गांव के आसपास पेड़ पर लटकता हुआ दिखाई दिया। शव मिलने की खबर फैलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**सूचना मिलते ही गुलरिहा थाना** भारी (SHO) पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। डुमरी चौकी की पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आसपास मौजूद लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की। किशोर की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। पेड़ से शव लटकता मिलने के कारण प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो सकता है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के पीछे कोई अन्य कारण है या किशोर ने खुदकुशी की है, यह जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा साक्ष्य जुटाने के साथ ही मृतक के परिजनों से भी जानकारी ली जा रही है। किशोर की मौत से गांव में भी शोक का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर ग्रामीणों में भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं, हालांकि पुलिस की जांच पूरी होने तक मौत के कारणों को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

### चोरी के माल के साथ वांछित आरोपित गिरफ्तार, सोने का टुकड़ा और नकदी बरामद

**देवरिया।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपित किशन चौहान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने का 8.220 ग्राम का टुकड़ा और 5,230 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपित को शनिवार को रेलवे स्टेशन के मालगोदाम के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपित छोटकी कैथवलिया, थाना एम्स, गोरखपुर का निवासी है और वर्तमान में देवरिया के मेहड़ापूरवा स्थित कांशीराम आवास के पास रहता है। उसके विरुद्ध कोतवाली थाने में चोरी से संबंधित मुकदमा दर्ज है। इसी मामले में पुलिस पहले चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक किशन चौहान के विरुद्ध कोतवाली थाने में आर्मस एक्ट समेत चोरी और अन्य धाराओं में वर्ष 2025 में छह मुकदमे दर्ज हैं। बरामद सामान को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय, उप निरीक्षक रविंद्र नाथ चौबे, चंद्रशेखर, कांस्टेबल प्रमोद यादव और रिजर्व कांस्टेबल अमित शामिल रहे।

# बाउंड्री वॉल के अभाव में असुरक्षित हुआ पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय उनवल प्रथम

## विद्यालय परिसर में शराबियों का अड्डा, प्रधानाध्यापक ने विधायक-सांसद से लगाई गुहार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** क्षेत्र के सबसे पुराने विद्यालयों में शामिल पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय उनवल प्रथम इन दिनों बाउंड्री वॉल के अभाव में असुरक्षा से जूझ रहा है। विद्यालय के चारों तरफ दीवार और मुख्य गेट न होने के कारण शाम होते ही परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने की शिकायत है। विद्यालय के आसपास शराब के ठेके होने के कारण शराब की बोतलें अक्सर परिसर और बरामदों में पड़ी मिलती हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार बाउंड्री न होने का फायदा उठाकर अराजक तत्व परिसर में घुस जाते हैं। कई बार पेयजल की टोंटियां तोड़ दी गई, पौधरोपण के पौधे उखाड़ दिए गए तथा दीवारों पर गाली-गलौज और अश्लील बातें लिख दी जाती हैं। आरोप है कि शासन की ओर से लगाया गया लोहे का रैंप भी काटकर अराजक तत्व ले गए और परिसर में शराब पीने का मामला सामने आया है।

बताया जाता है कि वर्ष 1948 में राजा उनवल द्वारा संस्कृत विद्यालय के लिए भवन का निर्माण कराया गया था। बाद में सरकार ने भवन अधिग्रहित कर यहां जूनियर हाईस्कूल तक की शिक्षा शुरू कराई। जिला परिषद के समय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता था। कभी यहां 600 से 800 विद्यार्थी और करीब 50 शिक्षक हुआ करते थे। वर्तमान में विद्यालय की स्थिति चिंताजनक है। प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश पांडेय ने सहजनवां विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल और सांसद रवि किशन शुक्ल से विद्यालय की सुरक्षा के लिए चारों तरफ बाउंड्री वॉल और गेट बनवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि विभाग को कई बार पत्राचार के माध्यम से समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर एसबीआई एसीई एकेडमी का चयन ट्रायल

## 10 राज्यों के 100 से अधिक तीरंदाजों ने लिया हिस्सा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुद्रपुर, देवरिया।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एसबीआई एसीई एकेडमी में प्रवेश के लिए संजीवा सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट ट्रस्ट में चयन ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल में देश के 10 राज्यों के 100 से अधिक प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने प्रतिभाग किया। चयन का उद्देश्य कम उम्र में प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देकर भविष्य के अंतरराष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करना है। ट्रायल में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, केरल, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और बिहार से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एकेडमी का लक्ष्य चयनित खिलाड़ियों को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 तथा ओलंपिक खेलों 2032 और 2036 के लिए तैयार करना है। आयोजकों के अनुसार यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को अवसर देने और खेलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अंडर-10 से अंडर-17 आयु वर्ग तक प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। संजीवा सिंह ने कहा कि लक्ष्य गांव-गांव तक खेलों को पहुंचाना, कम उम्र में प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें विश्वस्तरीय प्रशिक्षण व सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ग्रामीण भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है। यदि उन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो वे देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने का सपना साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर निदेशक एवं कोच संजीव कुमार सिंह, श्रीनेत ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. मधु सिंह, कोच सिकंदर, अंजलि, नीतू, अनिल सिंह, पवन, आर्य प्रताप सिंह सहित जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ी, अभिभावक और सपोर्ट स्टाफ मौजूद रहे। चाहें तो इसे दैनिक जागरण की और ज्यादा धारदार स्थानीय खबर के अंदाज में 250-300 शब्दों में भी तैयार किया जा सकता है।

# मामा के घर से 17 वर्षीय किशोरी लापता, 11 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

## मां ने दो युवकों पर बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप, अनहोनी की आशंका से परिवार चिंतित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवां/गोरखपुर**– सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के लापता हुए 11 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का पता नहीं चलने पर परेशान मां ने पुलिस से गुहार लगाई है। महिला ने दो युवकों पर किशोरी को बहला-फुसलाकर बाइक से अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने किशोरी के साथ किसी अनहोनी की आशंका भी जताई है। जानकारी के अनुसार, बांसगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सहजनवां पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 16 अगस्त को सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित अपने मामा के घर गई थी। इसके बाद वह वहीं रह रही थी। इसी दौरान 21 अगस्त को दोपहर करीब तीन बजे गांव के दो युवक मोटरसाइकिल से उसके मामा के घर पहुंचे। आरोप है कि उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। दोनों युवक कथित तौर पर किशोरी को बहला-फुसलाकर बाइक पर बैठाकर अपने साथ लेकर चले गए।

कुछ समय बाद जब परिजन घर पहुंचे तो किशोरी के वहां नहीं होने की जानकारी हुई। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। आसपास के लोगों और परिचितों से पूछताछ के दौरान परिजनों को पता चला कि दो युवक मोटरसाइकिल से आए थे और किशोरी को अपने साथ लेकर गए हैं। इसके बाद परिजनों ने संभावित ठिकानों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। लगातार तलाश के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिलने पर किशोरी की मां ने 27 अगस्त को सहजनवां थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और बेटी को सकुशल बरामद कराने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर विमलेश मिश्र और मुकेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब किशोरी की तलाश के साथ ही नामजद आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। घटना के बाद से परिवार में चिंता का माहौल है। परिजनों ने पुलिस से किशोरी को जल्द से जल्द सकुशल बरामद करने और मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया



**बरेली/** रक्षाबंधन का पर व बड़े हर्षो उल्लास एवं सौहार्द पूर्वक मनाया गया इस मौके पर बहनों ने भाइयों के घर जाकर उनकी कलाई पर राखी बांधकर मिष्ठान खिलाकर उनकी लंबी आयु की कामना की किसी मौके पर भाइयों ने भी अपनी बहनों को दक्षिण अधिकार उनकी पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी का वचन बहनों को दिया। इस अवसर पर एकल विद्यालय मंच की तरफ से क्यों लड़िया थाने में पहुंचकर महिलाओं ने पुलिस को राखियां बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया इस अवसर पर रक्षाबंधन के पर्व को जाति बंधन से दूर हटकर मनाया गया जिसमें यहां के प्रभारी वेद सिंह को राखियां बांधकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । यहीं पर उप निरीक्षक सौरभ कुमार सिंह मुकेश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस बल भी उपस्थित था इधर क्षेत्र में भी पूरे दिन रक्षाबंधन की धूम सड़कों पर दिखाई दी गई उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस जगह-जगह पर ड्यूटी करती रही जिसके तहत किसी भी भाई-बहन को रक्षाबंधन के पर्व पर कोई भी असुविधा नहीं हुई और शांति के साथ रक्षाबंधन का पर्व संपन्न हुआ।

### रसोईया ने शिक्षक पर लगाया उत्पीड़न का आरोप पुलिस को नाम जद तहरीर दी



**बरेली/भदपुरा-** विकासखंड के क्यों लड़िया के जूनियर स्कूल में कार्यरत भोजन बनाने हेतु रसोईया के साथ वहां पर कार्यरत शिक्षक द्वारा के विरूध यहां की रसोइया राजरानी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उसके साथ दलित होने के कारण उसका अनावश्यक उत्पीड़न किया जा रहा है। फील्ड में झाडू लगवाई जाती है विरोध करने पर उसे हटवाने की चेतावनी दी जाती है जिससे वह आहत होकर पुलिस को नामजद तहरीर दी है पीड़िता के अनुसार पुलिस उसकी मदद नहीं कर रही है वह अपनी फरियाद लेकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंची परंतु यहां पर कोई उपस्थित न होने मायूस हो कर लौट गई। यहां के प्रभारी निरीक्षक ने बताया यह मामला शिक्षा विभाग से जुड़ा है उनके अधिकारियों की जांच के बाद तहरीर पर कार्यवाही की जाएगी इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी भदपुरा विजय कुमार से संपर्क किया गया तो बताया मामला संज्ञान में नहीं है जांच करने के बाद सही पाया गया तो कार्यवाही की संस्कृति की जाएगी।

### राखी बांधकर लौट रही पति के साथ महिला को थार ने मारी टक्कर दोनों भाई जिला अस्पताल में भर्ती

**बरेली/** थाना क्षेत्र क्यों लड़िया के गांव नौगमा भगवंतपुर से राखीबांधकर थाना भुता के गांव डबरा डबरी को वापस अपने पति के साथ पत्नी सावित्री देवी के साथ घर जा रहा था रास्ते में क्यों लड़िया जवेदा के बीच पेट्रोल पंप के करीब बाइक से जा रहा था। सामने से आ रही थार ने टकर मार दी जिससे बोधपाल गंभीर रूप से घायल हो गया पत्नी को भी छोटे आई दोनों को क्यों लड़िया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया अभी अभी तहरीर नहीं आई है तहरीर मिलते ही कार्यवाही की जाएगी।



# ठेकेदारी के कथित सिंडिकेट से सवालों के घेरे में कानपुर नगर निगम

## 100 करोड़ से अधिक के टेंडर निरस्त, सात फर्में ब्लैकलिस्ट और छह मुकदमे दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यहां का नगर निगम भ्रष्टाचार का पर्याय बना हुआ है। जिसकी वजह है ठेकेदारों के माध्यम से नेताओं और अधिकारियों की कमाई का लालचद्य यह खेल करोड़ों रुपये के टेंडरों के माध्यम से चल रहा था, लेकिन रंग में भंग तब हो गया जब इस खेल की जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हो गई अधिकारियों के पेंच कस दिए। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद नगर निगम की ठेकेदारी व्यवस्था की परतें खुलने लगी हैं। जहां तक अब तक की गई कार्रवाई का सवाल है शुरुआती जांच में करीब 100 करोड़ रुपये से अधिक के टेंडर निरस्त किए जा चुके हैं। सात फर्मों को ब्लैकलिस्ट किया गया है और छह मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। दो ठेकेदार गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि पूरे सिंडिकेट का कथित सरगना गोविंद




शर्मा फरार है। जांच में टेंडर हासिल करने के तरीके को लेकर भी चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। पुलिस के मुताबिक, ठेकेदारों का एक सिंडिकेट सक्रिय था । आरोप है कि इसी सिंडिकेट के जरिए तय किया जाता था कि किस काम का टेंडर कौन डालेगा और किस फर्म को काम मिलेगा. कई मामलों में करीब 15 फीसदी कम रेट पर टेंडर डलवाने और फिर तय फर्म को काम दिलाने का खेल होने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, कुछ ठेकेदारों पर दबाव बनाया जाता था और दूसरे लोगों को टेंडर प्रक्रिया से दूर रखने की कोशिश होती थी. जांच में लकी ड्रॉ के नाम पर टेंडर मैनेज किए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि इन आरोपों की पूरी सच्चाई एसआईटी की जांच के बाद ही साफ होगी। मामला सामने आने के बाद नगर निगम ने करीब 100 करोड़ रुपये के टेंडर निरस्त कर दिए हैं. विकास कार्यों से जुड़े भुगतान पर भी रोक लगाई गई है। नई फर्मों के पंजीकरण की प्रक्रिया पर भी रोक लगा दी गई है। इस दौरान पुलिस ने दिलीप बाजपेई, अजय इंटरप्राइजेज, पारसनाथ बिल्डर्स, कैला इंटरप्राइजेज, तिरुपति ट्रेडर्स और जगदंबा इंटरप्राइजेज समेत फर्मों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हैं. जगदंबा इंटरप्राइजेज के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। एसआईटी अब सिर्फ ठेकेदारों तक सीमित नहीं है. नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी जांची जा रही है। टीम ने टेंडर, भुगतान, फर्म पंजीकरण और विकास कार्यों से जुड़ी फाइलें मांगी हैं। नगर निगम में अधिकारियों से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश की जा रही है कि अगर टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी हो रही थी तो जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई। इस सवाल के जवाब में अधिकारियों की भी मिली भगत मानी जा रही है।

# पहूंज नदी में नहाने उतरे युवक का 36 घंटे बाद भी सुराग नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम सलैया बुजुर्ग के नजदीक से निकली पहूंज नदी में गुरुवार की शाम नहाने उतरा गांव का 28 वर्षीय युवक हरीशंकर कौरव उर्फ हरी पुत्र पहलवान सिंह का तमाम प्रयासों के बाद 36 घंटे बीत जाने पर भी पता नहीं चल सका है। शुक्रवार को एनडीआरएफ टीम द्वारा पूरे दिन नदी में युवक की तलाश की गई थी। वहीं शनिवार को 37 बटालियन पीएसी की फ्लड टीम के 8 सदस्यों सहित कैलिया थानाध्यक्ष अवनीश पटेल ने स्टीमर की मदद से पूरे दिन नदी में युवक की तलाश की लेकिन फिलहाल सफलता हांथ नहीं लग सकी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल से लेकर नदीगांव की ओर नदी के पानी के तेज बहाव में करीब 12 किमी की दूरी तय कर युवक की तलाश शनिवार को की गई लेकिन फिलहाल युवक नहीं मिल सका है। गौरतलब हो कि ग्राम सलैया बुजुर्ग निवासी हरीशंकर कौरव गुरुवार की शाम करीब 6 बजे नहाने के लिए पहूंज नदी के पुल के पास जा पहुंचा था। उस समय मौके पर ही मौजूद गांव की कविता ढीमर और राघवेंद्र कौरव ने पुलिस को दी सूचना में बताया था कि उन्होंने हरीशंकर को नदी में उतरने से रोकने के लिए काफी शोर मचाया लेकिन वह नहीं माना और गुस्सा करता हुआ नहाने के लिए नदी के अंदर चला गया। चंद समय के बाद ही वह पानी में डूब गया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अवनीश पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गांव के कई गोताखोरों को नदी में उतारकर हरीशंकर की तलाश शुरू कराई थी। शुक्रवार को पूरे दिन थानाध्यक्ष सहित कानपुर से आई एनडीआरफ टीम और गोताखोर नदी में स्टीमर की मदद से युवक की तलाश में जुटे रहे थे। शनिवार को एनडीआरएफ टीम के दूसरी जगह चली जाने पर 37 बटालियन पीएसी की फ्लड टीम यहां आई। टीम के सदस्यों द्वारा नदी में हरीशंकर की तलाश की जा रही है।

# डीएम ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटसेना का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटसेना का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं दवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें समय से दवाएं उपलब्ध होने के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अस्पताल के ओपीडी कक्ष एवं लैब का भी निरीक्षण किया। लैब में ब्लड टेस्ट मशीन चालू हालत में मिली। वहां मौजूद फार्मासिस्ट ने बताया कि लैब में प्रतिदिन लगभग 10 से 15 सैंपल लिए जाते हैं। जिलाधिकारी ने मलेरिया जांच किटों का भी निरीक्षण किया और अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को आवश्यक जांच की सुविधा लगातार एवं समय से उपलब्ध कराई जाए।

**160 प्रकार की दवाएं उपलब्ध**

जिलाधिकारी ने औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण करते हुए दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण पंजिका की जांच की।



चिकित्सकों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर वर्तमान में लगभग 160 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने दवा वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। जांच, दवा एवं उपचार से संबंधित सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम सहित स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने तीन बेसिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, शिक्षा और सफाई व्यवस्था पर जताई सख्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा, बेहतर आधारभूत सुविधाओं एवं छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को फिरोजाबाद ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला डरुआ, प्राथमिक विद्यालय नगला खरसुली एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला खरसुली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों के पठन-पाठन का स्तर परखा तथा मध्याह्न भोजन, स्वच्छता और विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**बच्चों से पढ़वाई हिंदी की पुस्तक**

प्राथमिक विद्यालय नगला डरुआ में जिलाधिकारी ने कक्षा पांच में पहुंचकर छात्र मनीष से हिंदी की पुस्तक पढ़वाई। छात्र के पठन कौशल की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने अन्य बच्चों का भी उत्साहवर्धन किया और उन्हें टॉफियां वितरित कीं। विद्यालय में 119 बच्चों के सापेक्ष 25 छात्र एवं पांच अध्यापक उपस्थित मिले।




जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए बच्चों की उपस्थिति में सुधार लाने तथा पठन-पाठन के स्तर को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। दिव्यांग शौचालय एवं मध्याह्न भोजन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया, जहां एमडीएम निर्धारित मेन्यू के अनुसार तैयार होता पाया गया। प्रधानाचार्या ने विद्यालय के सामने स्थित खाली भूमि को बच्चों के खेल मैदान के रूप में आवंटित कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने नियमानुसार इस संबंध में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**बच्चों से पूछे शरीर के अंगों के नाम**

इसके बाद जिलाधिकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला खरसुली पहुंचे। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे। विद्यार्थियों से 'पार्ट्स ऑफ बॉडी' यानी शरीर के अंगों के नाम पूछे गए, जिनका बच्चों ने सटीक उत्तर दिया।

विद्यालय में 74 पंजीकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 10 विद्यार्थी उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने पेयजल की गुणवत्ता, शौचालय की क्रियाशीलता एवं उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में बने जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र (बाल वाटिका) के भवन को सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल ध्वस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही कक्षा के ठीक सामने बने शौचालय को कवर करने के लिए ग्राम प्रधान को बीच में सुरक्षा दीवार बनवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा एक अन्य निरीक्षण किए गए विद्यालय में 89 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 52 विद्यार्थी एवं चार अध्यापक उपस्थित मिले। यहां मध्याह्न भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार तैयार होता पाया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की दैनिक एवं गहन सफाई सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि बेसिक शिक्षा के स्तर में सुधार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। विद्यालयों में अध्यापकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों की व्यवस्थाओं, पठन-पाठन, स्वच्छता एवं बच्चों की उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सरस्वती शिशु मंदिर टूण्डला की छात्राएं विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार अग्रवाल, सह प्रबंधक वृंदावन लाल गुप्ता, प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव, सर्व व्यवस्था प्रमुख नूतन कुलश्रेष्ठ, बालिका शिक्षा प्रमुख मंजू सक्सेना एवं छात्र संसद प्रमुख आकांक्षा दीक्षित के नेतृत्व में स्थानीय थाने पहुंचीं। छात्राओं ने पुलिसकर्मियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाते हुए उन्हें रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्र संसद प्रधानमंत्री राधिका चौधरी ने थाना प्रभारी बैजनाथ सिंह को रक्षा सूत्र बांधकर की। उन्होंने तिलक लगाया, पुष्पवर्षा की और मुंह मीठा कराया। इसके बाद विद्यालय की अन्य छात्राओं ने थाने में उपस्थित उपनिरीक्षकों एवं पुलिस के जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी बैजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व समाज के प्रत्येक वर्ग की रक्षा एवं सेवा का




संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। उन्होंने द्रौपदी और भगवान कृष्ण से जुड़ी रक्षाबंधन की कथा का उल्लेख करते हुए भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और रक्षा के भाव को समझाया। क्राइम निरीक्षक सारदेव सिंह ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं का थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधना गौरव की बात है। छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बहनों की कमी महसूस न होने का भाव कराया। इस तरह के आयोजनों से समाज में एक-दूसरे के प्रति सम्मान और स्नेह का वातावरण मजबूत होता है।

**छात्राओं ने थाने की व्यवस्थाओं की ली जानकारी**

थाना परिसर में मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को हेल्प डेस्क एवं इन्वेस्टिगेशन कक्ष का अवलोकन कराया और उनके कार्य एवं महत्व की जानकारी दी। छात्राओं ने थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। भोजन कक्ष एवं थाना परिसर की स्वच्छता देखकर छात्राएं काफी उत्साहित नजर आईं। कार्यक्रम के समापन पर थाना प्रभारी बैजनाथ सिंह ने सभी छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया और रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज में किसी को भी पुलिस से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। भय केवल उन लोगों को होना चाहिए, जो समाज में अनैतिक कार्य करते हैं। इस अवसर पर व्यवस्थापक पवन कुमार अग्रवाल, सह व्यवस्थापक वृंदावन लाल गुप्ता, प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा दीक्षित ने किया।

# प्राचीन भारतीय कुश्ती कला को सहेजें युवा- विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** शनिवार को कस्बे में धनु तालाब स्थित दशहरा मैदान में विराट दंगल का आयोजन किया गया जिसमें कई प्रांतों के नामी गिरामी पहलवानों ने अपने जोड़ मिलाए और दो-दो हाथ किए। अतिथियों ने पहलवानों के हाथ मिलवा कर कुश्ती की शुरुआत कराई। मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद्र निरंजन ने अपने उद्बोधन में कुश्ती को अति प्राचीन भारतीय कला बताते हुए कहा कि आधुनिकता की चकाचौंध में यह भारतीय कला विलुप्त होती जा रही है, अपनी इस विरासत को सहेज कर रखने की जरूरत है और इस काम को सभासद दंगल सिंह यादव और उनकी टीम बखूबी कर रहे हैं। कस्बे में शनिवार को ऐतिहासिक धनु तालाब स्थित दशहरा मेला ग्राउंड में विराट दंगल का आयोजन किया गया जिसे देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मेला ग्राउंड पहुंचे। दंगल में हरियाणा, जम्मू, दिल्ली और मेरठ समेत अन्य स्थानों से पहुंचे पहलवानों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। अखाड़े में



पहलवानों के उतरते ही दर्शकों में उत्साह देखने को मिला। पहलवानों ने जोरदार दांव-पेंच आजमाते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी देने का प्रयास किया। कुश्ती के दौरान दर्शक तालियां और उत्साहवर्धन करते नजर आए।

कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और पहलवानों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस विराट दंगल का आयोजन पालिका के सभासद प्रतिनिधि दंगल सिंह यादव की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रूपेश यादव और पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने अखाड़े में पहुंचकर पहलवानों से हाथ मिलाया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर पालिका ईओ मोनिका उमराव, समाजसेवी कढोरेलाल यादव, सभासद सीमा अहिरवार, अनिल वर्मा, हरिओम यादव, सागर अग्निहोत्री, हिम्मत सिंह यादव, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। आयोजक दंगल सिंह यादव ने आभार जताते हुए कहा, इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण और पारंपरिक खेल कुश्ती को बढ़ावा मिलता है तथा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है।

# पार्क की जमीन पर बिजली कनेक्शन को लेकर केस्को पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** शहर में सरकारी और सार्वजनिक संपत्तियों को बचाने के लिए चल रहे प्रयासों के बीच कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी के अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गोविंद नगर ब्लॉक-8 स्थित सार्वजनिक पार्क के मामले में केस्को के जिम्मेदार अधिकारियों ने कानून, शासन के नियमों और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों को ताक पर रखकर भूमाफियाओं और अतिक्रमणकारियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुँचाना शुरू कर दिया है। इस संबंध में पार्क बचाओ समिति के अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य ने उत्तर प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा तथा केस्को के प्रबंध निदेशक को एक विस्तृत और गंभीर पत्र प्रेषित कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रिट याचिका संख्या पीआइएल 1023/ 2026 में 22 अप्रैल 2026 को आदेशित किया था कि गोविंद नगर ब्लॉक-8 स्थित सार्वजनिक पार्क को पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त कर उसके मूल हरित स्वरूप में बहाल किया जाए। इस कानूनी आदेश की विधिवत प्रति 12 मई 2026 को केस्को के प्रबंध निदेशक को व्यक्तिगत रूप से रिसीव कराई जा चुकी थी, ताकि विभाग को इसकी पूरी जानकारी हो। उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश और विभाग को पूर्व में दी गई लिखित चेतावनियों के बावजूद, केस्को के सहायक अभियंता जय प्रकाश और अन्य अधिकारियों ने कथित मिलीभगत के चलते 06 जून 2026 को उक्त विवादित स्थल पर शिवांग गुप्ता के नाम से नया विद्युत संयोजन मीटर संख्याः त9672674, खाता संख्याः 7275-155-436 स्थापित करवा दिया। केस्को की हास्यास्पद जांच आख्या और 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली तर्ज,?इस पूरे प्रकरण में दिनांक 04 अगस्त 2026 को केस्को के सहायक अभियंता द्वारा जारी की गई जांच आख्या संदर्भ संख्याः 40016426079156 ने विभाग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह बेनकाब कर दिया हैः जांच रिपोर्ट में यह खुलासे रूप से स्वीकार किया गया है कि विवादित स्थल पर मंदिर होने का हवाला देकर क्षेत्रीय पार्षद सरोज चड्ढा द्वारा दी गई 'एनओसी' एनओसी के आधार पर यह बिजली कनेक्शन जारी किया गया है। जबकि नियमों के अनुसार सार्वजनिक पार्कों और संपत्तियों के रखरखाव, संरक्षण या स्वामित्व का अधिकार केवल नगर निगम और कानपुर विकास प्राधिकरण के गजटेड अधिकारियों के पास होता है, न कि किसी स्थानीय पार्षद के पास। जांच रिपोर्ट में हद तो तब पार हो गई जब केस्को अधिकारियों ने यह अजीबोगरीब शर्त रख दी कि 'शिकायतकर्ता द्वारा मालिकाना हक से संबंधित प्रपत्र प्रेषित किए जाने के उपरांत ही स्थायी विच्छेदन की कार्यवाही की जाएगी।' अध्यक्ष ने सवाल उठाया है कि जब बिजली का नया संयोजन शिवांग गुप्ता के नाम पर जारी हुआ है, तो विभाग अवैध कब्जाधारियों से दस्तावेज मांगने के बजाय उल्टा शिकायतकर्ता से कागज क्यों मांग रहा है। क्या केस्को अब भूमाफियाओं का बचाव करने वाला विधिक सलाहकार बन गया है। पार्क बचाओ समिति के अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा को शनिवार को भेजे गए अपने पत्र के माध्यम से मांग की है कि इस अत्यंत गंभीर प्रकरण का स्वतः संज्ञान लिया जाए।

साथ ही, केस्को के दोषी सहायक अभियंता जय प्रकाश व अन्य संलिप्त कर्मियों के विरुद्ध उच्च स्तरीय विभागीय एवं सतर्कता जांच बैठाकर व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाए, तथा पार्षद की इस गैरकानूनी 'एनओसी' के आधार पर दिए गए अवैध विद्युत संयोजन को तत्काल प्रभाव से विच्छेदित (निरस्त) किया जाए।

# बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला।** नगर में शुक्रवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में रक्षाबंधन को लेकर उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और उनकी लंबी आयु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और रक्षासूत्र बांधने के बाद उन्हें मिष्ठान खिलाया। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार एवं भेंट देकर उनके सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने और उनकी रक्षा का वचन दिया। कई परिवारों में बहनों ने उपवास रखकर रक्षाबंधन की रस्म पूरी की।



**पारंपरिक तरीके से हुई पूजा-अर्चना**

पर्व को लेकर घरों में विशेष तैयारियां की गई। रसोई की दीवार पर गेरू एवं घी से सोना और श्रवण कुमार के प्रतीक चिन्ह बनाए गए और उनकी पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बहनें रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर हाथों में पूजा की थाल लिए भाइयों की प्रतीक्षा करती नजर आईं। पूजा की थाली में रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई एवं रक्षासूत्र सजाए गए। भाई के पहुंचते ही बहनों ने तिलक लगाकर आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधी।

**दिनभर बना रहा भाई-बहनों के आवागमन का सिलसिला**

रक्षाबंधन पर्व के चलते नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में दिनभर भाई-बहनों के आवागमन का सिलसिला बना रहा। दूर-दराज रहने वाली बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं, वहीं कई भाई भी अपनी बहनों के घर जाकर रक्षासूत्र बंधवाने पहुंचे। पर्व के चलते घर-परिवारों में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया।

रक्षाबंधन ने एक बार फिर भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत किया। बहनों ने जहां भाइयों की लंबी उम्र और उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी बहनों के प्रति अपने स्नेह एवं जिम्मेदारी का संकल्प दोहराया।

# आरटीआई लगाई, फिर भी सूचना गायब! अधिकारियों की मनमानी पर उठे गंभीर सवाल

## ग्राम पंचायत सिकटा के विकास कार्यों का हिसाब देने से क्यों कतरा रहे जिम्मेदार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध न होने का मामला सामने आया है। विकासखंड हलिया के ग्राम पंचायत सिकटा में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक कराए गए विकास कार्यों एवं वित्तीय लेन-देन का विस्तृत विवरण मांगने के लिए लोक सूचना अधिकारी, जिलाधिकारी जनपद मीरजापुर को आरटीआई आवेदन दिया गया था। आवेदन में ग्राम पंचायत में कराए गए सभी विकास कार्यों की वर्षवार सूची, कार्य का नाम, स्थान, स्वीकृति संख्या, प्रारंभ एवं पूर्ण होने की तिथि सहित विभिन्न अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। आरटीआई आवेदन में प्रत्येक विकास कार्य के लिए स्वीकृत धनराशि, खर्च की गई धनराशि और भुगतान का पूरा विवरण तथा संबंधित माप पुस्तिका (एम.बी.) की प्रमाणित प्रति मांगी गई है। इसके साथ ही कार्य कराने वाले ठेकेदार, फर्म अथवा संस्था का नाम-पता और उन्हें किए गए भुगतान का विवरण भी मांगा गया है। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हैंडपंप, स्ट्रीट लाइट, खड़ंजा एवं नाली निर्माण जैसी योजनाओं के लाभार्थियों की सूची और चयन प्रक्रिया से संबंधित अभिलेख भी मांगे गए हैं।

आवेदन में पंचायत निधि, राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग से खरीदी गई सामग्री के बिल-वाउचर, ग्राम पंचायत की बैठकों की कार्यवाही रजिस्टर तथा वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक पंचायत खाते में प्राप्त कुल धनराशि एवं मदवार व्यय का बैंक स्टेटमेंट भी मांगा गया है। साथ ही कराए गए कार्यों की गुणवत्ता एवं तकनीकी जांच रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

आवेदनकर्ता का कहना है कि आरटीआई के माध्यम से सार्वजनिक धन से कराए गए विकास कार्यों और खर्च की गई धनराशि से जुड़ी जानकारी मांगी गई थी, लेकिन निर्धारित प्रक्रिया के बावजूद सूचना उपलब्ध न होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। आवेदन में नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था और अतिरिक्त शुल्क होने पर आवेदक को सूचित करने की बात भी कही गई थी। मामले में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब आरटीआई के तहत ग्राम पंचायत के विकास कार्यों, भुगतान और सरकारी धन के इस्तेमाल से संबंधित अभिलेख मांगे गए हैं तो संबंधित विभाग द्वारा सूचना उपलब्ध कराने में देरी क्यों हो रही है? सूचना के अधिकार का उद्देश्य सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। ऐसे में यदि सूचना नहीं मिलती है तो इससे ग्रामीणों के बीच भी तरह-तरह के सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और ग्राम पंचायत सिकटा में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक कराए गए विकास कार्यों एवं खर्च की गई सरकारी धनराशि का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए।

# हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया संस्कृत सप्ताह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्थानीय श्रीमती भागीरथी ट्रस्ट आदर्श संस्कृत महाविद्यालय चुनार में संस्कृत सप्ताह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रातः महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमापति त्रिपाठी ने सभी छात्रों, अध्यापकों सहित नगर के सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता शशिकांत मिश्र, प्राथमिक विद्यालय चुनार के प्रधानाध्यापक वंशीधर चतुर्वेदी, सुविख्यात भागवत वक्ता कैलासपति त्रिपाठी, सुनिल दीक्षित हिमांशु, ईशान, वाचस्पति इत्यादि ने गंगा नदी के पावन तट पर शिवाकांत पाठक के आचार्यत्व में वैदिक परंपरा के अनुसार गणस्नान किया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में सभी छात्र अध्यापकों ने ऋषि पूजन,हवन किया। इसके उपरांत विद्यालय के सभागार में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमापति त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन कर किया। छात्रों के मङ्गलाचरण एवं स्वागत गान के साथ संस्कृत सप्ताह का आयोजन प्रारंभ हुआ। जिसमें प्रणव त्रिपाठी, अर्पित मिश्रा, रूपक पांडे,आदित्य मिश्रा,अंकित पाठक आदि छात्रों ने संस्कृत श्लोक का वाचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 त्रिपाठी ने कहा कि जन- जन के कंठ में विराजमान यह संस्कृत विश्व की सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत के बिना प्राणी एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकता भारतीय एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में संस्कृत का अत्यधिक योगदान है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी के प्राध्यापक रमापति दीक्षित ने किया उक्त कार्यक्रम में विभा, प्रिंस आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही द्वारा की गई जनसुनवाई



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय भदोही में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों का अवलोकन करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में पूर्ण संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बरती जाए। पुलिस अधीक्षक भदोही ने कहा कि भदोही पुलिस जनता की समस्याओं के समाधान, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनविश्वास को और अधिक मजबूत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्राह्मणों ने किया श्रावणी उपाकर्म



**चुनार, मीरजापुर।** स्थानीय बालू घाट पर आदर्श ब्राह्मण मंच द्वारा आयोजित श्रावणी उपाकर्म सविधि संपन्न हुआ। इस दौरान आदर्श ब्राह्मण मंच के तहसील अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, संयोजक प्रदीप शुक्ला, मुन्ना चौबे, उत्कर्ष मिश्र, बलभद्र शुक्ल, कृष्ण चंद्र शुक्ल, धीरज पांडेय, हरि प्रकाश मिश्र, श्रवण कुमार अवस्थी उपस्थित रहे। श्रावणी उपाकर्म में दस विधि मिट्टी, गोबर दूध, गोमूत्र, गो दधी, गोघृत, आपामार्ग, दूर्वा, कुश, भस्म आदि से सभी ने मंत्र सहित स्नान किया। तत्पश्चात श्रीराम मंदिर में शिवकांत पाठक के आचार्यत्व में ऋषि पूजन एवं यज्ञोपवीत पूजन हवन के बाद यज्ञोपवीत धारण किया गया, साथ ही ब्राह्मणों द्वारा उपक्रम के विषय में चर्चा की गई अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### भाइयों के दीर्घायु होने की बहनों ने की कामना



**चुनार, मीरजापुर।** शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार नगर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के कलाई में राखी बांधी और भाई की लम्बी उम्र की मंगल कामना की नगरीय इलाकों के घरों में मनाएं जाने वाले इस त्योहार के मौके पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी और उनकी आरती उतार कर उनके दिर्घायु होने की कामना की। सुबह से ही बहनों ने राखी और पूजन सामग्री की थालिया सजाना शुरू कर दिया। थालियों में रोली कुमकुम अक्षत और आकर्षक राखियां रखी गई। निर्धारित मुहुर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया और उनके दाहिने हाथ पर राखी बांधी और आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उन्होंने भाईयों की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की।

# गांवों, कस्बों और शिक्षण संस्थानों में चौपाल लगाकर दी हेल्पलाइन की जानकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत भदोही पुलिस ने महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जनपद के विभिन्न ग्रामों, कस्बों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस टीमों ने चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया। पुलिस ने महिलाओं एवं छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान, उनके अधिकारों तथा महिला अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी। छेड़खानी अथवा किसी अन्य समस्या की स्थिति में 1090 या 112 पर शिकायत करने तथा आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा साइबर अपराध से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। महिलाओं को 1076, 1090, 181, 112, 102, 108, 1098, 101 एवं 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाया गया।

## बाल श्रम के खिलाफ अभियान, चार किशोर श्रमिक चिन्हित



**भदोही।** श्रम विभाग एवं एएचटीयू पुलिस टीम ने शनिवार को सुरियावां क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया। जांच के दौरान चार किशोर श्रमिकों को चिन्हित किया गया। संबंधित नियोजकों को निरीक्षण टिप्पणी जारी करते हुए अधिनियम के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। अधिकारियों ने व्यापारियों से बाल श्रम न कराने की अपील की। अभियान का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी अवनीश कुमार त्रिपाठी एवं एएचटीयू प्रभारी इंद्र भूषण यादव ने किया। टीम में पुलिसकर्मी एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना,अनुशासन,नेतृत्व क्षमता,टीम भावना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने माँ सरस्वती एवं हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास, नेतृत्व, सहयोग और विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। मेजर ध्यानचंद का जीवन और उनकी खेल प्रतिभा हम सभी को उत्कृष्टता, समर्पण और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना से प्रेरणा लेने का संदेश देती है।क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के अंतर्गत छात्रा वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में दो टीमों ने प्रतिभाग किया। यू.पी. योद्धा टीम ने एथलेटिक टीम को पराजित कर विजेता का खिताब प्राप्त किया। छात्र वर्ग में प्लेटफॉर्म्स,कबड्डी वारियर्स, टाइगर्स एवं रॉयल किंग्स टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने खेल कौशल, अनुशासन एवं उत्कृष्ट टीम भावना का प्रदर्शन किया। छात्र वर्ग की शेष प्रतियोगिता आगामी 31 अगस्त 2026 को कराई जाएगी। मेड़िया के खेल विशेषज्ञ श्री रविश कुमार ने आज के मैच में रेफरी की भूमिका का निर्वहन किया।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी अरविन्द कुमार ने किया तथा डॉ नलिनी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चन्दन साहू, डॉ भास्कर द्विवेदी, डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ दीप नारायण सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल उन्नयन संगोष्ठी के साथ किया गया पौध रोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस व मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राजगढ़ के शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज, पचोखरा, मड़िहान, मीरजापुर में विद्यालय के प्रधानाचार्य, अनिल कुमार सिंह, ग्रीन गुरु जी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा प्रवक्ता, कड़ेकांत दुबे द्वारा मंत्रोच्चार कर पुष्प अर्पण कियागया, साथ में सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करते हुए नमन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस व मेजर ध्यानचंद की जयंती पर प्रधानाचार्य, अनिल कुमार सिंह, ग्रीन गुरु जी, प्रवक्ता,कड़े कांत दुबे व प्रवक्ता,आदित्य जायसवाल ने उद्बोधन की कड़ी में छात्र,छात्राओं को संबोधित किया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल मैदान में पानी होने के कारण प्रतीकात्मक तौर पर बालकों ने कुछ देर तक वाली वॉल खेला जिसकी खेल सामग्री विगत वर्ष अदाणी फाउंडेशन ने प्रदान किया था, साथ ही खेल उन्नयन संगोष्ठी में शिक्षकों ने विचार रखने के साथ बच्चों में निबंध लेखन कराया गया,जिसका विषय था, भारत में खेल की स्थिति व उसके उन्नयन के उपाय, जिसमे सुनैना, कक्षा =11 क ने प्रथम,राज कुमारी,कक्षा,11 क ने द्वितीय व जानकी मौर्य, कक्षा, 11 क ने तृतीय स्थान प्राप्त किया,जिन्हें विद्यालय के आगामी कार्यक्रमों में मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आज के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्मार्ट क्लास हेतु प्रदान किए गए इंटरेक्टिव पैनल के माध्यम से छात्र,छात्राओं को मेजर ध्यानचंद के बारे में जानकारी दिखाने के साथ हॉकी व खो=खो पर बनी फिल्म दिखलाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य के तरफ से एक सहभोज का आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित सभी छात्र,छात्राएं व कर्मचारी सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारियों के साथ छात्र, छात्राएं व खिलाड़ी गण काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्य क्रम के दौरान प्रवक्ता, घनश्याम, प्रवक्ता, कड़े कान्त दुबे, प्रवक्ता, आदित्य जायसवाल व सहायक अध्यापक गण, विमल सिंह, उमेश सिंह, योगेश चंद्र तिवारी तथा सहायक अध्यापिका,प्रीती सिंह उपस्थित रही। कार्य क्रम का संयोजन व संचालन अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी ने किया।

साथ ही 29 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 4077 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक,सचिव , अनिल कुमार सिंह, ग्रीन गुरु जी, मा. मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर, कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर, हिमालय उड बैज, स्काउट, नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य,मीरजापुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन, बुलंदशहर एवं संयोजक, विंध्याचल मंडल(मीरजापुर), लोक भारती हरियाली अभियान, लखनऊ, सदस्य,जिला ओलम्पिक संघ, मीरजापुर, अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर,जनपदीय समिति सदस्य,एक पेड़ मां के नाम 3.0' वृक्षारोपण अभियान मीरजापुर द्वारा 01 जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 4077 वें दिन के क्रम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में पॉम के पौध का रोपण अनुराग, कक्षा=7, अभिषेक, कक्षा=7, साधना, कक्षा=7 व अंजली, कक्षा=9 के साथ तथा परिचारक, अनिल जैसल के सहयोग से प्रधानाचार्य,अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी ने किया। इस अवसर पर,ब्रांड अम्बेस्डर,मीरजापुर, प्रधानाचार्य,अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी ने बतलाया कि लगातार प्रति दिन जगह-जगह पौध रोपण का उद्देश्य हरा - भरा रहे धरा, पर्यावरण शुद्ध रहे लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**वॉलीबॉल में धारा विसम्भर पट्टी व कबड्डी में चकमान-धाता की टीम बनी विजेता**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में शनिवार को विभागीय स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं में ग्रामीण युवाओं और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं भूतपूर्व अध्यक्ष जिला युवक समिति भदोही भानु प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद के जीवन और खेल के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर युवाओं को देशप्रेम की भावना के साथ खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी रवि कुमार तिवारी ने अग्निवीर योजना के माध्यम से भारतीय सेना में चयनित युवाओं प्रदीप, गौरव सिंह, अक्षय, ऋषभ यादव, आदित्य, शिवांशु मिश्र एवं नरेश चन्द्र को सम्मानित किया। उन्होंने चयनित युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में धारा विसम्भर पट्टी की टीम विजेता तथा धनापुर उत्तरी की टीम उपविजेता रही। वहीं कबड्डी में चकमान-धाता की टीम ने प्रथम तथा धारा विसम्भर पट्टी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजाराम पाल, विजयभान, देवेन्द्र सिंह, जगजीवन, विनोद, सुचेत, दिलबहार, रामफल एवं मोहनलाल सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में धूमधाम से मनाई गई मेजर ध्यानचंद की जयंती

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा निखारने का लिया संकल्प**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल समिति एवं आजाद स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई। खिलाड़ियों व समिति पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। खेल समिति अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि मेजर ध्यानचंद युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और अवसर देने की है। सचिव अमर सिंह ने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

इस दौरान खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा को निखारने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजमणि पाण्डेय, राजकुमार सरोज, दिनेश यादव, संतोष पाण्डेय, श्याम यादव, दीपक सिंह, संतोष यादव सहित प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

# जलभराव से दुर्गागंज पीएचसी की व्यवस्था बदहाल, डॉक्टर और मरीज परेशान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दुर्गागंज, भदोही।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज परिसर में जलभराव के कारण डॉक्टरों, मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में कई दिनों से पानी जमा होने के कारण जगह-जगह कीचड़ और गंदगी फैल गई है, जिससे दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को पानी और गंदगी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं, अस्पताल के चिकित्सक भी आवास से रात के समय प्रसव कराने तथा दिन में मरीजों का उपचार करने के लिए अस्पताल पहुंचते हैं। जलभराव के कारण उन्हें भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव के अनिल वर्मा और शिवराम ने बताया कि वे दवा लेने अस्पताल आते हैं, लेकिन परिसर में फैले पानी और गंदगी के कारण दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को होती है। एंबुलेंस से गर्भवती महिला के अस्पताल पहुंचने पर परिसर में जलभराव के कारण वाहन को कई बार आगे-पीछे या घुमाना पड़ता है, तब जाकर उसे खड़ा करने के लिए उचित स्थान मिल पाता है। जलभराव के कारण अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मरीजों और उनके परिजनों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से अस्पताल परिसर में जल्द से जल्द मिट्टी भराव कराने, जलनिकासी की व्यवस्था कराने तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग की है।

# एच1 एन 1 इन्फ्लुएंजा से बचाव को जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**तेज बुखार, खांसी, गले में दर्द या सांस लेने में तकलीफ पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** एच 1 एन1 इन्फ्लुएंजा को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति ने आमजन को जागरूक करते हुए संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि एच1एन1 के लक्षण दिखाई देने पर घबराएं नहीं, बल्कि तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल अथवा चिकित्सक से संपर्क कर परामर्श लें। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, हृदय एवं श्वसन रोग तथा मधुमेह से पीड़ित लोग और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों को संक्रमण के प्रति विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है। कैंसर से पीड़ित एवं कीमोथेरेपी ले रहे लोगों को भी अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

तेज बुखार, खांसी, गले में दर्द अथवा सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई है। चिकित्सक द्वारा निर्धारित दवाओं का सेवन उनकी सलाह के अनुसार ही करें। पर्याप्त आराम, भरपूर पानी और पौष्टिक आहार लेने पर भी जोर दिया गया है। एंटीवायरल दवाओं का सेवन केवल चिकित्सकीय परामर्श से ही करने की अपील की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यकता के अनुसार मास्क का प्रयोग करने तथा हाथों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करने, खांसते या छींकते समय टिश्यू का प्रयोग कर उसे डस्टबिन में डालने की अपील की गई है। घर एवं आसपास अक्सर छुई जाने वाली सतहों की नियमित सफाई व कीटाणुशोधन करने, आंख, नाक और मुंह को बार-बार छूने से बचने तथा पर्याप्त नींद लेने की सलाह दी गई है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि सजगता, स्वच्छता और समय पर उपचार के माध्यम से संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों को नजरअंदाज न करने और समय से चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने भी लोगों से स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सावधानियों का पालन करने तथा आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुष्मान लाभार्थियों के लिए राहत, आधार व योजना के डाटा में गलती होने पर करा सकेंगे सुधार

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद ने जनपद के आयुष्मान भारत योजना के सभी पात्र लाभार्थियों को सूचित किया है कि यदि उनके आधार कार्ड एवं योजना के स्रोत डाटा में उनका व्यक्तिगत विवरण यथा पिता/पति का नाम, आयु, लिंग एवं पता त्रुटिपूर्ण है,जिसके कारण उनके आयु0कार्ड पेंडिंग अथवा निरस्त हो रहे है, तो इस समस्या के समाधान के लिये उपयुक्त व आवश्यक अभिलेखों के साथ अपना आवेदन निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाकर अपना आवेदन अधीक्षक कार्यालय में आयुष्मान कक्ष में जमा कर सकते हैं। गलत डाटा अपडेट कराने की प्रक्रिया सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बीडीएम पोर्टल पर की जायेगी।

### लखनऊ मण्डल की जूनियर बालक कबड्डी टीम के गठन हेतु चयन ट्रायल्स 30 अगस्त व 1 सितम्बर को

**रायबरेली,** क्रीड़ाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि खेल निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के अनुपालन में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्या में 07 से 09 सितम्बर 2026 तक किया जाना निर्धारित है। प्रतियोगिता में लखनऊ मण्डल की टीम प्रतिभाग करेगी। टीम के गठन हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स निर्धारित किए गए हैं। जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन 30 अगस्त 2026 को दोपहर 02:00 बजे जिला खेल कार्यालय स्टेडियम, रायबरेली में किया जाएगा। वहीं मण्डलीय ट्रायल्स 01 सितम्बर 2026 को प्रातः 09:00 बजे के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित होंगे। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि जूनियर बालक वर्ग के लिए खिलाड़ी की जन्मतिथि 01.01.2027 निर्धारित मानक के अनुसार होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी के लिए सक्षम स्तर से निर्गत एवं प्रमाणित पात्रता प्रमाण-पत्र एवं जन्म प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पात्रता प्रमाण-पत्र के बिना किसी भी खिलाड़ी को चयन प्रक्रिया में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक खिलाड़ी को अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा जारी पात्रता प्रमाण-पत्र की दो प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी। प्रमाण-पत्र पर खिलाड़ी का फोटो चिपका हुआ एवं प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित होना चाहिए। साथ ही जन्मतिथि अंकों एवं शब्दों दोनों में अंकित होने के साथ प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर एवं विद्यालय की मुहर लगी होना अनिवार्य है।

### सड़क गड्ढे में बाइक का संतुलन बिगड़ने से रक्षाबंधन पर मायके जा रही महिला की मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** रक्षाबंधन पर मायके जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। हादसा शुक्रवार देर शाम बछरावां रोड पर शहजौरा के पास हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लखनऊ के अलीगंज निवासी शारदा मिश्रा (54) पत्नी स्व. राकेश मिश्रा अपने बेटे लकी मिश्रा के साथ बाइक से फतेहपुर स्थित मायके जा रही थीं। शहजौरा के पास सड़क पर बने गड्ढे में बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इससे शारदा सड़क पर गिर गईं। सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पीएचसी और विद्यालय पहुंचे डीएम, व्यवस्थाओं की परखी हकीकत, गैरहाजिरी पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखपालनगर और प्राथमिक विद्यालय पूरे रायजू का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था तक की हकीकत परखी। मरीजों और छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पीएचसी में महिला चिकित्साधिकारी के अनुपस्थित मिलने तथा विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखपालनगर में मौजूद मरीजों से बातचीत की और पूछा कि चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाएं तो नहीं लिखी जा रही हैं। मरीजों ने बताया कि उन्हें बाहर की दवाएं नहीं दी जा रही हैं। इसके बाद डीएम ने पर्चा काउंटर का निरीक्षण कर अब तक काटी गई पर्चियों और पर्चा काटने की समय-सीमा की जानकारी ली।

कर्मचारी ने बताया कि अब तक 100 से अधिक मरीजों की पर्चियां काटी जा चुकी हैं तथा अपरान्ह 2 बजे तक पर्चियां काटी जाती हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी जिलाधिकारी ने उपचार की स्थिति जानी। प्रसव यूनिट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली धनराशि के बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि 10 से 15 दिन के भीतर पैसा लाभार्थियों के खाते में भेज दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान महिला चिकित्साधिकारी डॉ. शिवानी सिंह अनुपस्थित पाई गईं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में सभी चिकित्सकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाय ताकि इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पीएचसी के बाद जिलाधिकारी प्राथमिक विद्यालय पूरे रायजू पहुंचे। उन्होंने कक्षाओं में पठन-पाठन की स्थिति देखी और छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, शिक्षण कार्य तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों की नियमित एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया जाए। इस दौरान डीएम ने प्राथमिक विद्यालय पूरे रायजू में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# राखी बांधने मायके जा रही बहन की सड़क हादसे में मौत,भतीजा घायल

● चौपहिया वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, चालक वाहन समेत फरार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** रक्षाबंधन के दिन भाई की कलाई पर राखी बांधने मायके जा रही बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में बाइक पर साथ जा रहा उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना शुक्रवार को बांदा-बहराइच मार्ग पर शोभवापुर गांव के पास हुई। उन्नाव जिले के बिहार थाना क्षेत्र के नंदूखेड़ा ग्वालामऊ मलौना गांव निवासी ज्ञानवती (62) पत्नी रघुनंदन अपने भतीजे मनोज कुमार के साथ बाइक से फतेहपुर स्थित मायके जा रही थीं। शोभवापुर गांव के पास तेज रफ्तार बेकाबू चौपहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद वाहन चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को अपनी कार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद ज्ञानवती को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल मनोज का उपचार चल रहा है। रक्षाबंधन के दिन हुई इस घटना से परिवार में मातम पसर गया। जिस बहन को भाई की कलाई पर राखी बांधने की उम्मीद थी, उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। ज्ञानवती की इकलौती बेटी अर्चना का रो-रोकर बुरा हाल है।प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# गांव की प्रगति तभी सार्थक है, जब ग्रामीणों के जीवन को बेहतर और सुगम बनाएं - एमएलसी सुभाष यदुवंश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**इटवा (सिद्धार्थनगर)।** विधान परिषद सदस्य एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समिति के सभापति सुभाष यदुवंश ने शनिवार को विकास खण्ड इटवा की ग्राम पंचायत मूसा में 70 लाख रुपये से अधिक की लागत से बनी विभिन्न परियोजनाओं का, तथा उन्होंने अपने पूर्वांचल विकास निधि योजनांतर्गत पीडब्ल्यूडी रोड से सरजू नहर तक निर्मित सीसी सड़क तथा मनरेगा एवं ग्राम निधि योजना के अंतर्गत निर्मित अन्नपूर्णा भवन, पंचायत भवन एवं लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने कहा कि गांव की प्रगति तभी सार्थक है, जब विकास की सुविधाएं सीधे ग्रामीणों के जीवन को बेहतर और सुगम बनाएं। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, अन्नपूर्णा भवन से आवश्यक सुविधाओं का विस्तार होगा, पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी तथा लाइब्रेरी से बच्चों और युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार गांव-गांव तक विकास और जनसुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान प्रधान संघ मंडल अध्यक्ष व्यास पाण्डेय, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, इटवा ब्लॉक संघ अध्यक्ष पारस यादव, ग्राम प्रधान ब्रह्मदेव मिश्र, सुभाष यादव, यशोनन्द मिश्र, शलीम, राम कुमार यादव, महेश यादव, श्री रामनरेश यादव, गोवर्धन यादव, भूलन मिश्र, सुभाष सोनी, पवन मौर्या, विजय यादव, खलील सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उप जिला मजिस्ट्रेट की मासूम बेटी को मियाद समाप्ति तिथि का इंजेक्शन लगाने पर दो निलम्बित

## कलेक्टर ने अस्पताल व स्कूल का किया निरीक्षण, गैर हाजिर रहने वालों पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** लालगंज उप जिला मजिस्ट्रेट वाचस्पति सिंह की मासूम बेटी श्रेयस सिंह को बुखार आने पर ट्रामा सेंटर लालगंज ईलाज के लिए ले जाया गया,जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने बिना देखे मियाद समाप्ति तिथि का पैरासिटामॉल इंजेक्शन लगा दिया। उप जिला मजिस्ट्रेट वाचस्पति सिंह ने सीएमओ समेत डीएम से शिकायत किया, जिस पर सीएमओ डॉ अच्युत नारायण प्रसाद बीते दिन ट्रामा सेंटर लालगंज निरीक्षण को पहुंचे और मियाद समाप्ति तिथि की दवाओं को देखा और उनको नष्ट करवाया। साथ ही दवा स्टोर प्रभारी फार्मासिस्ट अरविंद कुमार शुक्ला व देव कुमार दुबे को निलम्बित करते हुए विभागीय जांच का आदेश दिया है। लोगों की जुबान पर सवाल है कि एसडीएम की बेटी का मामला होने पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई, लेकिन यही मामला किसी गरीब परिवार के मरीज के साथ होता तो शायद ही कोई ऐसी कार्रवाई होती। कहते हैं कि स्वास्थ्य विभाग में कई सालों से एक जगह पर जमे होने और वहां के रसूखदारों की छत्र छाया मिलने से गलत कार्य करने को ऐसे कर्मचारी साहस कर पाते हैं।

शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के द्वारा पीएचसी सुखपाल नगर व सदर ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे रायजू का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान कर्मियों के गैर हाजिर रहने पर डीएम ने नाराजगी जताई गई एवं कार्रवाई का निर्देश दिया। डीएम ने पीएचसी सुखपाल नगर में मरीजों से बाजार की दवा लिखे जाने के बारे में जानकारी चाही तो मरीजों ने बताया कि बाज़ार की दवा नही लिखी जा रही है,जबकि कुछ माह पहले यही अस्पताल है जहां मरीजों ने बाजार की दवा लिखे जाने को लेकर हाय तौबा मचाया था।उन्होंने प्रसव यूनिट का निरीक्षण किया।

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में 10 से 15 दिनों में धनराशि भेज दी जाती है।निरीक्षण दौरान महिला चिकित्सक डॉ शिवानी सिंह अनुपस्थित पाई गई जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई और सीएमओ को कार्रवाई का आदेश दिया।इसके बाद प्राथमिक विद्यालय पूरे रायजू पहुंचे,जहां पठन-पाठन की स्थिति देखी और बच्चों से संवाद किया। डीएम ने बच्चों समेत शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर देखा तो नाराजगी जताई और शत प्रतिशत उपस्थिति के आदेश दिए। डीएम के द्वारा अस्पतालों व स्कूलों के निरीक्षण को देखते हुए जिम्मेदारों मे हड़कंप मचा हुआ है।

# जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद में 24 अक्टूबर तक निषेधाज्ञा लागू की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक पाण्डेय ने आगामी त्योहारों जन्माष्टमी, महात्मा गांधी जयन्ती, दुर्गापूजा, महाअष्टमी, महानवमी, दशहरा एवं भरत मिलाप तथा समय-समय पर विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में 24 अक्टूबर तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नहीं कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, राइफल, एक नली बन्दूक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्युटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथा बैंक में लगे हुए सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके सहारे के रूप में लाठी या डंडा लेकर चलने की छूट रहेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डी0जे0, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। लाउडस्पीकर का प्रयोग सक्षम अधिकारी एवं संबन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। मस्जिदों, गिरिजाघरों, मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा।

कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण व विघ्न रहित जिन्दगी अधिकार को ध्यान में रखते हुए व्यक्तियों के विचारों या कार्यों का विरोध करने के लिए उनके घरों के सामने धरना, प्रदर्शन आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे विभिन्न जातियों, धार्मिक व भाषायी समुदायों के बीच मतभेद बढ़े अथवा घृणा की भावना या तनाव पैदा हो। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200-300 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आई0टी0 गैजेट्स सहित इसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रनिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्र के आस-पास 01 किमी0 की परिधि में फोटो कापियर एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा की समाप्ति तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्न-पत्र को परीक्षा केन्द्र से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा।

# भाजपा को बड़ा झटका, पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला ने थामा सपा का दामन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला ने समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी की सदस्यता दिलाई। रानीगंज के सियासी समीकरणों पर चर्चा तेज हो गई है। जिले की राजनीति में शनिवार को उस समय हलचल तेज हो गई, जब भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें विधिवत पार्टी की सदस्यता दिलाई। राम शिरोमणि शुक्ला के सपा में शामिल होने को प्रतापगढ़ की सियासत में भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। खासकर रानीगंज क्षेत्र में उनके राजनीतिक प्रभाव और समर्थकों के बीच पकड़ को देखते हुए इस दल-बदल ने आगामी चुनाव को लेकर नए सियासी समीकरणों की चर्चा चालू हो गई है।राम शिरोमणि शुक्ला पेशे से अधिवक्ता हैं और इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। वह रानीगंज विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधायक भी रह चुके हैं। क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और लंबे समय से सक्रिय राजनीतिक संपर्कों के चलते उनके सपा में जाने को महज व्यक्तिगत राजनीतिक फैसला नहीं, बल्कि क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तौर पर देखा जा रहा है।सपा में शामिल होने के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव की मौजूदगी में हुए इस घटनाक्रम के बाद सपा खेमे में उत्साह है, वहीं भाजपा के लिए इसे संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण झटका माना जा रहा है।

# नेपाल में अचानक बढ़ी नदी की बहाव, पत्थर पर बैठा सिद्धार्थनगर का युवक बहा, शव बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**इटवा (सिद्धार्थनगर)।** नेपाल में जलप्रलय के बीच एक दर्दनाक हादसे में इटवा निवासी 34 वर्षीय युवक पानी में बह गया। बाद में उसका शव बरामद हुआ। युवक की मौत से स्वजन पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। नगर पंचायत इटवा निवासी प्रभात सोनी पुत्र अवधेश सोनी शुक्रवार को नेपाल गए थे। बताया जाता है कि बुटवल में वह और स्वजन के साथ नदी के निकट पत्थर पर बैठे थे। अचानक पानी की धारा तेज और प्रभात सोनी को उसमें बहा ले गई। बताया जाता है कि सिर के पास पत्थर की चोट भी लगी। स्वजन घटना देख चीखना, चिल्लाना और शोर मचाना शुरू किए। नेपाली प्रशासन को भी खबर हुई तो फिर खोजबीन शुरू हुई। शनिवार को दोपहर में उनका शव मिलने की खबर है। जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

प्रभात सोनी रक्षाबंधन के दिन अपनी माता को लेकर ननिहाल गए थे। मऊ-जिगिनिहवा जाने के बाद प्रभात सोनी, छोटा भाई शिवा सोनी, माता व और मामा के घर के कुछ लोगों के साथ सभी नेपाल चले गए। नदी के बीच बैठे ही थे कि अचानक पानी की धारा बढ़ी और उसी में प्रभात को बहा ले गई। प्रभात सोनी दो भाइयों में सबसे बड़े थे। इनसे छोटा भाई शिवा सोनी था। प्रभात की शादी हो चुकी थी। पत्नी के अलावा दो बेटियां हैं। इसमें बड़ी लड़की चार वर्ष और छोटी लड़की डेढ़ वर्ष है। पानी में बहने और मौत की खबर पर उनके घर पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। पूर्व शिक्षा मंत्री डा. सतीश द्विवेदी भी प्रभात सोनी के घर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक और नेपाल में कुछ राजनीतिज्ञों को फोन पर जानकारी देते हुए यथासंभव सहायता की मांग की। प्रभारी निरीक्षक इटवा अनिल कुमार दुबे भी पहुंचे। वे भी अपने स्तर से जानकारी जुटाने में जुट गए। बाद में पता चला कि शव बरामद हो गया है।

# भाजपा जिला संगठन की बैठक संपन्न, प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने पदाधिकारियों से किया संवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन ,समन्वय एवं जनपद के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ प्रभारी मंत्री एवं जिलाध्यक्ष सहित उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों से सीधे संवाद करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा बूथ स्तर पर संगठन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पदाधिकारियों के सुझाव एवं विचार भी सुने और संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनसरोकारों से जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने तथा बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने बैठक में उपस्थित प्रभारी मंत्री अनिल राजभर का स्वागत करते हुए संगठन की विभिन्न गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि जिले में भाजपा का संगठन निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है और कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा एवं समर्पण के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुटे हैं। बैठक में जिला के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीजे स्टेंट विवाद पर विद्या अस्पताल के संचालक का सफाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर स्थित विद्या अस्पताल पर मरीज के पेट में 'डीजे स्टेंट' छोड़ने के लगे आरोपों पर अस्पताल संचालक अजय यादव की ओर से कड़ा पक्ष सामने आया है। अजय यादव ने आरोपों को एक सिरे से खारिज करते हुए इसे अस्पताल और उनकी छवि को धूमिल करने की सोची-समझी साजिश करार दिया है। 'चिकित्सीय प्रक्रिया के तहत दूसरा स्टेंट नहीं निकाला गया।मामले पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए अजय यादव ने कहा कि इलाज में किसी तरह की चिकित्सीय लापरवाही नहीं हुई है। मरीज के इलाज के दौरान दो 'डीजे स्टेंट' डाले गए थे। इलाज के बाद प्रक्रिया के तहत एक स्टेंट निकाल दिया गया था, जबकि मरीज के गुर्दे (किडनी) में सूजन होने के कारण चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दूसरे स्टेंट को उस समय नहीं निकाला गया था। उन्होंने कहा कि कुछ लोग है जो अज्ञानता के कारण चिमटी चिमटा बोलकर भ्रम फैलाया जा रहा है ।जबकि वह डीजे स्टैंट है (किड़नी) गुर्दे के ऑपरेशन के बाद डीजे स्टैंट डालना अनिवार्य होता है।

डॉ.अजय यादव ने पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि खुद मरीज रमेश पटवा की ओर से कोई तहरीर या शिकायती पत्र नहीं दिया गया है, बल्कि किसी अन्य बाहरी व्यक्ति द्वारा यह शिकायत दर्ज कराई गई है। थाना मोहाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने से पहले स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम से जांच करानी चाहिए थी। यदि विभागीय जांच में लापरवाही की बात सामने आती, तब कानूनी कार्रवाई करना उचित होता। लेकिन बिना किसी जांच-पड़ताल के महज दो घंटे के भीतर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। संचालक डॉ.अजय यादव का कहना है कि उन्हें और उनके अस्पताल को बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो चलाकर लगातार साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि वे स्वास्थ्य विभाग की किसी भी निष्पक्ष जांच का सामना करने को तैयार हैं, जिससे मामले की सच्चाई पूरी तरह से सामने आ जाएगा।

### मोटरसाइकिल से गिरकर घायल युवक की मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**महराजगंज, रायबरेली।** शुक्रवार दोपहर मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए 38 वर्षीय रामचंद्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक रामचंद्र पुत्र कन्हैया लाल, निवासी कोटवा मदनिया, महराजगंज के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को करीब 1:55 बजे रामचंद्र मोटरसाइकिल से गिरकर महराजगंज दूध डेयरी के पास घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, रेफर किए जाने के बाद परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल नहीं ले जा सके और वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में ही रहे। शाम तक उपचार के दौरान रामचंद्र की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची महराजगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि मोटरसाइकिल से गिरने के कारण रामचंद्र के घायल होने की सूचना मिली थी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### शौचालय विवाद में मारपीट, तीन गिरफ्तार

दुर्गागंज। भौथर गांव में शौचालय निर्माण को लेकर हुए विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दुर्गागंज पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अतुल, बाकेलाल और अमन चौहान को गौरा तिराहा के पास से पकड़ा। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, भौथर निवासी फूलचन्द चौहान ने दो अगस्त को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि शौचालय निर्माण को लेकर विपक्षी पक्ष ने उनके और परिजनों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# छह किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए 26 वर्षों से ग्रामीण कर रहे रहनुमा का इंतजार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुडू, लोहरदगा, झारखंड:-** लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड अंतर्गत चांपी से धौरा तक करीब छह किलोमीटर लंबी सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2000 में एकीकृत बिहार के समय इस सड़क का निर्माण हुआ था। इसके बाद 26 वर्षों में सड़क का दोबारा निर्माण या मरम्मत नहीं हुई। वर्तमान स्थिति ऐसी है कि सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है और मोटरसाइकिल से आवागमन करना भी जोखिम भरा है। चांपी से धौरा के बीच चांपी, कुंदगदा, डूमरटोली, बहराटोली, चुंदपतरा टोली, सलगी, जोगाटोली और धौरा सहित कई गांव एवं टोले पड़ते हैं। इन सभी गांवों और टोलों की आबादी को मिला दिया जाए तो करीब 20 से 30 हजार लोग इस सड़क पर निर्भर हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले 26 वर्षों में कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इस सड़क के बीच कई विद्यालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र, चर्च, मंदिर, सरना स्थल, हाट-बाजार और दुकानें हैं। किसान, मजदूर, विद्यार्थी और आम ग्रामीण प्रतिदिन जर्जर सड़क के कारण परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण आपात स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। उनका कहना है कि पिछले दिनों सर्पदंश के चार मामलों में पीड़ितों को धौरा से लोहरदगा ले जाने में अधिक समय लग गया, जिससे उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

**सड़क विहीन जौरा गांव में एंबुलेंस पहुंचना भी मुश्किल:**

राजस्व गांव धौरा के अंतर्गत आने वाला जौरा गांव भी सड़क की समस्या से जूझ रहा है। धौरा से करीब तीन से चार किलोमीटर दूर स्थित इस गांव की आबादी लगभग 200 से 250 है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में सड़क नहीं होने के कारण एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पाती है। प्रसव जैसी आपात स्थिति में प्रसूता को खाट या डोला के सहारे मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1983 में यहां से लेटराइट पत्थर डालमिया सीमेंट फैक्ट्री, डेहरी तक भेजा जाता था और उस समय यहां सड़क हुआ करती थी। ग्रामीणों ने जनता दरबार में भी सड़क निर्माण की मांग उठाई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

**असनापानी भी सड़क सुविधा से वंचित:**

वहीं, धौरा से असनापानी गांव तक भी आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी वाले इस गांव में लगभग 84 परिवार निवास करते हैं। ग्रामीण आज भी कच्ची सड़क के सहारे आवागमन करने को मजबूर हैं। इस संबंध में सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और झारखंड सरकार को इस गंभीर समस्या पर शीघ्र ध्यान देते हुए अविलंब सड़क का निर्माण कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी यदि ग्रामीण एक सड़क के लिए 26 वर्षों से इंतजार कर रहे हैं, तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल, जिला प्रशासन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया जाएगा। इसके बावजूद सड़क निर्माण की दिशा में पहल नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## बरही पुलिस की तत्परता से मानसिक रूप से अस्वस्थ 12 वर्षीय बच्ची सकुशल परिजनों को सौंपी



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही थाना क्षेत्र में पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता के कारण मानसिक रूप से अस्वस्थ 12 वर्षीय बच्ची को सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचाया गया। बच्ची करियातपुर, बरही की रहने वाली बताई गई है। जानकारी के अनुसार, बच्ची मानसिक रूप से अस्वस्थ है और अपने घर से निकलकर भटकते हुए दूसरे गांव की ओर चली गई थी। बच्ची के घर से निकलने की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस सक्रिय हो गई। पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को सुरक्षित बरामद कर थाना लाया। इसके बाद उसके परिजनों को थाना बुलाया गया। आवश्यक पहचान एवं प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची के सकुशल मिलने पर परिजनों ने बरही थाना पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता के प्रति आभार जताया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से संभावित अनहोनी को टालने में मदद मिली।

# सीआरपीएफ जवानों की कलाई पर सजी राखी





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि :** देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सेना और सुरक्षा बलों के जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित चरगोला शुगार मिल के एफ-10 सीआरपीएफ कैंप में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आदिवासी समाज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रतिनिधियों ने सीआरपीएफ जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें मिठाई खिलाई। रक्षाबंधन के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह करीब नौ बजे तारबिनछड़ा बागान के आदिवासी समाज की महिला प्रतिनिधियों का एक दल एफ-10 सीआरपीएफ कैंप पहुंचा। महिलाओं ने ड्यूटी पर तैनात जवानों को राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। इसके बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दुर्लभछड़ा खंड की महिला सदस्यों के साथ गोविंद शर्मा, उत्तम पाल, सुभाष नाथ, बाप्पी दास सहित अन्य स्वयंसेवक भी कैंप पहुंचे। उन्होंने भी सीआरपीएफ जवानों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों के जवान दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उनके त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना ही इस रक्षाबंधन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर एफ-10 सीआरपीएफ कैंप की असिस्टेंट कमांडेंट तानिसा गुरे ने आदिवासी समाज और आरएसएस के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने जवानों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाने के लिए उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया और इस पहल की सराहना की।

# सौंदर्य आभा में स्नेही बहना ने बांधी भाई की कलाई पर प्रीत के धागे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** कच्चे धागों में गुंथा 'अमर प्रेम' का अटूट नाता भरा उत्सव 28 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही उत्साह एवं अनुराग भरे सौम्यता पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। रक्षाबंधन की पुनीत व मंगलमयी वेला में बहनों ने अपने भाई के ललाट पर बड़े ही अनुराग भरे भाव लिए तिलक लगाई, मिष्ठान खिलाकर शुभाशीष ली और भाई की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाई ने अपनी प्यारी स्नेही बहना को सदा सुखी-सुहागन रहने का शुभाशीष दिया। रक्षाबंधन को लेकर प्रखंड के मोंगलाबांध, आमकोना, आलूदाहा, फुलझिंझरी, गनपूरा, राजवाहा, सिंहपुर, बेनाकूड़ा, लखीजोल, गोपालनगर, बनडीगा, अंगरगड़िया, नावाडीह, पाथरडांगा, रामदेव कुंडी, बदरीकुंड, चौकीसाल, पारुलिया, तेतुलिया, रामघाटी, तेगुड़िया, पलासी, श्रीधरपाड़ा, बनो ग्राम, राधानगर, नूनाडंगाल, तालवा, लागडुम, खजूर डंगाल, सागबेरिया एवं दुर्गापुर ग्राम में सौम्यता के साथ प्रेमपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। 27 अगस्त को पाकुड़िया के उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर में बहनों ने भाई की कलाइयों पर प्रेम की राखी बांधकर स्नेह का प्रदर्शन किया। जबकि बीच पहाड़ी स्थित एकलव्य विद्यालय की छात्राओं ने थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं पुलिस भाइयों की मजबूत कलाइयों पर प्रीत के धागे बांधकर सुरक्षा का आशीर्वचन लिया। रक्षाबंधन की स्वर्णिम वेला में भाई-बहनों के खिलते प्रसून की अनुराग भरी सुगंध से पाकुड़िया प्रखंड का कोना-कोना सुगंधित होता रहा।

# गोपालगंज सर्किट हाउस में जदयू व्यवसायिक एवं उधोग प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज-** गोपालगंज जिला अतिथि गृह मीटिंग हॉल में जनता दल (यूनाइटेड) व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई ! बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री विशाल कुमार का जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, व्यवसायिक एꣳ उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विंध्याचल कुमार, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के नेता बासुकी नाथ गुप्ता, के साथ अन्य नेताओं ने पुष्प गुच्छ पुष्प माल एवं अंगवस्त्र से स्वागत एवं सम्मानित किया ! समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक विशाल कुमार ने कहा कि पूरे बिहार में हम भ्रमण कर सभी जिला में जद(यू0) व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संगठन की समीक्षा जमीनी स्तर पर कर रहे हैं ! आज हम उसी अभियान के तहत गोपालगंज में पार्टी के साथियों के साथ सर्किट हाउस में वर्तमान में संगठन की स्थिति की समीक्षा करने आए हैं ! माननीय नेता नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी के साथ-साथ व्यवसायिक प्रकोष्ठ संगठन को जिला से प्रखंड और प्रखंड से पंचायत एꣳ बूथ स्तर पर मजबूत करना है करने का संकल्प दिलाने आये है !

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी में हम सभी को अभी से लग जाना है ! वही पार्टी केजिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि जद(यू0) गोपालगंज में मजबूत है यहां हमारे चार विधायक और एक सांसद है, पार्टी के साथ साथ प्रकोष्ठों के संगठन को भी बूथ स्तर पर मजबूत करने का अभियान चलाया जा रहा है ! बिहार में माननीय नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार के उत्तराधिकारी के रूप में निशांत कुमार को मानते हुए बूथ स्तर पर संगठन को विस्तार कर धारदार बनाया जा रहा है आने वाला दिन बिहार में जनता दल यूनाइटेड का हो इसके लिए सभी कार्यकर्ता संकल्पित है ! बैठक को प्रदेश अध्यक्ष विशाल कुमार के अलावे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, विंध्याचल कुमार, बासुकीनाथ गुप्ता, भोला सोनी, रामाशीष सिंह, मिथिलेश कुमार राय, बब्बन कुमार ,राधेश्याम साहनी, योगेंद्र राम, प्रकाश कुमार गुप्ता, धर्मराज प्रसाद सिंह, डॉ० संजय गोस्वामी, टुनटुन शर्मा, बुलेट सिंह, परवेज आलम खा, जयप्रकाश शर्मा, मोहन कुमार सिंह मुखिया, प्रभात कुमार, पंकज कुमार पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे !

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुंडू में हर्षोल्लास से मनाया गया खेल दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुंडू में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने पूरे उत्साह, उमंग और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल दिवस के दौरान बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता, बिस्कुट रेस, ड्रेस रेस, कुर्सी रेस (म्यूजिकल चेयर), रस्सी खींच (टग ऑफ वॉर) और फुटबॉल मैच सहित कई मनोरंजक एवं रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल गतिविधियों के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार यादव के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान शिक्षक आलोक कुमार वर्णवाल, विनय कुमार, दिलीप कुमार यादव, संदीप पासवान, मनु कुमार दास, दीपक कुमार, रौशन कुमार पाण्डेय एवं सूरज कुमार तथा शिक्षिकाएं रानी कुमारी, सबीला जी, बिंदु कुमारी, सती एवं दीपा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए खेलों को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का संदेश दिया।

# आतंकी संगठन से गलबहियां करने वाले मेयर ममदानी को संघ प्रमुख मोहन भागवत का विरोध करने का कोई अधिकार नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत अपने तीन देशों की यात्रा पर हैं। इस यात्रा के क्रम में भागवत जी अमेरिका, कनाडा व ब्रिटेन जाएंगे। परंतु न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी एवं धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी एडवाइजरी संस्था यूएससीआईआरएफ ने अमेरिकी सरकार से वीजा नहीं देने की अपील की है। न्यूयॉर्क में आयोजित इस यात्रा का विरोध करते हुए यह कहा गया है कि संघ से जुड़े हिन्दू संगठनों पर धार्मिक भेदभाव करते हुए अल्पसंख्यकों के विरुद्ध धार्मिक हिंसा का आरोप है। यद्यपि भारत सरकार ने ऐसे निराधार आरोपों को खारिज करते हुए यूएससीआईआरएफ की विश्वसनीयता व आकलन पर भी सवाल उठाया है। वहीं दूसरी ओर ममदानी के विरोध के बीच यूनिवर्सल अवेयरनेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम के आयोजक अमेरिकन हिन्दूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग (एहेड) का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मौजूद खाता निलंबित किए जाने की सूचना है। संघ प्रमुख मोहन भागवत का कार्यक्रम न्यूयॉर्क के मैडिसन गार्डन स्थित इंफोसिस थिएटर में 29 अगस्त को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सभी धर्मों के पांच हजार लोगों व 250 संगठनों के शामिल होने की संभावना है। जोहरान ममदानी भारत विरोधी होने के अलावा आतंकी गुटों के समर्थक रहे हैं। हिन्दू विचार मंच ने एक सवाल के जवाब में कहा है कि आरएसएस सनातन सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षक रहा है और सनातन संस्कृति के मूल घोष वाक्य 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा पर मानवता का पक्षधर है। भारतीय राष्ट्रीय भावना को सर्वोपरि मानते हुए देश के समस्त नागरिकों को प्रेरित करता रहा है। क्या भारतवर्ष में अपनी कालजयी सनातन सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर राष्ट्रीय भाव का प्रचार-प्रसार करना अल्पसंख्यकों के विरुद्ध धार्मिक हिंसा कहना उचित है? हिन्दू विचार मंच ने पूरे जोर देकर दावे के साथ कहा है कि भारत विश्व का सर्वाधिक प्राचीन सांस्कृतिक मूल्य आधारित राष्ट्र है और पंथनिरपेक्ष व प्रजातांत्रिक राष्ट्र है। इस राष्ट्र में बहुसंख्यक सनातनियों ने कभी भी धार्मिक अल्पसंख्यकों को पीड़ित नहीं किया है बल्कि उन्हें धार्मिक अधिकारों के साथ प्रगति की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लेकिन राष्ट्रविरोधी तत्वों को दंड देना राष्ट्रीय धर्म है। मंच का मानना है कि यदि जोहरान ममदानी में साहस है तो वे भारतवर्ष के जम्मू-कश्मीर सहित देश के अन्य नगरों में इस्लाम के नाम पर होती रही आतंकी गतिविधियों की निंदा करने का साहस दिखाएं।

# श्रावण पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम पथरोल में बही भक्ति की सरिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंड।** सिद्धपीठ कालिधाम पथरोल स्थित संकट मोचन धाम में गुरुवार देर शाम श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य भजन-कीर्तन, श्रीहनुमान जी की महाआरती एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रबंधक ने बताया कि संकट मोचन धाम पथरोल में वर्ष 2002 से प्रत्येक पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों के सहयोग से नियमित रूप से महाआरती, भजन संध्या एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी पंडित गौतम पाठक के नेतृत्व में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इसके बाद भजन गायक लालटू पाल, अमित कुमार एवं रामजी रवानी ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत संगत में सुनील पाण्डेय एवं दयानंद झा ने नाल तथा जटाशंकर राउत ने ऑर्गन पर संगत कर भक्ति के माहौल को और मनमोहक बना दिया। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि संकट मोचन धाम में प्रत्येक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं के स्वैच्छिक सहयोग से भजन संध्या एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि भक्तों की आस्था और सहयोग से यह धार्मिक परंपरा पिछले 24 वर्षों से निरंतर जारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश मिश्रा, महेंद्र तिवारी, संतोष पाण्डेय, दिनेश दास, किशुन साह, राम भोक्ता, बिजेन्द्र मंडल, माधो मंडल, उपेंद्र रवानी, सुरेंद्र दास, पंचू शर्मा, अजय रवानी, कारू रवानी, कुमार जितेंद्र, राजकिशोर, गुणधार मंडल, महेंद्र विश्वकर्मा, जग्गू रवानी, जटाशंकर राउत, सुबास पोद्दार, कामदेव महतो, गुड़ा पंडित, वरुण बावरी, बलदेव रवानी, होली मंडल, हीरो यादव सहित अनेक ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम का समापन श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान पूरा संकट मोचन धाम भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यालयों में दिखा खेल उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में नारायणपुर प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में 28 से 30 अगस्त तक खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय शहरपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरदहा समेत प्रखंड के अन्य विद्यालयों में शनिवार को छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यालयों में बच्चों ने उत्साह के साथ खेल गतिविधियों में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना एवं शारीरिक दक्षता विकसित करने पर जोर दिया गया। शिक्षकों ने बच्चों को खेल के महत्व की जानकारी देते हुए नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय लालचंदडीह के शिक्षक गौतम ओझा, नलिन सोरेन, कमाल अंसारी समेत अन्य शिक्षक एवं विद्यालय कर्मी मौजूद रहे। शिक्षकों ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। विद्यालय स्तर पर इस तरह की गतिविधियों से बच्चों की प्रतिभा को सामने आने का अवसर मिलता है। राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत आयोजित कार्यक्रमों को लेकर विद्यालयों में बच्चों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला।

## पाकुड़ व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का हुआ आयोजन




**पाकुड़, झारखंड:-** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीत कुमार चंद्र की अध्यक्षता एवं प्रभारी सचिव विशाल मांझी की देख रेख में मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन पाकुड़ व्यवहार न्यायालय में सम्पन्न हुआ। इस मासिक लोक अदालत में नौ बैंचो का गठन किया गया जिसमें 18 वादों का निष्पादन एवं 1 लाख 93 हज़ार 749 रूपये का समझौता कराया गया। मौके पर प्रधान प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीत कुमार चंद्र, प्रभारी सचिव सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, प्रभारी न्यायधीश विजय कुमार दास समेत न्यायालय कर्मी,अधिवक्ता वादी प्रतिवादी समेत अन्य मौजूद रहे।

# श्रीभूमि जिला के दुल्लभछड़ा बड़ाबाजार में भव्य झूलन यात्रा, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमि:** भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र झूलन यात्रा को लेकर 28 अगस्त शुक्रवार को श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा बड़ाबाजार में उत्सव का माहौल देखने को मिला। वर्ष 1971 से चली आ रही इस पारंपरिक धार्मिक यात्रा में इस बार भी कई नई थीम, आकर्षक सजावट और विशेष आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। झूलन यात्रा का आनंद लेने के लिए सुबह से ही दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक बड़ाबाजार पहुंचने लगे। रूपांजलि क्लब के द्वारा आयोजित झूलन यात्रा में इस बार विभिन्न नई थीम और मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए गए। भगवान श्रीकृष्ण की झूलन यात्रा के भव्य एवं आकर्षक स्वरूप को देखने के लिए हर आयु वर्ग के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं, स्टार क्लब की ओर से भी विशेष आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि क्लब के सदस्यों ने उत्सव के संचालन तथा भीड़ नियंत्रण में सक्रिय सहयोग किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण बड़ाबाजार क्षेत्र चहल-पहल से भरा रहा। धार्मिक आयोजन के साथ-साथ बड़ाबाजार में मेले जैसा माहौल भी देखने को मिला। क्षेत्र में सुबह से ही खाने-पीने की सामग्री, मिठाई, खिलौने और विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की दुकानें सज गई थीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्सव का भरपूर आनंद लिया। नई-नई थीम, आकर्षक सजावट और भव्य आयोजन को देखकर श्रद्धालुओं एवं दर्शकों में खासा उत्साह नजर आया। आयोजन समिति के प्रयासों की लोगों ने जमकर सराहना की। उत्सव में उमड़ी भीड़ ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए उत्सव स्थल पर शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजक क्लबों के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं दर्शकों से परिवार के साथ उत्सव में शामिल होकर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से झूलन यात्रा का आनंद लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। उत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग के लिए आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए राताबाड़ी और निविया पुलिस प्रशासन तथा सीआरपीएफ जवानों के प्रति भी आयोजक समिति ने धन्यवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त की। सुरक्षा व्यवस्था में उनके सहयोग से पूरे आयोजन के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनी रही। वर्ष 1971 से चली आ रही जिले के दुल्लभछड़ा बड़ाबाजार की झूलन यात्रा क्षेत्र के प्रमुख पारंपरिक धार्मिक एवं सामाजिक उत्सवों में से एक है। प्रत्येक वर्ष यह आयोजन लोगों के बीच उत्साह और उमंग का संचार करता है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और भव्य आयोजन के कारण झूलन यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ एक बड़े जनमिलन समारोह का रूप लेती नजर आई।

# पंजाब पुलिस में 1,746 युवाओं को मिली सरकारी नौकरी, मुख्यमंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र

## साढ़े चार साल में पुलिस बल में 13,092 कर्मियों की भर्ती, 3,298 कांस्टेबलों की भर्ती प्रक्रिया जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**जालंधर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को पंजाब पुलिस में चयनित 1,746 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योग्यता के आधार पर युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ पुलिस बल को लगातार मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में पंजाब पुलिस में 13,092 कर्मियों की भर्ती की जा चुकी है। इसके अलावा 3,298 कांस्टेबलों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की 'नो कैश, नो फरमाइश' नीति के तहत बिना किसी पैसे और सिफारिश के केवल योग्यता के आधार पर अब तक 70,840 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। पुलिस बल को और मजबूत करने के लिए सरकार ने जिला कैडर में निरीक्षक, उपनिरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक के 1,600 नए पदों को भी मंजूरी दी है। इन पदों को विभागीय पदोन्नति के माध्यम से भरा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल को मजबूत करने का उद्देश्य पंजाब में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखना तथा अशांति, आतंकवाद के खतरे और सड़क सुरक्षा जैसी उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी नियुक्ति कार्यक्रम की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जालंधर के पीएपी मैदान में पंजाब पुलिस में शामिल होने वाले 1,746 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी चयन पूरी तरह योग्यता के आधार पर किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पंजाब और देश की सुरक्षा के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने युवाओं और उनके परिवारों को नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंजाब पुलिस परिवार में उनका स्वागत है।

# डॉक्टर के पास ले जाने के बहाने बेटे को कंटेनर में ले गए, हत्या का आरोप

## कालिंदी कुंज में युवक की हत्या का खुलासा, पिता समेत दो गिरतार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने कालिंदी कुंज इलाके में सुनसान कंटेनर के अंदर मिले 38 वर्षीय युवक के शव की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक गुल हसन के 64 वर्षीय पिता तालुकदार अंसारी और उसके सहयोगी 49 वर्षीय मोहम्मद वसीम उर्फ अकरम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गुल हसन को डॉक्टर के पास ले जाने के बहाने सुनसान स्थान पर ले जाया गया था। वहां कथित तौर पर पत्थर से हमला करने के बाद कपड़े की रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई।पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त की शाम करीब 7:13 बजे सूचना मिली थी कि एनटीपीसी की दीवार के पास, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से करीब 500 मीटर दूर कच्ची कॉलोनी की गली नंबर-1 में स्थित एक पुराने कंटेनर में एक युवक का शव पड़ा है। स्थानीय स्तर पर इस कंटेनर को 'बबलू का कंटेनर' कहा जाता है। सूचना मिलते ही कालिंदी कुंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव के सिर पर चोट का निशान था और पास में खून के धब्बे वाला कंक्रीट का पत्थर पड़ा मिला। शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी।हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कालिंदी कुंज थाना, विशेष स्टाफ, मादक पदार्थ निरोधक टीम और एएटीएस की चार टीमें गठित की गईं। पुलिस ने आसपास के इलाके और घटनास्थल तक पहुंचने वाले रास्तों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। कई दिनों तक की गई जांच में पुलिस ने कैमरे-दर-कैमरे मृतक की गतिविधियों का पता लगाया। जांच में सामने आया कि मृतक दो अन्य लोगों के साथ घटनास्थल की ओर गया था। सीसीटीवी फुटेज में तीनों को साथ जाते हुए देखा गया, लेकिन इसके बाद मृतक वापस लौटता नजर नहीं आया। पुलिस ने फुटेज और तकनीकी निगरानी के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की। दोनों आरोपियों के गोविंदपुरी स्थित एक सिलाई कारखाने में होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।पुलिस का कहना है कि पूछताछ में पता चला कि गुल हसन मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से जूझ रहा था। जांच के अनुसार, आरोपियों ने उसे डॉक्टर के पास ले जाने की बात कहकर सुनसान कंटेनर तक पहुंचाया। पुलिस का आरोप है कि वहां मोहम्मद वसीम ने पत्थर से उसके सिर पर वार किया, जबकि तालुकदार अंसारी ने भी उस पर हमला किया। इसके बाद कपड़े के टुकड़ों से बनी रस्सी से कथित तौर पर उसका गला घोंट दिया गया। हत्या के बाद शव को कंटेनर में छोड़ दिया गया।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में कथित रूप से इस्तेमाल किया गया कंक्रीट का पत्थर, खून लगे कपड़े और कपड़े की रस्सी बरामद की है। पुलिस अब हत्या के पीछे के पूरे कारण का पता लगाने के साथ फोरेंसिक और तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है। अंतिम चिकित्सकीय राय और अन्य साक्ष्य मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले का खुलासा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी, स्थानीय सूचना और चार टीमों की संयुक्त जांच के आधार पर किया गया है।

# 12 ग्राम हेरोइन समेत दो महिलाएं गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** नशे के खिलाफ चल रही 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत थाना लाडोवाल पुलिस ने दो महिला नशा तस्करों को 12 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना लाडोवाल के एसएचओ एसआई सुखबिंदर सिंह की अगुवाई में की गई। टोल प्लाजा के पास शक के आधार पर पकड़ी गई महिलाएं। जानकारी देते हुए एसएचओ सुखबिंदर सिंह ने बताया कि एसआई जतिंदर कुमार पुलिस पार्टी के साथ 27 अगस्त को इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम जब जालंधर की ओर जा रही थी तो लाडोवाल टोल प्लाजा के पास पेट्रोल पंप की तरफ जाने वाले रास्ते पर दो संदिग्ध महिलाएं खड़ी दिखाई दीं। पुलिस ने शक के आधार पर दोनों महिलाओं को नियमानुसार काबू कर उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में थाना लाडोवाल में मुकदमा नंबर 142 दर्ज कर धारा 21-61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महिंदर कौर पत्नी स्वर्गीय जगजीत सिंह, निवासी गांव भोलेवाल जदीद और सुखबिंदर कौर पत्नी गुरदीप सिंह, निवासी गांव पंज ढेरा, तलवंडी कलां के रूप में हुई है। एसएचओ सुखबिंदर सिंह ने बताया कि दोनों गिरफ्तार महिलाओं की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष के बीच है। इनमें से सुखबिंदर कौर के खिलाफ पहले भी नशा तस्करी का एक मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। रिमांड के दौरान पुलिस यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि आरोपी महिलाएं हेरोइन कहां से लेकर आती थीं और इसे किन लोगों को सप्लाई करती थीं।

# हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने एम.जी.एन. कॉलेज जालंधर का किया दौरा



**जालंधरः** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज स्थानीय एम.जी.एन. कॉलेज जालंधर का दौरा किया। इसी कॉलेज से उन्होंने वर्ष 1989-1990 में बी.एड. की शिक्षा प्राप्त की थी। एम.जी.एन. कॉलेज के स्टाफ से रूबरू होते हुए कैबिनेट मंत्री ने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाया जाए, ताकि वे शिक्षा हासिल कर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें और खुशहाल एवं विकसित पंजाब के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पंजाब को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के अथक प्रयासों के चलते आज पंजाब शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन गया है।

# 'नन्हे कदम' के तहत 410 विद्यार्थियों को बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लुधियाना।** बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'नन्हे कदम' पहल के तहत सरकारी प्राथमिक विद्यालय, शेरपुर खुर्द में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंजाब बाल अधिकार आयोग की उपाध्यक्ष गुंजीत रुचि बावा ने विद्यालय के 410 विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान गुंजीत रुचि बावा ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने, आत्मविश्वास मजबूत करने और किसी भी प्रकार के गलत व्यवहार, परेशानी अथवा उपेक्षा का सामना होने पर चुप नहीं रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक और सहयोगी वातावरण में रहने तथा आगे बढ़ने का अधिकार है। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सुरक्षा, भावनात्मक स्वास्थ्य और नशे के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी होती है तो वे अपनी बात माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी भरोसेमंद व्यक्ति के साथ जरूर साझा करें। कार्यक्रम में बाल हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी विशेष रूप से जागरूक किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों को बताया गया कि किसी बच्चे को संरक्षण, सहयोग अथवा तत्काल सहायता की आवश्यकता होने पर समय पर मदद लेना बेहद जरूरी है। विद्यालय के प्रभारी जगमोहन ने 'नन्हे कदम' पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को न केवल उनके अधिकारों की जानकारी देते हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर अपनी बात रखने और सहायता मांगने का आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। कक्षा पांच के एक विद्यार्थी ने कार्यक्रम के बारे में अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि विद्यालय में पहली बार इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके माध्यम से उसे अपने अधिकारों के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर सहायता के लिए संपर्क करने की महत्वपूर्ण जानकारी मिली। यह जागरूकता अभियान 'आस एहसास' गैर सरकारी संगठन के सहयोग से आयोजित किया गया। संगठन के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को लेखन सामग्री वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। इससे कार्यक्रम बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ यादगार भी बना। 'नन्हे कदम' पहल के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने तथा उनके लिए सुरक्षित एवं सहयोगी वातावरण सुनिश्चित करने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल सिर्फ नाम का, विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से परेशान क्षेत्रवासी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को लेकर क्षेत्रवासियों में बढ़ रहा असंतोष जिले के दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने का आरोप लगाया जा रहा है। गंभीर अथवा विशेषज्ञ उपचार की आवश्यकता पड़ने पर आज भी क्षेत्र के मरीजों को श्रीभूमि सिविल अस्पताल अथवा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ता है। इस स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अस्पताल में ईएनटी (कान, नाक एवं गला), त्वचा रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग और दंत चिकित्सा सहित कई महत्वपूर्ण विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा हाथ टूटने अथवा हड्डी में चोट लगने जैसी स्थिति में भी आवश्यक प्लास्टर और संबंधित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण मरीजों को श्रीभूमि सिविल अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।

स्थानीय लोगों का सवाल है कि यदि गंभीर और सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए भी मरीजों को बार-बार दूसरे अस्पतालों में भेजना पड़े, तो दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल को किस हद तक 'मॉडल' कहा जा सकता है? उनका कहना है कि अस्पताल कई मामलों में मरीजों को इलाज उपलब्ध कराने के बजाय दूसरे अस्पतालों में रेफर करने का केंद्र बनकर रह गया है। इस स्थिति का सबसे अधिक असर मरीजों और उनके परिजनों पर पड़ रहा है। इलाज के लिए दूसरे अस्पतालों तक आने-जाने में अतिरिक्त समय और धन खर्च होता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह परेशानी और गंभीर हो जाती है। कई मरीज मजबूरी में श्रीभूमि के निजी चिकित्सकों से उपचार कराने को विवश होते हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, श्रीभूमि सिविल अस्पताल में भी इलाज के लिए मरीजों को लंबे समय तक कतार में इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में दुल्लभछड़ा से मरीजों को बार-बार बाहर रेफर किए जाने से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। विशेषकर आपातकालीन परिस्थितियों में विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा का अभाव गंभीर चिंता का विषय बन सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल अस्पताल का नाम बदलने, भवन तैयार करने या बुनियादी ढांचा विकसित करने से स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर नहीं हो सकती। अस्पताल को वास्तव में मॉडल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, आवश्यक जांच सुविधाओं, संबंधित विभागों की नियमित सेवाओं तथा मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। क्षेत्रवासियों ने इस मामले में असम के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

लोगों की मांग है कि दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल में जल्द से जल्द आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए और सभी महत्वपूर्ण विभागों में नियमित चिकित्सा सेवाएं शुरू की जाएं। क्षेत्रवासियों की स्पष्ट मांग है कि दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल सिर्फ नाम से मॉडल न रहे, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और पूर्ण चिकित्सा सेवाओं के मामले में भी वास्तव में 'मॉडल' बने।

# समाज के प्रति समर्पण खींच लाई जन्मभूमि तक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



समाज सेवा बहुत बड़ी सेवा है यह गुण किसी किसी में आता है वह भी अगर उसके कुल खानदान की सोच जब सच्ची होती है तब उस कुल में समाज के प्रति चिंतक व्यक्ति का जन्म होता है। आपको बता दें कि दिल्ली के विधान सभा पटेल नगर में अगर किसी समाज सेवक का नाम लिया जाय तो पहला नाम एस के चौबे का आ ही जाता है, यह किसी को प्रोत्साहित या निराश करने के लिए बोला जा रहा है बल्कि यह वास्तविकता है। एस के चौबे अपने टीम के साथ मिलकर दिल्ली में तो समाज की सेवा बड़े स्तर पर कर ही रहे है जैसे कि शिक्षा के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना गरीब कन्याओं की शादी करवाना, रेहड़ी, पटरी वालों के लिए संघर्ष करना, झुग्गी झोपड़ी वालों के लिए संघर्ष करना, नशे के खिलाफ संघर्ष करना जैसे तमाम समाजहित का कार्य करते रहते है।अब एस के चौबे द्वारा अपने जन्मस्थली जौनपुर के अपने निज गांव के प्राथमिक विद्यालय को 5 कंप्यूटर भेंट किए। पूछने पर बताएं कि आज कल निजी संस्थानों से बच्चों को शिक्षा दिलाना एक चलन सा हो गया है जबकि सरकारी विद्यालयों में शिक्षित शिक्षक होने के बावजूद भी लोग अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालयों में करवाने से कतराते है जबकि गरीबों के लिए आखिरी आश्रय यह सरकारी विद्यालय ही है ये ऐसे बच्चे होते है जिनको कॉपी पेंसिल भी बड़े मुश्किल से उनके मां बाप दिला पाते है। ऐसे बच्चों को आज के आधुनिक युग की पढ़ाई नसीब हो पाना मुश्किल है इसलिए इन बच्चों के उज्जवल भविष्य और अच्छे शिक्षा हेतु यह उपहार स्वरूप 5 कंप्यूटर दिया गया है। विद्यालय के अध्यापक भी वचनबद्ध है कि अब हम अपना 100% देकर इन बच्चों को मेहनत करके पढ़ाएंगे और इनको निजी संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों से भी बेहतर बनाएंगे। एस के चौबे का कहना है कि अगर हमारे इस कदम से कुछ बच्चे भी अच्छे से पढ़ने लिखने लगे और आगे निकल गए तो जीवन में समाज सेवा का फल मिल जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी से भी एस के चौबे संपर्क में है विद्यालय को जिले में एक स्थान दिलाने के लिए और जल्द ही विद्यालय को स्मार्ट क्लास में बदलने के लिए संकल्पित है। विद्यालय के कुछ खिड़की दरवाजा भी ठीक करवाए और जो छत टपक रहे है उसको मरम्मत कराने के लिए भी बोल दिये है।

आज के समय में जहां एक कमाने खाने वाला आदमी अपना व अपने बच्चों का पेट पालने और खुद के विकास के लिए परेशान है चोरी बेइमानी सब कर रहा है वही एस के चौबे यह जिम्मेदारी निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपनी क्षमतानुसार समाजहित के कार्यों में अपना सहयोग देते रहते है। अभी विगत वर्ष दिल्ली के पटेल नगर में भी एस के चौबे ने बच्चों के अच्छी शिक्षा के लिए कंप्यूटर दान किए थे। आखिरी में चौबे ने बताया कि जो मुझसे हो सका मैंने किया अब जिम्मेदारी हमारे गांव और समाज के लोगों का है कि अपने बच्चों को इस विद्यालय तक पहुंचाए, संसाधनों की देख रेख करें और अध्यापकों के शिक्षण गतिविधियों पर भी ध्यान दें।

# राखी बांध बहनों ने दिया नशामुक्त जीवन का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटियाला।** राखी के अवसर पर सरकारी राजिंदरा अस्पताल पटियाला के मॉडल नशा मुक्ति केंद्र में भावुक और प्रेरणादायक माहौल देखने को मिला। उपचार के लिए भर्ती करीब 50 व्यक्तियों की बहनों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनकी कलाई पर राखी बांधकर उन्हें नशे से दूर रहने और नशामुक्त जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत नशे की लत से मुक्त हुए व्यक्तियों, जिन्हें 'सूरमा' नाम दिया गया है, ने भी विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने उपचाराधीन व्यक्तियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें नशे की लत छोड़कर स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन की ओर लौटने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति मोर्चा के नेता यादविंदर सिंह संधू गोल्डी, मोर्चा इंचार्ज पटियाला देहाती, तथा सर्व प्रेम गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों ने भी लोगों से नशे से दूर रहने और राखी के पवित्र अवसर पर नशा न करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। गोल्डी संधू लादेन ने कहा कि 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। राजिंदरा अस्पताल के मनोरोग विभाग के प्रमुख डॉ. रजनीश राज और मॉडल नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी डॉ. रोहित गर्ग ने उपचाराधीन व्यक्तियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपचार को सफल बनाने के लिए जरूरी सुझाव भी साझा किए। डॉ. रजनीश राज ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के नेतृत्व में मॉडल नशा मुक्ति केंद्र में 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत अब तक करीब 800 व्यक्तियों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा चुका है। डॉ. रोहित गर्ग ने बताया कि मनोरोग विभाग में मेथाडोन अनुरक्षण उपचार क्लिनिक भी संचालित किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन करीब 10 मरीजों को नशा छोड़ने के लिए आवश्यक दवा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। कार्यक्रम में डॉ. अदिति बंसल भी मौजूद रहीं। उपचार के लिए भर्ती व्यक्तियों ने बताया कि वे बुरी संगत के कारण नशे के जाल में फंस गए थे। हालांकि, पंजाब सरकार की मुहिम के तहत मिल रहे उपचार से उन्हें नशे से मुक्ति की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि वे नशे का पूरी तरह त्याग कर समाज की मुख्यधारा में लौटने और 'सूरमा' बनने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# सरहद पार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े छह आरोपी गिरफ्तार, 2.9 किलो हेरोइन और आठ पिस्तौल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमृतसर।** स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर और काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने दो अलग-अलग अभियानों में कार्रवाई करते हुए सरहद पार से संचालित हथियार एवं नशा तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.9 किलोग्राम हेरोइन, आठ पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इंदरपाल सिंह और सिकंदरजीत सिंह, दोनों निवासी गांव भिंडी औलख, अमृतसर, हैप्पी सिंह उर्फ वीरपाल सिंह निवासी कक्कड़, अमृतसर, सुनील मसीह और राजन मसीह, दोनों निवासी माहल, गुरदासपुर तथा प्रदीप सिंह निवासी नूरपुर, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने नशे और हथियारों की बरामदगी के साथ आरोपियों के कब्जे से एक हुंडई वेन्यू कार संख्या पीबी02एफसी-2504 और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या पीबी 06 बीएच-3784 भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार इन वाहनों का इस्तेमाल तस्करी से जुड़ी गतिविधियों में किया जा रहा था। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सरहद पार से संचालित तस्करी नेटवर्क के संपर्क में थे। वे ड्रोन के माध्यम से भेजी जाने वाली हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप प्राप्त कर उन्हें राज्य में सक्रिय आपराधिक तत्वों तक पहुंचाते थे। उन्होंने कहा कि नेटवर्क के आगे और पीछे जुड़े लोगों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पहली कार्रवाई के संबंध में एआईजी सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर की टीम को सूचना मिली थी कि सुनील और राजन ने अवैध पिस्तौलों की बड़ी खेप हासिल की है। दोनों यह खेप अमृतसर के गांव नूरपुर क्षेत्र में अपने साथी प्रदीप सिंह को पहुंचाने वाले थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को सात पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार कर लिया। दूसरी कार्रवाई में एसएसओसी अमृतसर की टीम ने इंदरपाल सिंह, सिकंदरजीत सिंह और हैप्पी सिंह को 2.9 किलोग्राम हेरोइन तथा एक पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। एआईजी सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि तस्करी नेटवर्क की पूरी कड़ियों का पता लगाने के लिए जांच आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियां एवं बरामदगी होने की संभावना है।

इस संबंध में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पहला मामला एफआईआर संख्या 53, दिनांक 27 अगस्त 2026 को शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25 और 25(8) तथा भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। दूसरा मामला एफआईआर संख्या 52, दिनांक 27 अगस्त 2026 को एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं 27, 25 और 29, शस्त्र अधिनियम की धारा 25 तथा भारतीय वायुयान अधिनियम की धाराओं 25, 26, 27, 28 और 29 के तहत थाना एसएसओसी अमृतसर में दर्ज किया गया है।

# बाघ के हमले में किसान की मौत को लेकर परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश

## मृतक का शव रखकर लगाया जाम, 10 लाख मुआवजा व सरकारी नौकरी आदि मांगे रखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** खेत की निगरानी करने गए ग्रामीण की वन्य जीव के हमले में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल उन्हें गन्ने के खेत से बाहर निकाला। घायल को उपचार हेतु निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया इस घटना को लेकर परिजनों के साथ ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने शव सड़क पर रखकर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन के समझाने बुझाने पर मुआवजा सरकारी नौकरी सहित कई मांगों को लेकर एक पत्र सौंपा गया। प्रशासन के आश्वासन पर मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया था। थाना हजारा क्षेत्र के गांव शांतिनगर निवासी किसान मुंशी प्रसाद के पुत्र संजय कुमार ने तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मुंशी प्रसाद 28 अगस्त को अपने खेत की निगरानी करने गए थे। इसी दौरान बाघ उन पर हमला कर उन्हें गन्ने के खेत में खींच ले गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। जिस पर उन्हें निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जिसने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मृतक के आश्रितों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा प्रधानमंत्री अथवा अन्य सरकारी आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही वन विभाग की कथित लापरवाही की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की भी मांग उठाई गई है। घटना के बाद शुक्रवार रात से परिजन और ग्रामीण शव को रामनगर तिराहे पर रखकर जाम लगाए रहे। शनिवार दोपहर करीब एक बजे तक जाम जारी रहा। मौके पर एसडीएम मयंक गोस्वामी, तहसीलदार आशिष गुप्ता, हजारा थानाध्यक्ष सरद यादव, पूरनपुर कोतवाल पवन पांडे सहित कई थानों की पुलिस मौजूद रही। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम खोला गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों पर चिंता जताते हुए समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# नवाबगंज पुलिस ने चोर दबोचा, चोरी की बाइक बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत घनाराम का पूरवा स्थित मोहरब के पास मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को रुकने का ईशारा करने पर मोटरसाइकिल सवार द्वारा मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया गया जिसे आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पकड़ लिया गया जिससे पूछताछ पर अपना नाम बलजीत गौतम पुत्र रामदेव हरिजन निवासी अमृक्षलालपुर पूरेघासी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज बताया। उसके कब्जे से दिनांक-27.08.2026 को थाना सिविल लाइन्स स्थित साकेत होटल के पास से चोरी किया गया मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उक्त मोटरसाइकिल चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन्स प्रयागराज पर मु0अ0सं0-426/2026 धारा-303(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत है। उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-370/2026 धारा-317(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत किया गया। गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा दिनांक-28.08.2026 को अभियुक्त बलजीत गौतम पुत्र रामदेव हरिजन निवासी अमृक्षलालपुर पूरेघासी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत घनाराम का पूरवा स्थित मोहरब से चोरी की 01 मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेन्डर ( थाना सिविल लाइन्स पर पंजीकृत मु0अ0सं0-426/2026 धारा-303(2) से सम्बंधित) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0 370/2026 धारा 317(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा- 317(4) की बढ़ोत्तरी करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त बलजीत गौतम उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त बलजीत गौतम उपरोक्त द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें सस्ते दामों में बेचकर उससे जो भी रुपया मिलता था, उससे अपना खर्च व शौक पूरा किया जाता था।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षाबंधन पर डीसीपी ने शांति व्यवस्था सुदृढ़ की।

**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस उपायुक्त गंगानगर द्वारा रक्षाबंधन व आगामी त्यौहारों



के दृष्टिगत क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जोन गंगानगर के विभिन्न थाना क्षेत्रांतर्गत प्रमुख चौराहों, मार्गों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव/फूलपुर/थरवई मौजूद रहे।

### सोलर किट के नाम पर 2.46 लाख की ठगी,मुकदमा दर्ज।

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में साइबर फ्रॉड का एक मामला सामने आया है। आदर्श नगर कालोनी, डभांव, डांडी निवासी अखिलेश कुमार पाण्डेय पुत्र अवध बिहारी पाण्डेय ने थाना प्रभारी नैनी को प्रार्थना पत्र दिया गया था ।प्रार्थी के अनुसार उनकी फर्म मेसर्स नेक्स्ट पावर एंटरप्राइजेज के खााते से दिनांक अप्रैल में 2,46,751 रुपये मेसर्स सनरूट एनर्जी सोल्यूशन्स प्रा. लि. के खााते में, एनईएफटी के माध्यम से भेजे गए थे ।आरोप है कि कंपनी ने परफोर्मा इनवॉइस के अनुसार 50% धनराशि एडवांस के रूप में मांगी थी और बाकी रकम सामान प्राप्ति के समय देने की बात कही थी। भेजा जाने वाला सामान सोलर किट था। प्रार्थी का आरोप है कि एडवांस भुगतान के बाद कंपनी की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला और फोन कॉल व मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया गया, जिससे स्पष्ट हो रहा है कि पार्टी धोखा कर रही है। पीड़ित ने अपना एडवांस पैसा 2,46,751 रुपये वापस दिलाने में सहायता की गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र के साथ पार्टी का जीएसटी सर्टिफिकेट, अकाउंट डिटेल्स, एनईएफटी ट्रांजेक्शन डिटेल्स, परफोर्मा इनवॉइस कॉपी, आधार कार्ड कॉपी और व्हाट्सएप कम्युनिकेशन डिटेल्स संलग्न की गई है। मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी।

### नगर से देहात तक धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** रक्षाबंधन का पर्व नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर हाथ में राखी बांधी। मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा भी कराया। पूरनपुर-कलीनगर मार्ग पर परिवहन विभाग द्वारा कोई रोडवेज बसें न चलाने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिससे महिलाएं इस मार्ग पर मुफ्त यात्रा का लाभ नहीं उठा सकी। जबकि यह मार्ग तो तहसीलों को जोड़ने वाला है। शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बाँधा और बहनों को भाइयों ने दक्षिणा भेंट की। इस पावन पर्व पर क्षेत्र के मार्गों पर काफी चहल-पहल रही। इसके अलावा पूरनपुर-कलीनगर मार्ग पर जिला प्रशासन द्वारा परिवहन विभाग की कोई रोडवेज बसों की व्यवस्था न करने से राहगीरों एवं महिलाओं को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। जिससे महिलाएं इस मार्ग पर मुफ्त यात्रा का लाभ नहीं उठा सकी। जबकि यह मार्ग तो तहसीलों को जोड़ने बाला है। कई राहगीरों को मार्ग पर वाहन न मिलने से पैदल यात्रा का ही सहारा लेना पड़ा।

# धूमधाम से निकली मां विंध्यवासिनी की जन्मोत्सव शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** ऊं जय मां विंध्यवासिनी पद यात्रा समिति के द्वारा 42 वां मां विंध्यवासिनी की जन्मोत्सव शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नीरज केसरवानी ने मां विंध्यवासिनी देवी को श्रृंगार रथ पर सवार करा कर विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर ने मां विंध्यवासिनी देवी की आरती पूजन कर और सह संरक्षक राजेश केसरवानी ने नारियल फोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा के व्यवस्थापक घनश्याम गुप्ता ने आए हुए अतिथियों को और पदयात्रियों को चुनरी पहना कर स्वागत किया ।शोभा यात्रा में डीजे बैंड, ढोल नगाड़ा, भांगड़ा, धर्म ध्वज पताका के संग दर्जनों मां विंध्यवासिनी देवी की झांकी शामिल रही। शोभायात्रा मार्ग में जगह जगह पर भक्तों ने मां की आरती उतारी ।शोभायात्रा मुट्ठीगंज से होते हुए रामभवन,कोठापारचा, बैहराना,नैनी होते हुए विंध्याचल धाम की रवाना हुई ।कार्यक्रम के व्यवस्थापक घनश्याम गुप्ता, बृजेश जायसवाल, राजेश केसरवानी, अजय अग्रहरि, मनीष जायसवाल,किशन चंद्र जायसवाल,रिंकू जायसवाल,आकाश जायसवाल, आदि सैकड़ो पदयात्री उपस्थित रहे।

# दूसरे प्रांत मजदूरी करने गए युवक की साथी ने चाकू मार कर की हत्या

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** गांव के युवकों के साथ दूसरे प्रांत मजदूरी करने गए युवक को गांव के ही रहने वाले ठेकेदार ने चाकू मारकर हत्या कर दी। जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और इस मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हजारा क्षेत्र के गांव विजयनगर निवासी सीताराम (30) गांव के ही ठेकेदार अरुण कुमार के साथ कर्नाटक में निर्माण अधीन निजी चीनी मिल में काम करने गया था। इस दौरान उसके साथ गांव के अन्य युवक भी गए थे। बताया जाता है कि 23 अगस्त की शाम मजदूरी के भुगतान को लेकर हुई कहासुनी में ठेकेदार अरुण कुमार ने सीताराम की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया, जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई विमलेश कुमार ने बताया कि सीताराम करीब तीन महीने पहले गांव के अन्य युवकों के साथ कर्नाटक के बेलगांव जिले के घटपुरवा थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन निजी चीनी मिल में काम करने गया था।

# रक्षाबंधन पर जीवन पुष्प आश्रम में सेवा भावना की मिसाल

## गरीब महिलाओं और बच्चों को भोजन-सामग्री वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर नैनी के अरैल क्षेत्र की देवरख रोड स्थित जीवन पुष्प आश्रम में मानवता और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। जहाँ समाजसेवी बबलू पांडेय द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में गरीब, असहाय महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई,जिसमें बाल्टी, कपड़े, बिस्कुट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। सामग्री पाकर महिलाओं और बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। भारी बारिश के बीच भी कार्यक्रम अनवरत रूप से चलता रहा,जो आयोजकों के दृढ़ संकल्प और सेवा भावना को दर्शाता है।इस अवसर पर समाजसेवी बबलू पांडेय ने बताया कि वे रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष ग्रामीण क्षेत्रों की गरीब महिलाओं एवं बच्चों के लिए इस प्रकार के आयोजन करते हैं।उनका उद्देश्य है कि त्योहार की खुशी समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद खुद को अकेला महसूस न करे।सामग्री वितरण के उपरांत आश्रम परिसर में गरीब महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# केंद्रीय चिकित्सालय रेलवे में की गई एक जटिल सर्जरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज ने आधुनिक सर्कुलर स्टेपलर तकनीक से पहली बार बिना टांके आंतों को जोड़ने (इंटेस्टाइनल एनास्टोमोसिस) का सफल ऑपरेशन करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दिनांक 24 अगस्त 2026 को लगभग 4 घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन (एंड-टू-एंड कोलोरेक्टल एनास्टोमोसिस) के माध्यम से 31 वर्षीया मरीज ममता मौर्या को राहत प्रदान की गई, जो पिछले तीन महीनों से पेट के रास्ते मल त्याग करने को मजबूर थीं। बिना किसी टांके वाली इस अत्याधुनिक तकनीक से आंत की निरंतरता पुनः स्थापित हुई और मरीज ने 27 अगस्त 2026 को सामान्य मार्ग से सफलतापूर्वक मल त्याग किया। मरीज की हालत पूरी तरह स्थिर है और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। इस सफल सर्जरी का नेतृत्व मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं ऑनरेरी विजिटिंग कंसल्टेंट सर्जन डॉ. शबी अहमद तथा सेंट्रल हॉस्पिटल के वरिष्ठ रेलवे सर्जन डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सर्जिकल टीम में हाउस सर्जन डॉ. सौरभ कुमार मौर्य, एनेस्थीसिया टीम के प्रमुख वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट डॉ. आलोक कुमार यादव, चीफ नर्सिंग सुपरिटेंडेंट श्रीमती मंजू सोनकर, सीनियर नर्सिंग सुपरिटेंडेंट श्री हरीश कुमार शर्मा, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट अंशिका, ड्रेसर आरती प्रसाद तथा चिकित्सा सहायक अमित शुक्ला, मनमोहन, श्री मूलचंद, श्रीमती रेखा एवं राजेंद्र तिवारी ने उत्कृष्ट योगदान दिया। चिकित्सा निदेशक डॉ. संजीव कुमार हंडू एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र नाथ ने पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि इस उपलब्धि से रेलवे लाभार्थियों को अपने ही अस्पताल में अत्याधुनिक इलाज मिलेगा, बाहरी अस्पतालों में रेफरल की आवश्यकता कम होगी, रेलवे के चिकित्सा व्यय में बचत होगी तथा अस्पताल की सर्जिकल क्षमताओं का विस्तार होगा।

# नैनी में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** रक्षा बंधन का त्यौहार नैनी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों और प्रमुख मार्गो पर पर्व को लेकर चहल-पहल देखने को मिली। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।रक्षाबंधन को लेकर क्षेत्र में पूरे दिन उत्साह का माहौल रहा। हनुमान नगर, स्टेशन रोड, कॉटन मिल, पीएसी कॉलोनी, यमुनानगर गली, नैनी बाजार सहित विभिन्न इलाकों में लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। कई परिवारों में बहनों ने अपने भाइयों के घर पहुंचकर राखी बांधी, जबकि दूर रहने वाली बहनों और भाइयों ने फोन एवं वीडियो कॉल के माध्यम से एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।रक्षाबंधन के चलते बाजारों में भी काफी भीड़ रही। राखी, मिठाई एवं उपहारों की दुकानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही।पूरे नैनी क्षेत्र में भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन उत्साह के साथ मनाया गया।

# भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय मंत्री ने बहनों संग मनाया रक्षा बंधन का पर्व

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर केंद्रीय मंत्री ने बहनों के संग रक्षा बंधन का पर्व मनाया। यहां उन्होंने बहनों से राखी बंधवा कर उसकी रक्षा करने का भरोसा दिलाते हुए बहनों को भेंट भी दी। पीलीभीत स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर जिले भर से एकत्रित हुई बहनों ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने उपहार भेंट कर बहनो को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला महामंत्री महादेव गाईन, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, आयुष मिश्रा, अतिंदर पाल सिंह, जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल, पंकजा तिवारी, सत्यपाल वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, शशि बाला कटियार, नगर अध्यक्ष इन्द्रेश चौहान, देव स्वरूप पटेल, अंशुमन तिवारी, अमनदीप मिश्रा, सुधीर चौधरी, अकलीम अहमद मलिक, शीतल रावत, ममता श्रीवास्तव, हेमराज दिवाकर सहित जनपद की बहने उपस्थित रही।

# उत्तर मध्य रेलवे कौशल विकास के वर्ष 2026-27 के लिए 3,205 एक्ट अप्रेंटिस सीटों की घोषणा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे ने अप्रेंटिस अधिनियम के तहत अपने प्रयासों को गति प्रदान करने के क्रम में राष्ट्र निर्माण और युवाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। वर्ष 2026-27 के लिए ज़ोन ने युवाओं को ऑन-द-जॉब व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपनी सीटों में महत्वपूर्ण वृद्धि की । वर्ष 2026-27 के प्रशिक्षण चक्र के लिए कुल 3,205 सीटों की अधिसूचना जारी की गई है, जो पिछले वर्ष (2025-26) की 1,800 सीटों की तुलना में एक बड़ी वृद्धि है प्रयागराज मंडलः 1,462 सीटें झांसी मंडलः 856 सीटे आगरा मंडलः 547 सीटें झांसी वर्कशॉपः 226 सीटें ट्रैक मशीन लाइन / मुख्यालयः 82 सीटें मुख्यालयः 32 सीटें समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धताः समान अवसर सुनिश्चित करते हुए, कुल सीटों में से 152 सीटें दिव्यांगजन (PwBD - Persons with Benchmark Disabilities) के लिए क्षैतिज (horizontal) रूप से आरक्षित की गई हैं।




**नए ट्रेड्स का समावेशः।**आधुनिक उद्योग की मांगों के अनुरूप कई नए तकनीकी और कंप्यूटर-आधारित ट्रेड्स जोड़े गए हैं। इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA), मल्टीमीडिया एंड वेब पेज डिजाइनर, CAD-CAM ऑपरेटर कम प्रोग्रामर, सर्वेयर, मैसन (भवन निर्माण), सेनेटरी हार्डवेयर फिटिंग, और बिल्डिंग मेंटेनेंस तकनीशियन आदि शामिल हैं। प्रशिक्षण एवं स्टाइपेंडः एक्ट अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि लगभग 01 वर्ष होगी। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षार्थियों को सहायता के रूप में लगभग ?9,000 प्रति माह का नियमित स्टाइपेंड दिया जाएगा। प्रमाणपत्र - प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर उम्मीदवारों को नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। यह प्रमाणपत्र महानिदेशालय प्रशिक्षण के तहत राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा जारी किया जाता है। रेलवे नौकरियों में लाभ (RBE 51/2022): रेलवे बोर्ड के परिपत्र RBE 51/2022 के तहत, रेलवे प्रतिष्ठानों से प्रशिक्षित कोर्स पूरा कर चुके एक्ट अप्रेंटिस (CCAAs) को ओपन मार्केट भर्ती के माध्यम से लेवल-1 के पदों में 20% का क्षैतिज आरक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, उन्हें अंतिम लिखित परीक्षा के अंक में उनके NCVT परीक्षा के अंकों का 1/3 वेटेज मिलता है और उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) से पूरी तरह छूट दी जाती है। सीटों की संख्या बढ़ाकर और नए ट्रेड्स को शामिल करके, NCR युवाओं को व्यावहारिक तकनीकी प्रशिक्षण देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आवेदन कैसे करेंः योग्य उम्मीदवार रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (RRC), प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट www.rrcpryj.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः 31.08.2026

# बाइक और कार की टक्कर के बाद तो पक्ष आये आमने-सामने

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** बाइक और कार की मामूली टक्कर के बाद दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। नोकझोंक के बाद दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे और डंडे चलने लगे। मुख्य बाजार में मारपीट से अफरा-तफरी मच गई। दहशत के चलते कई व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति संभाली। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बीते बुधवार की शाम पूरनपुर निवासी कुछ युवक मनोहर चाय विक्रेता अनस से मिलने कार से कलीनगर आए थे। इसी दौरान वार्ड नंबर एक निवासी युवक दुकान से राखी खरीदकर बाइक से लौट रहा था। रास्ते में उसकी बाइक की कार से टक्कर हो गई। इसी बात को लेकर बाइक सवार और कार सवार युवकों में कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर कार सवार युवकों ने बाइक सवार के साथ मारपीट कर दी। जानकारी मिलते ही बाइक सवार के पक्ष से भी कई लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और बाजार में डंडे तथा लात-घूंसे चलने लगे। अचानक हुए हंगामे से दुकानदारों में खलबली मच गई और कई व्यापारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर दुकानें बंद कर दीं ।सूचना पर कलीनगर चौकी प्रभारी सैफ खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। चौकी प्रभारी के मुताबिक सुबह भी दोनों पक्षों से बातचीत की गई और फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है ।बताया जा रहा है कि मुख्य बाजार में पूरनपुर निवासी एक युवक ने मनोहर चाय की फ्रेंचाइजी लेकर दुकान खोली है। आरोप है कि दुकान पर अक्सर अनावश्यक भीड़ जमा रहती है, जिससे विवाद की स्थिति बनती रहती है। लोगों का कहना है कि सड़क पर कुर्सियां आदि रखे जाने से यातायात भी प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों ने बाजार में यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने और सड़क पर अतिक्रमण रोकने की मांग की है। कलीनगर चौकी प्रभारी सैफ खान ने बताया कि पूरनपुर के युवक की कार बाइक से टच हो गई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। मौके पर पहुंचकर सभी को समझा दिया गया। किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। सुबह भी दोनों पक्षों से बातचीत की गई है। फिलहाल शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# प्लास्टिक के कप मे चाय पीना है जानलेवा

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** खुले बाजार में रंग बिरंगी पन्नियों में चाय लाकर प्लास्टिक चढ़े कप में चाय पिये जाने का प्रचलन दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते इसे रोका नहीं गया तो जनस्वास्थ्य के प्रति गंभीर परिणाम होंगे और लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इससे कैंसर भी हो सकता है। बाजार में आम तौर पर बिकने वाली प्लास्टिक की पन्नियां व कप रिसाइकिल्ड होते हैं, जिन्हें विसफिनोल ए नामक एक जहरीला रसायन प्रयोग किया जाता है। अब तक हुये तमाम परीक्षणों में इसके प्रयोग पर कैंसर जैसी घातक बीमारी होने की पुष्टि हुई है। प्लास्टिक के पात्र में गर्म या ठण्डा पदार्थ कोई रखा जाये उसके जहरीले रसायन उक्त दोनों ही स्थितियों में उसमें रखे पदार्थ में घुल जाते हैं और सेवन करने वाले पर विभिन्न गंभीर बीमारियों के रूप में आक्रमण कर देते हैं। इस गम्भीर समस्या को लेकर नगर के युवा चिकित्सक ने विरुद्ध अभियान चलाकर इसकी रोकथाम करने की मांग की है। नगर के मोहल्ला चौक निवासी डॉ0 अफ्फान खान कहते हैं कि अधिकांश देखने को मिल रहा है कि चाय की दुकानो व होटलो पर ग्राहको को प्लास्टिक कोटेड कागज के कपो अथवा प्लास्टिक के कप में परोसी जा रही है। जिस का प्रयोग किये जाने से होने वाली हानियों का हवाला देते हुए उन्होंने इस दिशा में सख्त कदम उठाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में डॉ0 खान ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के डा0 वीर सिंह के अनुसार सिर्फ पन्नी ही नहीं बल्कि रिसाइकिल किये रंगीन या सफेद प्लास्टिक जार, कप या पन्नी में खाद्य एवं पेय पदार्थ का सेवन करना जानलेवा हो सकता है।

# सुभाष चंद्रा की व्यक्तिगत गारंटी मामले में एनसीएलटी के फैसले पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** जी समूह के संस्थापक सुभाष चंद्रा से जुड़े व्यक्तिगत गारंटी मामले में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ के 26 अगस्त के फैसले को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामले में करीब 22,006.57 करोड़ रुपये के दावे के मुकाबले लगभग 6.5 करोड़ रुपये के भुगतान वाली समाधान योजना को मंजूरी दिए जाने की बात सामने आई है। इसको लेकर सार्वजनिक धन और बैंकों के हितों की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए डॉ. दीपेंद्र चाहर ने फैसले की समीक्षा की मांग की है। मामले में बताया गया है कि सुभाष चंद्रा की ओर से अपनी निजी संपत्ति का मूल्य 6.5 करोड़ रुपये से कम बताया गया था। इसी आधार पर तैयार समाधान योजना को लेकर कुछ लेनदारों की ओर से आपत्तियां भी सामने आईं। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का करीब 1,322 करोड़ रुपये का दावा बताया गया है, जबकि प्रस्तावित समाधान के तहत उसे लगभग 38 लाख रुपये मिलने की बात कही गई है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया समेत अन्य बैंकों के दावों पर भी योजना का असर पड़ने की संभावना है। मामले की सुनवाई के दौरान एनसीएलटी के दो सदस्यों के बीच मतभेद की स्थिति बनी। इसके बाद मामला तीसरे सदस्य नीलेश शर्मा के समक्ष पहुंचा। उन्होंने दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता की धारा 114 के तहत समाधान योजना को मंजूरी दी। बताया गया है कि योजना को 80.81 प्रतिशत लेनदारों का समर्थन मिला। हालांकि, समाधान योजना के पक्ष में हुए मतदान को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि समर्थन करने वाले कुछ लेनदार एस्सेल समूह से जुड़े हो सकते हैं। ऐसे में संबंधित पक्षों के मतदान और संभावित हितों के टकराव को लेकर स्पष्टता की मांग की गई है। मामले में व्यक्तिगत गारंटर की संपत्तियों के आकलन को लेकर भी विवाद सामने आया है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस की ओर से कथित तौर पर यह सवाल उठाया गया कि स्वतंत्र अथवा फॉरेंसिक जांच के बिना गारंटर की ओर से बताई गई संपत्तियों के मूल्य को किस आधार पर स्वीकार किया गया। डॉ. चाहर का कहना है कि व्यक्तिगत गारंटर की वास्तविक संपत्तियों का स्वतंत्र तरीके से पता लगाया जाना चाहिए, ताकि लेनदारों के हित में अधिकतम वसूली सुनिश्चित की जा सके। उनका आरोप है कि संपत्तियों की पर्याप्त जांच के बिना बेहद कम राशि वाली समाधान योजना को मंजूरी देना सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के हितों के लिहाज से गंभीर विषय है। डॉ. चाहर ने व्यक्तिगत गारंटी से जुड़े मामलों के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि दिसंबर 2019 से अब तक करीब 5,186 मामले सामने आए हैं, लेकिन इनमें केवल 64 मामलों में समाधान योजना बन सकी। इन मामलों में औसत वसूली करीब एक प्रतिशत रहने का भी दावा किया गया है। उन्होंने चिंता जताई कि यदि व्यक्तिगत गारंटी मामलों में वसूली का स्तर इसी तरह बेहद कम रहा तो दिवाला प्रक्रिया बड़े कर्जदारों के लिए राहत का माध्यम बन सकती है। ऐसे मामलों में बैंकों और सार्वजनिक धन के हितों की रक्षा के लिए अधिक प्रभावी व्यवस्था की आवश्यकता है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने पीटीआई से बातचीत में 99.97 प्रतिशत हेयरकट के आंकड़े को भ्रामक बताया है। सूत्रों के अनुसार 22,006 करोड़ रुपये की पूरी राशि सुभाष चंद्रा का निजी कर्ज नहीं है, बल्कि इसमें कंपनियों की ओर से दी गई गारंटी से जुड़ी देनदारियां भी शामिल हैं। कंपनियों की ओर से करीब 1,494 करोड़ रुपये का भुगतान अलग से किए जाने की बात भी सामने आई है। इसलिए मामले में कुल दावे और व्यक्तिगत गारंटी के तहत देय राशि को अलग-अलग देखने की जरूरत बताई जा रही है। यही वजह है कि समाधान योजना के वास्तविक वित्तीय प्रभाव और बैंकों को होने वाली वसूली को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं।

# रक्षाबंधन पर्व पर दूषित मिठाइयां बेचकर मिलावटखोरो ने काटी चांदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** राखी बन्धन के त्यौहार के चलते राखी की दुकानों से बाजार पूरी तरह गुलजार थे, लेकिन सबसे ज्यादा भीड़ मिठाईयों की दुकानो पर थी। नगर की तमाम मिठाइयों की दुकानो पर एक पखवाड़ा से पहले ही रंग-विरंगी जहरीली मिठाइयों का स्टॉक करना शुरू कर दिया गया था। जिसकी त्यौहार के चलते धड़ल्ले से बिक्री की गयी। बताया जाता है मिठाई बनाने मे सबसे ज्यादा खपत खोये की होती है। अस्सी फीसदी मिठाइयों मे खोया व दूध का प्रयोग कर मिठाईयां बनाकर उनकी बिक्री की जाती है। लेकिन अधिक लाभ कमाने के चक्कर में दुकानदार मिलावटी व सिंथेटिक खोया से निर्मित मिठाईयों को बेंच रहे हैं, जोकि जनस्वास्थ्य के लिये बहुत बड़ा खतरा है। लेकिन सेहत महकमा व प्रशासन मूकदर्शक बने हुये है। सूत्रों द्वारा बताया जाता है कि फूड इस्पेक्टर व सेहत महकमा आदि को इसके लिये एक मुश्त महीना दिया जाता है। जिसके चलते छापामार कार्यवाही की औपचारिकता की रस्म अदायगी तो की जाती है लेकिन सही व निपक्ष कार्यवाही नही की जाती है। यदि अधिकारी जनस्वास्थ्य के कुप्रभाव को गम्भीरता लेकर ईमानदारी से कार्यवाही करते तो यहां के लालची मिठाई विक्रेताओं की जगह नोट गिनने मे नही जेल की चक्की पीसने में होगी। लेकिन प्रशासन की सहानुभूति के चलते नकली, सिंथेटिक, कैमिकल खोये से बनी रंग-बिरंगी मिठाईयों को धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। मां, बहन, बेटियां सभी इन नकली दूति जहरीली मिठाईयां खरीदने के लिये उमड़ती भीड़ का एक हिस्सा बनी हुई है। शायद वह मौत को दावत देने वाली इन मिठाइयों के गंभीर परिणामों से अनभिज्ञ हैं। लेकिन सेहत महकमे व प्राासनिक अधिकारियों को इसकी पूर्ण जानकारी होने के बाद भी वह मिलावटी कैमिकल युक्त दूषित मिठाइयों की सैम्पलिंग कर पांबदी लगाने की बजाये जेबे भरने मे लगे रहते बताये जाते है। परिणाम स्वरुप धड़ल्ले से मीठा जहर बेचने वाले दुकानदार रातो-रात करोड़पति हो रहे है। वहीं मिठाई के नाम पर लोगो को गंभीर बीमारियां परोसकर उन्हे पंगु व कर्जदार बना रहे है। बताया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिमाह कम से कम खाद्यान्न वस्तुओं की 5 सैम्पलिंग कराके जांच कराये जाने के आदेश है।

# डॉ राकेश केशरवानी राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोनीत





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश केसरवानी ने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय संयोजक श्री अनिल कुमार शर्मा के अनुमति पर डॉ राकेश केसरवानी को प्रदेश सचिव एवं श्री शक्ति गोस्वामी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। डॉ राकेश केसरवानी को प्रदेश सचिव एवं श्री शक्ति गोस्वामी जी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश के पदाधिकारी ने बधाई दिया है। बघाई देने वालो में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय नारायण भट्ट, शैलेन्द्र अग्निहोत्री, अन्नपूर्ण सिंह चंदेल, नीरज जायसवाल, राजेंद्र केसरवानी,रचना देवगन, दिव्या मिश्रा, अनिल वर्मा, उमेश वर्मा,लव सिंह यादव,अमन केसरवानी, सुभाष केसरवानी, अभिषेक ओझा, अभिषेक गुप्ता, राहुल केसरवानी, आलोक गुप्ता, योगेश केसरवानी, राम चन्द्र गुप्ता के अलावा तमाम पदाधिकारियों ने बघाई दिया है।

# रक्षाबंधन पर छात्राओं ने चौकी प्रभारी को बांधा रक्षासूत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** एमएसडी कॉलेज ऑफ लॉ एंड आईटीआई एवं एमएसडी स्किल हब के तत्वावधान में संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. राकेश केसरवानी के संयोजन में गुरुवार को रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफको फूलपुर चौकी प्रभारी रितेश उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि एमए सिद्दीकी रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने चौकी प्रभारी रितेश उपाध्याय को भाई का भाव देते हुए रोली-चंदन का तिलक लगाया और रक्षा सूत्र बांधा। इसके बाद आरती उतारकर उनके दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। भावुक एवं आत्मीय माहौल में चौकी प्रभारी ने भी सभी बहनों एवं छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्षासूत्र केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि सुरक्षा, विश्वास और जिम्मेदारी का संकल्प भी है। उन्होंने छात्राओं को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन की जानकारी दी। साथ ही सभी बहनों एवं छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बेटियों और बहनों की सुरक्षा पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और पुलिस हर कदम पर उनकी सुरक्षा के लिए उनके साथ खड़ी है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा आलोक गुप्ता ने किया। इस अवसर पर इफको चौकी के वरिष्ठ कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव, संस्थान के निदेशक इंजीनियर योगेश केसरवानी, प्रशिक्षक धीरेंद्र रंजन, रेयान मोमिन, श्रद्धा तिवारी, अब्दुल कलाम, राम बहादुर, गौरी यादव एवं नैतिक केसरवानी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त को सटीक सूचना पर भंडरा क्रासिंग से चक गरीबदास जाने वाली सड़क के पास से घेराबंदी करके दबोचा। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार बीते 27 अगस्त को एक महिला ने नैनी थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि विपक्षी ने उसकी 27 वर्षीय बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त मो. शहबाज पुत्र शहादत अली उर्फ बरसाती निवासी ग्राम भंडरा, नैनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी।

# धार्मिक नफरत फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर( पीलीभीत )।** सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए कुछ लोग धार्मिक नफरत फैलाने से तनिक भी नहीं सकुचा रहे हैं। रातों-रात फेमस होने की चाह में लगातार लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का काम किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है, लेकिन इस मामले में की जाने वाली कार्रवाई की गति इतनी धीमी है कि दूसरा पक्ष इसे अपनी उपेक्षा मानने को मजबूर हो रहा है। फिलहाल ऐसे ही एक मामले में आरोपी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग करते हुए मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आफ इंडिया के सदस्य ने युवाओं को कानून पर भरोसा रखने की बात कहते हुए प्रशासन से मामले में कड़ा रुख अख्तियार करने की मांग की है। विगत दिनों में देखा गया है कि आये दिन नगर आस-पास के गांव में कथित रूप से धार्मिक नफरत फैलाने और आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का ऑल इंडिया के सदस्य हाफिज़ नूर अहमद अजहरी ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अल्लाह रब्बुल आलमीन की मुकद्दस बारगाह के संबंध में नाकाबिले-बर्दाश्त शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हो रही हैं। हाफिज़ नूर अहमद अजहरी ने आरोप लगाया कि दूसरे क्षेत्रों से आकर कुछ लोगों के द्वारा शहर में नफरत फैलाने की कोशिशें की जा रही हैं। उनका कहना है कि कई बार प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों युवाओं के साथ बैठक कर उन्हें शांति और संयम बनाए रखने की अपील की गई है। युवाओं को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि किसी भी उकसावे या भड़कावे में नहीं आना है और कानून को हाथ में नहीं लेना है। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और सभी को कानून पर भरोसा रखना चाहिए। हाफिज़ नूर अहमद अजहरी ने कहा कि यदि किसी ने कानून का उल्लंघन किया है तो उचित समय पर कानून अपना काम करेगा। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कर शहर में सौहार्द और शांति बनाए रखने की मांग की है।

# यूजीसी जेआरएफ में प्रतिभा वर्मा ने पाई शानदार सफलता

**.......बहरौली गांव की बेटी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, अब यूपीएससी की तैयारी में जुटीं ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नगराम।** लखनऊ के नगराम क्षेत्र के बहरौली गांव की प्रतिभाशाली बेटी कुमारी प्रतिभा वर्मा ने यूजीसी जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा जून 2026 में सफलता हासिल कर गांव, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिभा की इस उपलब्धि से परिजनों, ग्रामीणों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। सफलता की जानकारी मिलते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। प्रतिभा वर्मा अनुसुइया और महेश वर्मा जौरास की सुपुत्री तथा जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा की भतीजी हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यूजीसी जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में सफलता हासिल की है। ग्रामीण अंचल से निकलकर मिली उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायक मानी जा रही है। प्रतिभा ने प्रारंभिक से लेकर उच्च शिक्षा तक का सफर कड़ी मेहनत के साथ पूरा किया। उन्होंने लाला गणेश प्रसाद वर्मा महाविद्यालय, गोसाईगंज से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और परास्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद बैजनाथ शिव कला महाविद्यालय, मंगलपुर, बाराबंकी से स्नातक और बीएड की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के दौरान उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर रहा और उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए नियमित रूप से कठिन परिश्रम किया। प्रतिभा की सफलता पर उनके चाचा एवं जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने खुशी जताते हुए कहा कि प्रतिभा बचपन से ही पढ़ाई में होनहार और कुशाग्र बुद्धि की रही हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन को कभी कम नहीं होने दिया। दिन-रात परिश्रम कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है, जिस पर पूरे परिवार को गर्व है। यूजीसी जेआरएफ परीक्षा में सफलता के बाद भी प्रतिभा ने अपने लक्ष्य को सीमित नहीं किया है। वर्तमान में वह संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटी हैं। उनका लक्ष्य सिविल सेवा में सफलता हासिल कर समाज और देश की सेवा करना है। प्रतिभा का परिवार भी शिक्षा और जनसेवा से जुड़ा रहा है। उनके बड़े भाई मंजीत वर्मा वर्तमान में जल निगम में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। परिवार में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल और मेहनत की प्रेरणा ने प्रतिभा को अपने लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभा की सफलता की खबर मिलते ही गांव और क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। स्थानीय ग्रामीणों, शिक्षकों, परिजनों और सहयोगियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिभा ने अपनी उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता ग्रामीण अंचल की उन छात्राओं के लिए भी प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखती हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत कर रही हैं।

# मामूली टक्कर के बाद दो दर्जन युवकों का बवाल, कार चालक को खींचकर पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के इमलियाखेड़ा गांव के पास शुक्रवार देर रात कार और स्कूटी की मामूली टक्कर के बाद दो दर्जन से अधिक युवकों ने जमकर बवाल किया। आरोप है कि स्कूटी सवार युवक के फोन करने के कुछ ही देर बाद करीब 15 बाइकों से युवक मौके पर पहुंच गए। युवकों ने कार चालक को घेरकर कार से बाहर खींच लिया और सड़क पर ही उसकी पिटाई कर दी। किसी तरह भीड़ के चंगुल से निकलकर कार चालक वहां से भागा तो युवकों ने कार में जमकर तोड़फोड़ कर दी। करीब एक घंटे तक चले हंगामे से मोहनलालगंज-मौरावां मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 10 बजे इमलियाखेड़ा गांव के पास कार संख्या यूपी32 जीक्यू 6517 और स्कूटी संख्या यूपी32 डीई 2966 में मामूली टक्कर हो गई। कार विजय कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी बरौली खलीलाबाद, थाना पीजीआई चला रहा था। टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान स्कूटी सवार युवक ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में करीब 15 बाइकों पर सवार होकर दो दर्जन से अधिक युवक मौके पर पहुंच गए और कार चालक को घेर लिया। आरोप है कि युवकों ने उसे कार से खींचकर बाहर निकाला और मारपीट शुरू कर दी। अचानक बड़ी संख्या में युवकों के पहुंचने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार चालक किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से निकल गया। इसके बाद युवकों ने कार को निशाना बनाते हुए उसके शीशे और अन्य हिस्सों में तोड़फोड़ कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवकों को वहां से हटाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। सिसेंडी चौकी प्रभारी अनूप सिंह के मुताबिक, मौके से पांच युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। पुलिस के अनुसार, गोबिंद पुत्र रामसनेही निवासी देवतीकरणपुर, पप्पू यादव निवासी अर्जुनगंज, सचिन पुत्र पप्पू यादव निवासी सजनापुर, अरुण रावत पुत्र विजय निवासी कल्ली पूरब घाघ, आशीष रावत पुत्र रामलखन निवासी कल्ली पूरब घाघ तथा आदित्य उर्फ लकी पुत्र रामराज निवासी बरौना को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को दोनों पक्षों की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। पुलिस मामले की जांच के साथ घटना में शामिल अन्य युवकों की भूमिका भी खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# श्रीभूमि सोनबील क्षेत्र के फाकुआ स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन के दो मिनट ठहराव की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि।** अनुसूचित जाति बहुल सोनबील क्षेत्र के फाकुआ गांव के विकास और क्षेत्रवासियों की यातायात सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुवाहाटी-दुल्लभछड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के फाकुआ रेलवे स्टेशन पर कम से कम दो मिनट के ठहराव की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इसी मांग को लेकर जनप्रतिनिधि एवं सेवानिवृत्त एडीसी नीलमणि दास ने गत 26 अगस्त को श्रीभूमि जिले के प्रभारी जिला आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। गुवाहाटी से दुल्लभछड़ा तक एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू होने से असम के विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों को सुविधा मिल रही है। स्थानीय लोगों ने इसके लिए सरकार, जनप्रतिनिधियों और रेलवे अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए फाकुआ में भी ट्रेन के ठहराव की मांग उठाई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, फाकुआ रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर वर्ष 2024 से ही मालीगांव स्थित रेलवे के संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क किया जा रहा है। इस संबंध में कई बार ज्ञापन भी सौंपे जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक इस मांग पर ठोस निर्णय नहीं होने से लोगों में निराशा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फाकुआ रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सोनबील क्षेत्र प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सोनबील की प्राकृतिक सुंदरता देखने के लिए विभिन्न स्थानों से विद्यार्थी, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि तथा सरकारी विभागों के अधिकारी भी पहुंचते हैं। ऐसे में फाकुआ स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होने से पर्यटकों और अन्य यात्रियों की आवाजाही अधिक सुविधाजनक हो सकती है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, सोनबील क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग मछली पालन, कृषि और पशुपालन पर निर्भर हैं। आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के अनेक मेधावी विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख करते हैं। फाकुआ में ट्रेन का ठहराव होने से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और आम यात्रियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है। लोगों का मानना है कि बेहतर रेल संपर्क से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार के नए अवसर पैदा होने तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना है। इसी मांग को लेकर करीमगंज सांसद कृपानाथ मालाह तथा जनप्रतिनिधि एवं सेवानिवृत्त एडीसी नीलमणि दास ने मालीगांव स्थित रेलवे के जीएम और डीआरएम से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर फाकुआ में ट्रेन के ठहराव की आवश्यकता से अवगत कराया था। उल्लेखनीय है कि गत 17 मार्च 2026 को लोकसभा में सांसद कृपानाथ मल्लाह ने दुल्लभछड़ा-गुवाहाटी एक्सप्रेस के फाकुआ सहित अरजीपुर और बिदारा स्टेशनों पर ठहराव की मांग भी उठाई थी। हालांकि, अब तक इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं होने के कारण नीलमणि दास ने गत 26 अगस्त को एक बार फिर श्रीभूमि जिले के प्रभारी जिला आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान मालीगांव स्थित रेलवे के जीएम को संबोधित एक अनुस्मारक पत्र भी सौंपा गया। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की संयुक्त पहल से फाकुआ रेलवे स्टेशन पर गुवाहाटी-दुल्लभछड़ा एक्सप्रेस ट्रेन को जल्द ही कम से कम दो मिनट का ठहराव मिलेगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ट्रेन का महज दो मिनट का ठहराव भी फाकुआ और आसपास के पिछड़े क्षेत्रों के लिए शिक्षा, पर्यटन, रोजगार, व्यापार और आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# सरकारी नाली बंद करने का विरोध पड़ा भारी, पिता-पुत्रों को पीटा; चार पर मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** सरकारी नाली बंद किए जाने का विरोध करना रायभानखेड़ा निवासी एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर चार लोगों ने युवक, उसके पिता और भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रायभानखेड़ा गांव निवासी दीपक पुत्र गंगा प्रसाद ने तहरीर देकर बताया कि बीते 13 अगस्त की रात करीब 10 बजे गांव में सरकारी नाली बंद किए जाने का उसने विरोध किया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज रजनीश, राजकमल, वीरेन्द्र और श्रीलाल, सभी निवासी रायभानखेड़ा, ने उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने दीपक, उसके पिता और भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित की शिकायत पर मोहनलालगंज पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत,

**मोहनलालगंज।** नगराम थाना क्षेत्र के समेसी कस्बे में स्थित एक निजी नर्सिंग होम में शुक्रवार को ऑपरेशन के जरिए जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद 24 वर्षीय प्रसूता की हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने नर्सिंग होम पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान समेसी गांव के मजरा कंचनखेड़ा निवासी दीपा (24) पत्नी अरविंद के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, दीपा को प्रसव के लिए समेसी स्थित केयर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को ऑपरेशन के जरिए उसने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। आरोप है कि डिलीवरी के बाद प्रसूता की हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन समय रहते समुचित इलाज नहीं मिला। हालत गंभीर होने पर उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया गया, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रसूता की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजन नर्सिंग होम पहुंच गए और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। सूचना पर नगराम पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। परिजनों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से फोन पर शिकायत कर नर्सिंग होम और इलाज करने वाले चिकित्सकों की जांच कराने की मांग भी की है।